सूर्योदय : 6:21
सूर्यास्त : 5:18
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-154 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 11 नवम्बर 2023
26 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत को जल्द मिलेगा एमक्यू-9बी ड्रोन: ऑस्टिन

- भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक हुई
- चीन के बारे में नहीं बात करते भारत और अमेरिका
- साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर भारत-अमेरिका की सेना काफी गंभीर



**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत, अमेरिका के बीच रणनीतिक मुद्दों पर सहमति बढ़ रही है। टू प्लस टू डायलॉग के पांचवें संस्करण के दौरान भारत के साथ बातचीत के बाद ऑस्टिन ने कहा, भारत को ड्रोन क्षमता जल्द से जल्द मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

ऑस्टिन ने कहा, हमने बैठक के दौरान सुरक्षा चुनौतियों और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे पर चर्चा की, लेकिन हमारी पूरी बातचीत केवल इसी मुद्दे पर केंद्रित नहीं रही। एमक्यू-9बी ड्रोन के संदर्भ में अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे आज कोई नई घोषणा नहीं करनी है। हम सही समय पर इसकी घोषणा करेंगे। हम सब कुछ कर रहे हैं ताकि भारत को यह क्षमता मिले। हम एक बख्तरबंद वाहन का सह-उत्पादन करने जा रहे हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, दोनों देशों के बीच साझेदारी स्वतंत्र, खुले और नियमों से बंधे भारत-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण÷ है। बता दें कि भारत की तरफ से राजनाथ के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

> "हम मजबूत रक्षा, औद्योगिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों में ढील, सभी क्षेत्रों में लचीली आपूर्ति श्रृंखला और समुद्री सुरक्षा को आगे बढ़ाकर सहयोग के नए रास्ते तैयार कर रहे हैं। भारत और अमेरिका दोनों को नए डोमेन के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए, जिससे सहयोग का और विस्तार हो सके।
>
> **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# अब होली पर भी मिलेगा फ्री सिलेंडर



- सीएम का धनतेरस पर बड़ा एलान
- 2,312 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धनतेरस के अवसर पर प्रदेश की माताओं-बहनों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने शुक्रवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों के लिए निशुल्क रसोई गैस सिलिंडर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान पर योगी सरकार 2,312 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस मौके पर सीएम ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में हमारी सरकार एक बार फिर फ्री में गैस सिलिंडर देगी। इसलिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थी अपने बैंक खातों को आधार से लिंक करवा लें। अभी 54 लाख लाभार्थियों के ही खाते आधार लिंक हैं। उन्होंने तेल कंपनियों के खाते में सब्सिडी की राशि भी बटन दबाकर भेजी। सीएम योगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लोक कल्याण संकल्प पत्र में की गई एक और घोषणा को हमारी सरकार पूरा कर रही है। वर्ष 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की तो देश से गैस की किल्लत समाप्त हुई। देखते ही देखते देश के अंदर 9 करोड़ 60 लाख परिवारों को पहली बार फ्री में गैस का कनेक्शन मिल पाया। इससे लगभग 50 करोड़ लोग लाभांवित हुए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी के लाभार्थियों को 300 रुपये सब्सिडी की अलग से सौगात दी है।















## शहर के लोगों के लिए मुसीबत बन गया रूट डायवर्जन

**लखीमपुर खीरी।** त्योहारी सीजन से पहले शहर से बाहर निकली राजापुर रेलवे क्रासिंग पर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। यहां रूट डायवर्जन किया गया लेकिन यह डायवर्जन शहर के लोगों के लिए मुसीबत बन गया। शहर के अन्दर से वाहन निकल रहे हैं। इससे पूरा शहर जाम से जूझ रहा है। सुबह से ही जाम लग जाता है। देर रात तक जाम से लोग जूझते रहते हैं। लोगों का कहना है कि त्योहार के बाद अगर रूट डायवर्जन किया जाता तो शहर के लोगों को इतनी जाम से नहीं जूझना पड़ता। राजापुर रेलवे क्रासिंग पर वाहनों का आवागमन बंद होने के बाद सीतापुर रोडपर जाने वाले वाहन शहर की नहर पटरी से निकल रहे हैं। यहां सुबह से ही जाम लग जाता है। इसके अलावा गोला की तरफ से आने वाले वाहन जिनको बहराइच की ओर जाना है वह नहर पटरी से निकल रहे हैं। शहर की खीरी रोड, गुरुनानक नहर पुलिया पर सीतापुर रोड, मेला मैदान रोड, ओवरब्रिज पर रोज जाम लग रहा है। जाम से लोग परेशान हैं। हालात यह है कि घरों को पहुंचने के लिए लोग गलियों से किसी तरह निकल रहे हैं। वैसे भी त्योहार पर शहर में भीड़ बढ़ जाती है इस बार तो त्योहार से पहले राजापुर क्रासिंग पर वाहनों को बंद करने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन हुआ संपन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने पजामा पार्टी, मिकी-माउस रेस, बैलेंसिंग रेस, बटरफ्लाई रेस, जोकर रेस, फ्लावर रेस मे पूर्ण उल्लास के साथ भाग लिया। श्रेष्ठ, आस्था, युग, आरोही, आदर्श, मृत्युंजय, प्रखर, आरोही आदि बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी विंग के बच्चों में जगि-जाग रेस, क्राउन रेस, बैलून रेस, म्यूजिक रेस आदि प्रतियोगिताओं मे बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया। आर्यन सिंह, आराध्या वर्मा, हरमन सिंह, श्रीजी मोहन, दृष्टि यादव, प्रज्ञा वर्मा आदि बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीता। जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में लॉन्ग जंप, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में प्रमुख छात्र निशात, प्रियदर्शी, ख्याति, पार्थ, उत्कर्ष, अनन्या, रितेश तथा सीनियर वर्ग में श्वेता पटेल, अविशाह, कशिश, देवांश, विशेष, आयुष्मान, अनमोलप्रीत आदि ने उत्कर्ष प्रदर्शन कर प्रथम स्थान बनाया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि यू.के.सिंह, परियोजना अधिकारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं खेलकूद को विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक बताया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया एवं सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## रफीक खान को बनाया गया प्रदेश सचिव



**मोहम्मदी-खीरी।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे रफीक खान को बनाया गया प्रदेश सचिव बताते चले रफीक खान को अल्पसंख्यक कांग्रेस की जिम्मेदारी खीरी की जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी 1 वर्ष पूर्व दी गई थी जिसका निर्वाहन रफीक खान ने बखूबी जिले में संगठन को मजबूती के साथ खड़ा किया रफीक खान की सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने रफीक खान को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया वही रफीक खान ने कहा जिस तरीके से मुझे अल्पसंख्यक कांग्रेस लखीमपुर का जिम्मा दिया गया था और मैंने पूरी तरीके से जिम्मेदारी पर खरा उतरने की कोशिश की और कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम लखनऊ मंडल प्रभारी अख्तर मलिक का शुक्रिया अदा करते हुए कहा जिस तरीके से हम पर भरोसा कर प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी का जिम्मा दिया गया है मैं उसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा तो वही अल्लामा इकबाल की जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से मदरसे में अल्लामा इकबाल की विश्व प्रसिद्ध रचना सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा का सामूहिक गायन कराया अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव रफीक खान ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा उर्दू भाषा को सम्मान और प्रोत्साहन दिया है उर्दू को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया है कि उर्दू पढ़ने वाले लोग मुख्यधारा में बने रहें और रफीक खान ने कहा कि उर्दू को सम्मान प्रोत्साहन और रोजगार से जोड़ने के लिए नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने 6 अक्टूबर 1989 को उर्दू को प्रदेश की दूसरी राजभाषा घोषित किया था कांग्रेस के बाद की सरकारो ने उर्दू को हतोत्साहित करने का काम किया और उर्दू से जुड़े रोजगार को या तो खत्म कर दिये या उस पर अपात्र लोगों का नियंत्रण हो गया इसीलिए मदरसा शिक्षकों का वेतन सरकार ने 7 सालों से रोक रखा है और कहा कांग्रेस की सरकार बनेगी तो मदरसा शिक्षकों का बकाया वेतन दिया जाएगा।

## 2,020 रुपये बरामद कर04 नफर अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा जकीउल्ला के मकान के सामने खाली जगह बहद ग्राम मौजमाबाद से 04 नफर अभियुक्तों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 2,020 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 557/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खेत में पेड़ पर फंदे से लटक कर युवक ने दी जान

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचागांव के एक युवक ने अपने खेत में पेड़ पर फंदे से लटक कर जान दे दी। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचागांव निवासी भूपराम अपने बेटे संजीव कुमार (34) के साथ थाना मोहम्मदी क्षेत्र के अयोध्यापुर में अपने फार्म पर गए थे। बताते हैं कि भूपराम खेत की जुताई कर घर चले आए। बेटा संजीव वहीं पर रुक गया, जो रात तक नहीं आया तो उसकी तलाश की गई। कुछ पता नहीं चला। सुबह खेत के पास एक पेड़ से उसका शव लटका मिला। बेटे की मौत से कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को उतार कर अंतिम संस्कार कर दिया है।

## धन्वंतरि जयंतीः वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर खीरी में आयुर्वेद दिवस 2023 की थीम आयुर्वेद फ़ॉर वन हेल्थ की टैग लाइन हर दिन हर किसी के लिए, आयुर्वेद के रूप में मनाई जाएगी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार के नेतृत्व एवं उपस्थित में अष्टम आयुर्वेद दिवस 2023 धन्वंतरि जयंती के अवसर पर वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया साथ ही सम्पूर्ण जिले आयुर्वेदिक अस्पतालों में धन्वंतरि जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई।चिकित्सा शिविर का उदघाटन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में आयुर्वेदिक प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुनीन्द्र प्रताप,डॉ. रुक्मेश मिश्रा, डॉ. रिशु सिंह होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. हरीलाल भार्गव, डॉ. विनोद कुमार वर्मा, फार्मासिस्ट अंकित कुमार,समीक्षा वर्मा यूनानी चिकित्सक डॉ. शफीक अहमद सहित योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमितकुमार, शशिकांत दीक्षित ने अपनी-अपनी विधा से सम्बंधित लगभग 557 मरीजों का परीक्षण कर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी औषधियों का वितरण किया। इस दौरान जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह , फार्मासिस्ट देवेंद्र कुमार चौबे, अरविंद कुमार वर्मा, भृत्य सुनील कुमार,रमाशंकर श्रीवास्तव सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# चोरी का माल के साथ चार गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** कोतवाली महोली पुलिस ने चोरी की वारदातों का राजफाश करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। महोली कोतवाली पुलिस टीम ने इलाके के हरदासपुर गांव के करीब छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने राजू पाल पुत्र रामसागर निवासी रामपुर भिखाग्रंट थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी, दीपक कुमार पुत्र विश्राम निवासी.मदारीपुर थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी, महिपाल पुत्र गजराज निवासी रामपुर भिखाग्रंट थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी, अंकुल पुत्र रविंद्र कुमार निवसी चुरईपुरवा थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी किये गये 9 ट्रैक्टर ट्राली की पटिया, 1 ट्राली का हुक व एक कार बरामद की। वहीं पुलिस ने राजू के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बोर बरामद किया है। पुलिस ने कोतवाली में दर्ज चोरी के केस का राजफाश किया है। वहीं अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में महोली कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# फूलबेहड़ के खभारखेड़ा गांव में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राशन दुकानों में आसानी से खाद्यान्न पहुंचाने और उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील सदर, ब्लॉक फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत खभारखेड़ा में अन्नपूर्णा भवन मॉडल राशन की दुकान की सौगात मिली। इनका निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया गया।खंभारखेड़ा गांव में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता को लेकर शासन ने कई निर्णय लिए। मशीनों के जरिए अनाज का वितरण करवाया तो वहीं कोटेदारों का कमीशन बढ़ाया। दुकानों पर राशन भिजवाने की व्यस्था की। वहीं अगले चरण में उचित दर दुकानों को अन्नपूर्णा मॉडल उचित दर दुकान के रूप में तब्दील किया जा रहा। खाद्य एवं रसद विभाग की राशन दुकानों के अपग्रेडेशन के संबंध में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान एक महत्वपूर्ण कदम है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अन्नपूर्णा मॉडल दुकान में राशन कार्डधारकों को निर्धारित तिथियों में खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटे एवं ई-पॉस मशीन का उपयोग किया जाए। इस दौरान एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, डीएसओ अंजनी



कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी पीयूष कुमार सिंह, ग्राम प्रधान बहोरी लाल सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## यूपीएस खंभारखेड़ा में डीएम ने हेड मास्टर को सौंपे दो नए कंप्यूटर सेट

# डीएम, सीडीओ ने मिड डे मील शेड का शिलान्यास

उच्च प्राथमिक विद्यालय खंभारखेड़ा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग हेडमास्टर मोहिनी श्रीवास्तव को ग्राम निधि से क्रय किए गए दो कंप्यूटर सेट प्रदान किए। डीएम ने कहा कि प्रदान किए गए कंप्यूटर सिस्टम का उपयोग करते हुए बच्चों को कंप्यूटर में दक्ष बनाएं। उन्होंने नौनिहालों को दुलारा और सीडीओ संग चॉकलेट और बिस्कुट आदि सामग्री वितरित की। डीएम ने विज्ञान कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद विज्ञान कक्षा में नौनिहालों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन किया। इसके बाद डीएम ने सीडीओ और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह के साथ विद्यालय परिसर में मिड डे मील सेट का पूजन अर्चन कर पर पूरे विधि विधान से शिलान्यास किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी (सदर) पीयूष सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार’

**सीतापुर।** पिसावां थाना टीम चेकिंग के दौरान नितिन उर्फ पहाड़ी पुत्र शिवगोपाल निवासी ग्राम पिसावां व थाना पिसावां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने नितिन के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## मिठाई की दुकानों पर छापेमारी

**सीतापुर।** खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासन की टीम ने तहसील मिश्रिख व नीमसार क्षेत्र में दुकानों पर छापेमारी की। जहां से 1 नमूना बूंदी लड्डु का, 1 छेना मिठाई, 1 मिल्कपुडिंग एवं 1 पेड़ा का नमूना लियाा। टीम-2 ने तहसील लहरपुर क्षेत्र में 3 नमूना छेना रसगुल्ला एवं 1 बर्फी का नमूना लिया। टीम में एसपी सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुभाष बाबू यादव, शोभनाथ, प्रीति वर्मा, संदीप कुमार सिंह, प्रभु कुमार चौधरी, ज्ञान प्रकाश सिंह पटेल शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को जिलाधिकारी ने प्रदान किया चेक



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ में लाभार्थियों को चेक प्रदान करने का जिसका सीधा प्रसारण बचत भवन में देखा गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के समस्त लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण माह नवम्बर से दिसम्बर, 2023 में 01 निःशुल्क गैस रिफिल एवम् द्वितीय चरण माह जनवरी से मार्च, 2024 तक 01 निःशुल्क गैस रिफिल उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्रकार प्रथम व द्वितीय चरण में कुल 02 निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जायेगें। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके आधार उनके बैंक खाते से लिंक होगें तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वहीं उक्त योजना हेतु पात्र होगें तथा उन्हें ही निःशुल्क गैस सिलेण्डर वितरित किया जायेगा।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल हेतु अपने गैस एजेन्सी पर जायेगें, जहाँ वह गैस का निर्धारित मूल्य जमा कर गैस रिफिल प्राप्त करेंगे, जिसका भुगतान सम्बन्धित ऑयल कम्पनियों द्वारा आधार प्रमाणीकरण के उपरान्त 05 दिवस के अन्दर उनके आधार लिंक बैंक खाते में अन्तरित किया जायेगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा) प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी विमल कुमार शुक्ला के अतिरिक्त सभी लाभार्थी उपस्थित थे।

# आयुर्वेद दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम







*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** राजकीय इण्टर कालेज में शुक्रवार को आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस मौके परं स्कूल के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने किया। प्रभातफेरी जीआईसी चौराहा से लालबाग, आँख अस्पताल, महाबीर पार्क होते हुए हुए पुनः राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में पहुंची।

कॉलेज में पहुंचने के बाद प्रभात फेरी का समापन किया गया। इस प्रभात फेरी में विभिन्न कालेजों के 500 बच्चों ने हिस्सा लिया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्कूल प्रांगण में पौध रोपण भी किया गया। प्रभातफेरी सम्पन्न होने के उपरान्त जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा जीआईसी स्कूल के बच्चों द्वारा किये जा रहे योगाभ्यास एवं भाषण प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जीआईसी प्रांगण में आयुर्वेदिक औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आयुर्वेद के महत्व के विषय में जानकारी देते हुये कहा कि आयुर्वेद का जन्म भारत में हुआ था। चिकित्सा की अन्य पद्धतियां आने से पहले आयुर्वेद से ही लोगों का इलाज किया जाता था। उन्होंने कहा कि पहले आयुर्वेद का ज्ञान सीमित था, परन्तु वर्तमान समय में आयुर्वेद की उपयोगिता और ज्ञान में निरन्तर वृद्धि हो रही है। व्यापक स्तर पर इनका प्रयोग भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अपने आस-पास लगे पौधों के औषधीय गुण का ज्ञान होने से आवश्यकतानुसार इनका प्रयोग कर सकेंगे। नियमित रूप से योग अवश्य करें। उन्होंने प्राचार्य जीआईसी से कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को नियमित रूप से योगाभ्यास अवश्य करवायें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सुरेश कुमार सचान, डा अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# धनतेरस बाजार हुई गुलजार, लोगों ने जमकर की खरीददारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** शुक्रवार को धनतेरस पर्व की पूरे जिले की बाजारों में धूम रही। लोगों ने शगुन के तौर पर अपने बजट के हिसाब पर खरीदारी की। बर्तन की दुकानों के साथ ही आभूषणों, दोपहिया वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

धनतेरस पर दुकानों का हाल यह था कि फुटपाथों पर भी दुकानें सजी नजर आई। शहर लालबाग, पड़ाव की बाजार के अलावा जेल रोड के फुटपाथ ने भी बाजार का रूप ले लिया। दिन चढ़ने के साथ भीड़ बढ़ती चली गई। बर्तन की दुकानों व आभूषण विक्रेताओं के यहां सर्वाधिक भीड़ नजर आई। सराफा व्यवसायियों के मुताबिक चांदी निर्मित डॉलर नोट व सिक्के लोगों की पहली पसंद रहे। तमाम लोगों ने चांदी के गणेश-लक्ष्मी भी खरीदे। सराफा बाजार में जिलेभर में करीब तीन करोड़ की बिक्री होने का अनुमान है। ऑटोमोबाइल्स बाजार में भी दिन भर रौनक नजर आई। जिले में रविवार को भी लगभग



400 बाइकें बिकीं। जिले भर में दो करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन व इतनी ही कीमत के चार पहिया वाहन बिकने का अनुमान है। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीद भी खूब हुई। परंपरानुसार लाई, खील व चीनी की कुल्हियों की भी खरीदारी ग्राहकों ने की। देर रात तक बर्तन, आभूषण, श्रीगणेश-लक्ष्मी, कपडे और पूजन सामग्री की दुकानें ग्राहकों से भरी नजर आई। इसके अतिरिक्त जिले के बिसवां, महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली, मिश्रिख तहसीलों समेत अन्य ग्रामीण अंचलों में भी मोटरसाइकिल के शोरूमों, आभूषण व बर्तन की दुकानों समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर जमकर खरीदारी की गई। कुल मिलाकर धनतेरस पर्व पर पूरा दिन बाजार गुलजार रही ही, वहीं देर रात तक बाजार में भीड़ देखी गई।

## राइज़िंग चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का लिया संकल्प



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइज़िंग चाइल्ड स्कूल मे दीपावली के शुभ अवसर पर दीप उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राइज़िंग चाइल्ड स्कूल के प्री प्राइमरी, प्राइमरी एवं जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने जमकर धमाल बचायी। इस मौके पर ÷आयी दीवाली, आयी दिवाली÷, ÷दीपों का आया त्योहार÷ आदि दीवाली गीतों पर जमकर धमाल मचाई।इस दौरान विद्यालय में रंगोली, ग्रीटिंग कार्ड, दीपक सज्जा, थाली सज्जा, कलश सज्जा प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमे तिश्या, यथार्थ, मरियम, अविशा, अवन्तिका, आदविका, कनक, जैनब, वाघमी, अक्षरा, नव्या, अमरेन्द्र, रवनीत, ईरा आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा।प्रतियोगिता के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने धनतेरस एवं दीपावली मनाएँ जाने के कारण एवं महत्व को विस्तार से बताया। विद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, एडवोकेट ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दिया तथा तेज आवाज वाले पटाखों से बचने की अपील किया। प्राइमरी विंग से आठंवी तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कक्षा को सुंदर तरीके से सजाया।

# रिबोर कार्य का भूमि पूजन करते महापौर डॉ. अजय कुमार

## पानी जांच हेतु न. निगम में होगा प्रयोगशाला का निर्माण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** महानगर के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम परिसर में पानी की जांच के लिए एक प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी इसके अलावा महानगर के सभी लोगों तक पेयजल आपूर्ति के लिए चार नये नलकूप तथा 15 मिनी नलकूपों का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा शहर में दस स्थानों पर 35 हॉर्स पावर के दस नलकूप भी रिबोर होंगे। वार्ड 38 के विष्णुधाम न्यू माधव नगर में कार्य कुशाल महापौर डॉ.अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुमंबर ने 35 हॉर्सपावर के एक नलकूप रिबोर कार्य का भूमि पूजन कर शुरुआत की नगर निगम ने महानगर में पेयजल आपूर्ति को और सुदृढ़ करने तथा सभी लोगों तक पेयजल पहुंचाने के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। महाप्रबंधक जलकल ने बताया कि कार्यदायी संस्था जलनिगम द्वारा ये कार्य किये जायेंगे। 15 वें वित्त से महानगर में



35 एच पी के चार सबमर्सिबल मोटर पम्प सेट अधिष्ठापन, पम्प हाउस निर्माण का कार्य कराया जायेगा। इनमें एक वार्ड संख्या 59 चकरोता रोड सेवादल स्टेडियम, दूसरा वार्ड संख्या 29 बेरीबाग रणजीत नगर, तीसरा वार्ड संख्या सात जाटव नगर नाला पटरी तथा चतुर्थ वार्ड संख्या 58 गालिब रसूल चौक में निर्माण कराया जायेगा। पंद्रहवें वित्त से ही नगर निगम परिसर में समय समय पर पेयजल की जांच के लिए एक पानी टेस्टिंग के लिए लैब का निर्माण भी कराया जायेगा। पंद्रहवें वित्त से ही 15 एच पी की क्षमता वाले सबमर्सिबल मोटर पम्प सेट अधिष्ठापन एवं छोटे पम्प हाउस निर्माण कराया जायेगा। इनमें वार्ड 28 जनकनगर इंद्रा बस्ती व देहरादून चौक पटेल की मूति के पीछे पीर वाली गली, वार्ड 61 आजाद कॉलोनी राणा पैलेस के निकट, वार्ड 32 सनातन धर्म मंदिर वाली गली, वार्ड 56 फरमान बस्ती अंग्रेजों के कब्रिस्तान के पास, वार्ड 59 मटिया महल आर्य कन्या इण्टर कॉलेज के पास, वार्ड 67 हबीबगढ़, वार्ड 35 जवाहर पार्क, वार्ड 50 शिवालिक बैंक के पास, वार्ड 26 प्रकाश लोक कॉलोनी पार्क, वार्ड 43 पीरजियों का चौक,वार्ड 54 नूरबस्ती, वार्ड 62 पिलखन तला चौक, वार्ड 53जैन बाग के पीछे तिकोना पार्क में मिनी नलकूपों का निर्माण कराया जायेगा इनके अतिरिक्त महानगर के विभिन्न वार्डो में 35 एचपी के दस नलकूपों को रिबोर कराने का कार्य भी कराया जायेगा। रिबोर कराने वाले नलकूपों में वार्ड 19राधा विहार कॉलोनी, वार्ड 47 नवाबगंज चौक, वार्ड 54 चकरोता रोड ओवर हैड टैंक परिसर, वार्ड 43 शाहनूर जी, वार्ड 18 लेबर कॉलोनी पुलिस चौकी के पास, वार्ड 38 विष्णुधाम न्यू माधोनगर, वार्ड 17 गढ़ी मलूक तिकोना पार्क, वार्ड 55 मिशन कम्पाउंड मंदिर परिसर, वार्ड 27 प्रेमपुरी कॉलोनी, वार्ड 66 कमेला कॉलोनी स्लाटर हाउस के नलकूपों को रिबोर कराया जायेगा। वार्ड 38 के विष्णुधाम न्यू माधव नगर में महापौर डॉ.अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने 35 हॉर्सपावर के एक नलकूप रिबोर कार्य का भूमि पूजन कर शुरुआत की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, राकेश जैन के अलावा पार्षद वीरसेन सिद्धू, नीरज शर्मा, मनोज प्रजापति, संजीव करनवाल व अमित मित्तल सहित भाजपा के अनेक नेता शामिल रहे।

## अष्टम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी अष्टम् आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में उ0प्र0 सरकार द्वारा हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद के तहत इन्दिरा गाँधी उद्यान में प्रातः 7 बजे आयुष विभाग द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनमानस ने योगा अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक और उसके लाभो के बारे में जन जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर यूनानी,आयुर्वेद,सिद्ध चिकित्सा के स्टाल भी लगाए गए। डा0 रवि प्रकाश सोनकर,क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम जनपद में समय-समय पर होते रहते हैं, जिनमें लोगों को प्राचीन चिकित्सा पद्धति के बारे में जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी ,नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र, जिला अर्थ एवं सांख्यकीय अधिकारी पन्नालाल, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी उपस्थित रहे।




सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भाजपा
प्रवीण पटेल
वरिष्ठ बीजेपी नेता
विधायक फूलपुर प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एस. के. मिश्रा
निदेशक, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल
नैनी प्रयागराज
इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनोज पांडेय
सपा नेता समाजसेवी
इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आर. के. वर्मा
सपा नेता
विधायक रानी गंज विधासनभा प्रतापगढ़
फूलपुर लोकसभा प्रयागराज

# धूमधाम से मनाई गई भगवान धन्वंतरि जयंती, बताया जीवन मे आयुर्वेद का महत्व

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भगवान धन्वन्तरि का जन्मदिन जयंती के रूप में घण्टाघर के निकट स्थित वैद्यनाथ भवन में बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाई गई। उपस्थित वैद्यजनो ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर अपने विचार रखे और आयुर्वेद को स्वस्थ शरीर की आवश्यकता बताया। रज्जाकपुर के वैद्य एस विशाल वर्मा ने बताया आयु का अर्थ है जीवन और वेद का अर्थ है सार अर्थात जो विज्ञान जीवन का सार है वह आयुर्वेद है। यह विज्ञान मनुष्य के सामाजिक, आध्यात्मिक व मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना सिखाता है यह एक ऐसा विज्ञान है कि जो न केवल रोग को ठीक करता है बल्कि रोगों की रोकथाम भी करता है। कार्यक्रम की शुरुआत शरद कुमार जैन एवं डॉ एस विशाल वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई भगवान धन्वंतरि व आयुर्वेदिक वनस्पतियों (जडी बूटी) की पूजा अर्चना कर निरोगी स्वास्थ्य समाज हेतू भगवान से प्रार्थना समस्त उपस्थित वैद्यो द्वारा की गई। एलोवेरा (धिक्कार) की उपयोगिता के बारे में बोलते हुए डॉ अमरीश वर्मा ने कहा कि धिक्कार का सेवन अगर रोज कराया जाए तो जोड़ों का दर्द, पेट सम्बंधित बीमारी एवं बालों की बीमारी से राहत मिलती है। डॉ यू डी मिश्रा ने शरीर के तीन दोषो का एक सांस्कृतिक श्लोक द्वारा वर्णन किया। डॉ एन के चौधरी ने अनेक जटिल बीमारियों पर भू आवला व सर्वसुलभ नीम की महत्व बताई। डॉ अनूप ने पीपल के कोमल पत्तों से हृदय चिकित्सा प्रयोग की अत्यंत सरल विधि विस्तार से बताइ। इस समारोह में जनपद के अनेकों वैद्यौ के साथ मुख्य रूप से डॉ एस विशाल वर्मा, डॉ अमरीश वर्मा, डॉ आशीष वर्मा, डॉ अनूप, डॉ यू डी मिश्रा, डॉ एन के चौधरी, डॉ शशी अवस्थी, डॉ दीक्षा सिंध, डॉ उमर, पवन वैद्य सूर्यकांत वैद्य, बैद्यनाथ कंपनी से नवीन श्रीवास्तव, शर्मायु से राकेश गुप्ता, इंद्रजीत, सोनू, नीलू, देवांशी, वैभवी, शुभी प्रासुक आज समारोह में उपस्थित रहे। अंत में मनोहर दास पदम कुमार जैन प्रतिष्ठान के प्रबंधक द्वारा आए हुए वैद्यो के स्वागत के साथ प्रसाद वितरित करते हुए शरद जैन ने आज के कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद दिया।

## दीपावली पर्व की बहार, धनतेरस से गुलजार हुआ बाजार

**बाराबंकी।** दौड़भाग भरी जिंदगी को थोड़ा ब्रेक देते हुए लोगबाग दीपावली त्योहार के लिए जोश से लबरेज हैं। खरीददारी के लिए सजा बाजार ग्राहकों से पट गया है। पर्व से जुड़ा हर सामान बाजार में उपलब्ध है। आज शुक्रवार को लगी सट्टी बाजार से लेकर हर मार्ग पर लोगों का तांता लगा रहा। सराफा, बर्तन, कपड़े, मिठाई, खिलौने, चूरा, लइया समेत तमाम चीजों की हजारों दुकानें सजी हैं। शुक्रवार को धनतेरस के दिन करीब दो अरब का कारोबार हुआ। घंटाघर सराफा बाजार में शोरूम और दुकानें सज गई हैं। अंगूठी से हार तक की बिक्री के लिए सराफा बाजार पूरी तरह से तैयार है। जयपुरी सेट, जोधपुरी कलेक्शन, नवरतन चूड़ी, दक्षिण भारतीय ज्वैलरी अलग ही चमक बिखेर रहे हैं। गुजरात की नक्काशी, राजस्थान की मीनाकारी और जयपुर के जड़ाऊ जेवर आदि का खूब क्रेज रहा।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार हुआ स्वागत



**बेलहरा बाराबंकी।** विकास खंड निंदूरा में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र कुर्सी पर कार्यभार ग्रहण किया। उक्त अवसर पर विकासखंड निंदूरा के शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों एवं बीआरसी स्टाफ ने बुके देकर एवम माला पहनाकर नवागत का स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में वरिष्ठ समन्वयक संदीप कुमार वर्मा, हरि प्रकाश शुक्ल, ओमकार वर्मा ,कोमल कुमार, शिव शंकर सिंह ÷ कौशल÷, गौरव कुमार त्रिवेदी, हिमेश ठाकुर ,जगदीश प्रसाद एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ सुलोचना मौर्य ,मोहम्मद वासिफ, रंजीत यादव, मोहम्मद आसिफ, विष्णु कुमार वर्मा ,रामचंद्र यादव, अनामिका श्रीवास्तव ,शालिनी ठाकुर, श्वेता सिंह आंसू ,सुशील सैनी, सत्येंद्र भास्कर, उमाकांत पांडे समेत अनेक शिक्षक रहे। सभी ने खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया एवं उनके साथ उनके मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि आपके विकास खंड की मुखिया का चार्ज पाने के नाते मैं शिक्षकों की हर समस्या का समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगी।

# कृषि निवेश मेले एवं कृषक गोष्ठी मे 8500 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं आत्मा योजनान्तर्गत बंकी, मसौली, रामनगर, सूरतगंज, फतेहपुर, पूरेडलई, बनीकोडर, सिद्धौर एवं त्रिवेदीगंज के विकास खण्डस्तरीय रवी कृषि निवेश मेले एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही पीओएस मशीन के माध्यम से रवी बीजों के निःशुल्क मिनीकिट वितरण भी हुआ।

विकास खण्ड बंकी एवं मसीली के कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से पल्हरी प्रक्षेत्र स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में मुख्य विकास अधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जहाँ 315 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण सम्बन्धित विकास खण्ड के कृषकों को कराया गया। इस कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन गुरूशरण सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन वर्मा, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, भूमि सरंक्षण अधिकारी, गोमती डा0 कौशलेन्द्र पाल सिंह एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों एवं निजी विक्रेताओं द्वारा कृषकोपयोगी स्टाल भी लगाये गये। उप कृषि निदेशक द्वारा रबी सत्र में कृषि निवेशों की उपलब्धता, विभागीय योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को अनुमन्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुये प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

विकास खण्ड सिद्धौर के कार्यक्रम का आयोजन बीज भण्डार परिसर, सिद्धौर में विधायक, जैदपुर, गौरव रावत के मुख्य आतिथ्य में किया गया जहां 425 मिनीकिट का निःशुल्क वितरण सिद्धौर विकास खण्ड के कृषकों को कराया गया।

## रंगोली प्रतियोगिता में इन्द्र व वरुण हाउस के बच्चियों ने मारी बाजी

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र स्थित रेडिएंश एकेडमी जिगिनिहा बैरियर कोल्हुई बाजार महराजगंज व ओमएसएसवीएम लालपुर मे धनतेरस तथा धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय की बच्चियों के बीच हाउस वाइज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई।

इस प्रतियोगिता में क्रमशः सूर्य, चन्द्र, इन्द्र व वरुण हाउस से पांच पांच बच्चियों ने अपनी सहभागिता निभाई।यह प्रतियोगिता कुल मिलाकर डेढ़ घंटे चली। रागिनी, संध्या,अंशी,साक्षी, संध्या सहानी ने चन्द्र हाउस, सृष्टि,सिद्धि, अंकिता,दीप शिखाव प्रियांशी इन्द्र हाउस,उपांशी, हर्षिता, श्वेता, काजल, महक व साक्षी सूर्य हाउस तथा सादिया, मीनाक्षी, श्वेता, साहिबा व प्रिया ने वरुण हाउस से अपनी भूमिका निभाई। जिसमें जज के रूप में उपस्थित संस्था के चेयरमैन डाक्टर

बिजय पी त्रिपाठी व प्रबंध निदेशक ओपी त्रिपाठी ने बच्चियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे रंगोली के थीम को जाना तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।अंत मे संस्था के प्रधानाचार्य वाई के चौरसिया ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अभियुक्तों को मिली सजा

**बाराबंकी।** सूबे में चल रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में दो अभियुक्तों को कारावास व अर्थदंड भुगतने की सजा सुनाई है।

बाराबंकी पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना कोतवाली नगर पर मादक पदार्थ की तस्करी के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 सिराज पुत्र चुन्ना निवासी मरीमाता मंदिर बालागंज बक्कस की लकड़ी के ठेली के पास ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 11 माह का कठोर कारावास व 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी तरह थाना रामसनेहीघाट पर मादक पदार्थ की तस्करी के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश पाण्डेय पुत्र रामकुमार पाण्डेय निवासी अलागनी का पुरवा थाना रामसनेहीघाट को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 10 माह का कठोर कारावास व 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# अधिकारियों ने दीपोत्सव स्थलों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने आई जी प्रवीण कुमार,



जिलाधिकारी नितीश कुमार ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर के साथ दीपोत्सव स्थल राम की पैड़ी पर बनाई गई समस्त दीर्घाओं,दीप प्रज्जवलन स्थलों ,मुख्य मंच सहित सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर समस्त तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। समस्त दीर्घाओं में बैठने की व्यवस्था बेहतर से बेहतर करने तथा सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इन दौरान अन्य प्रमुख दीपोत्सव स्थलों का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एडीएम0 सिटी मेलाधिकारी सलिल पटेल सहित अन्य सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवम पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रामनगरी दीपोत्सव में विश्व रिकार्ड बनाने का तैयार

## विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम द्वारा दीयों की गणना जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या दीपोत्सव में वालंटियर्स के सहयोग से 24 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित करने की तैयारी पूरी की गई। दोपहर में गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम द्वारा 51 घाटों के दीए की गणना पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वालंटियर की मौजूदगी में शुरू हुई। विवि की कुलपति प्रो0 गोयल द्वारा प्रान्तीयकृत दीपात्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप पदाधिकारियों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी दीपोत्सव को लेकर अति उत्साहित है। सभी के सहयोग से पुनः विश्व कीर्तिमान बनायेंगे। विवि प्रशासन द्वारा वालंटियर्स एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। दीये में तेल भरने के लिए एक-एक लीटर सरसों की बोतल दी जायेगी। सावधानीपूर्वक 30 दीए में डालेंगे। इनके द्वारा दीये का ऊपरी हिस्सा कुछ खाली रखा जायेगा। तेल घाट पर न गिरे इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। वालंटियर्स द्वारा 1 लीटर तेल की बोतल खाली होने के पश्चात पुनः उसी गत्ते में वापस सुरक्षित रखी जायेगी। दीये में तेल डालने के पश्चात बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाएंगे जिससे वालंटियर्स को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी होगी। प्रत्येक घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल तथा अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयको को उपलब्ध करा दी जायेगी। दीयों को प्रज्वलित करने वाले स्वयंसेवक, समन्वयक सूती कपड़ों में, जो ढीले न हो, में ही घाटों पर उपस्थित रहेंगे और प्रज्वलित करते समय अपना व दूसरों का भी ध्यान रखेंगे। विवि प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को 51 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीयों को सजाने के कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया। इसकी तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय ने 12 पर्यवेक्षक, 95 घाट प्रभारी, 1000 व 60 के करीब गणना वालंटियर्स बनाये है। इनकी निगरानी में दीपोत्सव में 24 लाख से अधिक दीये प्रज्ज्वलित होंगे। दीपोत्सव की भव्यता के लिए घाट संख्या दस पर फाइन आर्ट्स की शिक्षिकाओं की देखरेख में रामायणकालीन प्रसंग राम दरबार को दीए से सजाया गया है जो अपने में छठा बिखेर रही है। इसके अलावा वालंटियर्स द्वारा 25 हजार से अधिक 16 गुणे 16 दीए का ब्लाक बनाया गया है। जिसमें 256 दीए सजाये गये है। जिनमें एक वालंटियर्स द्वारा 85 से 90 दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि 11 नवम्बर दीपोत्सव अद्भुत, आलौकिक होगा। कुलपति के दिशा-निर्देशन में घाटों पर दीए सुसज्जित किए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला प्रशासन के सहयोग से कार्य को अंतिम रूप दिया गया है। 51 घाटों पर दीयों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन व विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही है। शनिवार को दीपोत्सव के दिन प्रातः 10 बजे से पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वालंटियर्स की देखरेख में 24 लाख से अधिक दीए में तेल डालने, बाती लगाने व देर शाम शासन द्वारा नियत समय पर दीए प्रज्जवलित किए जायेंगे। गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम द्वारा सभी घाटों के दीपों की गणना की जा रही है। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए समस्त वालंटियर्स को पदाधिकारियों द्वारा यथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

# विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र संगोष्ठी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले के चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज सिरसिंडा में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र संगोष्ठी मनाया गया समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी कमल नयन दास थे। वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कमल नयन दास व चंद्रबली सिंह इंटर कॉलेज भाजपा नेत्री स्वाति सिंह ने की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया छात्र-छात्राओं ने नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया कई छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया पर्यावरण पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र - छात्राओं, छोटे छोटे बच्चों ने दिया। कार्यक्रम के दौरान सौ से अधिक समाजसेवियों पत्रकारों पुरातन छात्रों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतीत महंत कमलनयन दास ने कहा शिक्षित व्यक्ति ही समाज का दर्पण है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही देश व समाज को नई दिशा दे सकता है स्वाति सिंह महानगर मंत्री अयोध्या ने कहा के विद्यालय पहली बार इतनी भव्य तरीके से वार्षिकोत्सव के साथ-साथ पुरातन छात्रों की संगोष्ठी भी आयोजित की गई है । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए मुझको लगता है कि इन सब गुणों में विद्यालय सबसे अव्वल स्थान है ।जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन



भी किया शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए।

## दीपोत्सव का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** बारुन बाजार स्थित ओ? एन एकेडमी विद्यालय में धनतेरस के दिन दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद है विद्यालय में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी विशाल दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा रहा छात्र-छात्राओं में गजब का उत्साह रहा बच्चे सुबह से ही रंगोली बनाने में जुट गए जहां सोनाक्षी पांडेय ने सीता जी का किरदार निभाकर सबको नत मस्तक करने पर मजबूर कर दिया वहीं पर श्री राम का किरदार अंश प्रजापति ने किया कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले युवा समाजसेवी रविंद्र पांडेय ने बताया कि अयोध्या को विश्व पर्यटन के क्षेत्र में एवं विशाल राम मंदिर बनने उपलक्ष में विद्यालय प्रांगण में भव्य दीपोत्सव सरकार के निर्देशानुसार मनाया जाता है दीपावली का त्योहार समृद्धि एवं वैभव का त्यौहार इसमें सभी जाति के लोग शामिल होते हैं आपस में मिठाइयां बांटते हैं पटाखे फोड़ते हैं इसमें सभी लोग भेदभाव मिटाकर गले मिलते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व करूणा दिवस

**सहारनपुर।** इन्फेंट जीजस स्कूल में विश्व करूणा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को आपसी सद्भाव व प्रेम को बढ़ाने का संदेश दिया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या लौरेना सिमलाई ने किया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर विश्व में शांति सद्भाव बनाये रखने का संदेश दिया। बच्चों ने बड़े ही मार्मिक ढंग से अनूठी प्रस्तुति देकर आगुन्तकों को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। स्कूल प्रधानाचार्या लौरेना सिमलाई ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में बच्चों को शुरू से ही करूणा का भाव जाग्रत करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि उनमें करूणा का भाव रहेगा, तो वह दूसरो को आपसी सद्भाव व प्रेम का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के मन में करूणा आ जाये, तो वह दूसरों के लिए भी मददगार साबित होता है और इससे विश्व में भी शाति व्यवस्था बनी रहती है।

# धूमधाम से मनाया वरिष्ठ नागरिकों ने दीपावली महोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वरिष्ठ नागरिकों की संस्था सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी द्वारा दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने दिए जलाकर दीवाली मनाई तथा उपहार वितरित कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

दिल्ली रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक, नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डा. अजय सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सेठी आदि ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीपोत्सव मनाते हुए की। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि सहारनपुर पुलिस वरिष्ठ नागरिकों की सेवा हेतु सदैव तत्पर है एवं हमारा यह प्रयास है कि हम मासिक बैठकों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की हर संभव सहायता कर सकें एवं वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान कर सके। महापौर डा. अजय कुमार ने कहा कि जिस देश में 40 प्रतिशत युवा व 16 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक बौद्धिक सम्पदा वाले नागरिक है उस देश को विश्व गुरू बनने से कोई नही रोक सकता बस आवश्यक्ता है युवाओं को बौद्धिक सम्पदा से मिलाने की उनका



मार्गदर्शन प्राप्त करने की। महापौर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिये क्षेत्रवार तमाम सुविधाओं से लैस डे-बोर्डिंग मनोरंजन कक्ष खोले जाने की घोषणा भी की।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हर क्षेत्र में आगें रहकर कार्य करते आयें हैं चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो या राजनीतिक क्षेत्र वरिष्ठ नागरिक हमेशा समाज को प्रेरणा प्रदान करने का कार्य कर रहें हैं। संस्थापक केएल अरोडा ने कहा कि हम सब वरिष्ठ नागरिक आज यहां दीपावली के इस पावन पर्व को मनाने के लिए एकत्रित हुए है। हम सब वरिष्ठ नागरिकों का यह दायित्व है कि हम जितना अधिक हो स्वदेशी समान का उपयोग करें तथा अपने घरों के बच्चों को दीपावली मनाने का सांस्कृतिक महत्व बताएं।

सरस्वती विहार स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा योग विद्या पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी की प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर संस्था की नई सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक आरके हांडा, यशपाल मालिक, पूजा मलिक, अध्यक्ष हरजीत सिंह आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को दिपावली की शुभकामनाएं दी।

# रंगोली प्रतियोगिता में इन्द्र व वरुण हाउस के बच्चियों ने मारी बाजी



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र स्थित रेडिएंश एकेडमी जिगिनिहा बैरियर कोल्हुई बाजार महराजगंज व ओमएसएसवीएम लालपुर मे धनतेरस तथा धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय की बच्चियों के बीच हाउस वाइज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में क्रमशः सूर्य, चन्द्र, इन्द्र व वरुण हाउस से पांच पांच बच्चियों ने अपनी सहभागिता निभाई।यह प्रतियोगिता कुल मिलाकर डेढ़ घंटे चली। रागिनी, संध्या,अंशी,साक्षी, संध्या सहानी ने चन्द्र हाउस, सृष्टि,सिद्धि, अंकिता,दीप शिखाव प्रियांशी इन्द्र हाउस,उपांशी, हर्षिता, श्वेता, काजल, महक व साक्षी सूर्य हाउस तथा सादिया, मीनाक्षी, श्वेता, साहिबा व प्रिया ने वरुण हाउस से अपनी भूमिका निभाई। जिसमें जज के रूप में उपस्थित संस्था के चेयरमैन डाक्टर बिजय पी त्रिपाठी व प्रबंध निदेशक ओपी त्रिपाठी ने बच्चियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे रंगोली के थीम को जाना तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।अंत मे संस्था के प्रधानाचार्य वाई के चौरसिया ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 5 करोड़ का बजट जारीः राजीव

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर की मांग पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा 1.04 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 5 करोड रुपए का बजट ज़ारी किया है।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने जुलाई माह में लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद व कुंवर बृजेश सिंह से पेपर मिल फाटक से नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज तक सड़क के चौड़ीकरण व निर्माण की मांग की थी जिस पर कार्यवाही करते हुए लगभग 5 करोड रुपए की स्वीकृति दी गई है। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद व कुंवर बृजेश सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि रेलवे ओवरब्रिज से पेपर मिल फाटक तक कम चौड़ाई होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति रहती है । सड़क के चौड़ीकरण का कार्य होने से आवागमन में सभी को सुविधा

# लाभार्थियों को वितरित किया गया रसोई गैस सिलेंडर

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में प्रदेश के पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर वितरण अभियान के तहत मुख्यमंत्री द्वारा सजीव प्रसारण कार्यक्रम का सीधा संवाद कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित लाभार्थियों को दिखाया गया उक्त योजनान्तर्गत 10 पात्र महिलाओं को विधायक पनियरा ज्ञानेन्द्र सिंह एवं सदर जयमंगल कन्नौजिया द्वारा रसोई गैस दीपावली व होली पर दिये जाने के क्रम में द्रोपदी, बिन्दू, रेनू, इन्द्रावती सरिता, सुमित्रा, रीता देवी, गुड्डी देवी,रीता रामरती देवी को सांकेतिक प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। शेष लाभार्थियो को प्रमाण -पत्र जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि उज्वला योजना 2016 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सत्ता में आने के बाद शुरू हुआ। इससे पूर्व अधिकांश समय तक कांग्रेस सत्ता में रही। लेकिन उस समय हालत यह थी कि एक सांसद को अपने क्षेत्र में लोगों को देने के लिए मात्र 10



कनेक्शन का कोटा दिया जाता था। अधिकांश घरों में महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाती थीं और खतरनाक प्रदूषण का शिकार होती थीं।

विधायक पनियरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सत्ता में आने के बाद स्थिति बदल गई। जहां पहले सिलिंडर लेने के लिए लाइन लगाना पड़ता था, अब एजेंसियां सिलेंडर देने के लिए लाइन लगाती हैं। प्रदेश के मुखिया योगी जी ने दीपावली और होली पर अतिरिक्त सिलिंडर देने की घोषणा की है और इसके लिए प्रदेश सरकार 2300 सौ करोड़ रुपए खर्च कर रही है। खास बता यह है कि इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है। पात्रता के आधार पर सभी धर्म और समुदाय के लोगों को बिना भेदभाव के योजना का लाभ मिल रहा है सदर विधायक द्वारा धनतेरस व दीपावली पर्व की शुभकामनाये देते हुए इस योजना के पात्र गरीब महिलाओं को बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच है कि समान रूप से सभी गरीब महिलाओं को इसका लाभ मिले। जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनप्रतिनिधिगण और उपस्थित महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि माताओं व बहनों को सिलिंडर का उपहार हर्ष का विषय है, उनके आशीर्वाद से सभी कार्य अच्छे ढंग से होते हैं। आज प्रदेश के साथ जनपद में भी 2500 सिलिंडर का उपहार मिला है। उम्मीद है कि इसी प्रकार निरंतर माताओं व बहनों के लिए कार्य होते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने किया इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह, एआरओ मीरा राय सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में धूम धाम से मनाया गया दीपोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में दीवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता और दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी चार हाऊस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। अवलोकन का कार्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण राव एवं विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य बलराम पटेल ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रीन हाउस, द्वितीय स्थान येलो हाउस व तृतीय स्थान ब्लू हाउस और रेड हाउस को मिला। दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्लू हाउस, द्वितीय स्थान येलो हाउस एवं तृतीय स्थान रेड हाऊस और ग्रीन हाउस को मिला। इस कार्यक्रम में, सूर्य लाल मौर्या, विपिन यादव, नाजिया खातून, रंजना गुप्ता, स्नेहा चौहान, पायल शर्मा, अंकिता यादव, देवेश त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, विनय सिंह, मिथलेश वर्मा, अनिल सहानी, अमित सहानी, करिश्मा सहानी, अनामिका यादव, काजल वर्मा, अंकिता चौहान, नंदिनी चौहान, इत्यादि बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सह निदेशक आशुतोष मिश्र ने छोटे छोटे बच्चों के प्रयास को जमकर सराहा। सभी विजेता प्रतिभागियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि जब जब इन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रर्दशित करने का अवसर मिला है तब इन बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के निदेशक जीवेश मिश्रा ने पूरे विद्यालय परिवार को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी।



# एसडीएम व बीडीओ के हाथों पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र पाकर खिले हिन्दुस्तान ओलिंपियाड के प्रतिभागियों के चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत डुमरियागंज स्थित सेंट स्टीफेंस स्कूल व श्री गुरू नानक एकेडमी के जिन छात्र छात्राओं ने ओलंपियाड परीक्षा में प्रतिभाग किया था, उनमें से टापर को इक्कीस सौ रूपये का चेक समेत सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। एसडीएम प्रवेन्द्र कुमार, बीडीओ अमित सिंह और प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के हाथों हिन्दुस्तान समूह की तरफ से पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र पाकर सभी चेहरे खिल उठे। वहीं स्कूलों के जिम्मेदारों ने हिन्दुस्तान अखबार के इस परीक्षा के आयोजन की सराहना कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमताओं एवं प्रतिभा के पैमाने के वस्तुपरक आकलन के उद्देश्य से दैनिक हिंदुस्तान समाचार समूह (एचएमवीएल) द्वारा हर साल हिन्दुस्तान ओलिंपियाड नामक लोकप्रिय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें डुमरियागंज? स्थित सेंट स्टीफेंस स्कूल के 38 व श्री गुरू नानक एकेडमी के 33 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर परीक्षा दिया था। जिसका सितम्बर माह परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सेंट स्टीफेंस स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा साक्षी पाण्डेय ने अपनी कक्षा में जिला स्तर पर टाप किया है। शुक्रवार को सेंट स्टीफेंस स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में साक्षी को इक्कीस सौ रूपए का चेक व प्रशस्ति पत्र सहित सभी प्रतिभागियों को एसडीएम प्रवेन्द्र कुमार व प्रधानाचार्य शशांक पाण्डेय के सौंपा गया। वहीं श्रीगुरू नानक एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में सभी प्रतिभागियों को बीडीओ अमित सिंह व प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय और प्रबंधक परमजीत सिंह भाटिया के हाथों सम्मानित किया गया। एसडीएम, बीडीओ समैत अन्य अतिथियों व स्कूल के जिम्मेदारों ने इस तरह के आयोजन के लिए हिन्दुस्तान का आभार व साधुवाद करते हुए बच्चों से भी अगले हिन्दुस्तान ओलिंपियाड में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत करने की नसीहत दिया। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विद्यार्थियों के लिए हिंदुस्तान ओलंपियाड काफी उपयोगी सिद्ध हो रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह इसकी परीक्षा होती है। प्राथमिक व माध्यमिक जूनियर स्तर के बच्चों को, इस परीक्षा में शामिल कराया जाना हिंदुस्तान का अनूठा पहल है।

**सारांश श्रीवास्तव, सेंट स्टीफैंस स्कूल डुमरियागंज**

### प्रतिभागियों में साझा किया अनुभव

शुरुआती दौर के पढ़ाई के दौरान इस तरह की परीक्षा में सम्मिलित होना बहुत ही अच्छा लगा। ऐसे परीक्षाओं में सम्मिलित होने से मनोबल बढ़ता है। हिंदुस्तान समाचार पत्र का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

**साक्षी पाण्डेय, सेंट स्टीफैंस स्कूल डुमरियागंज**

# कमीश्नर बस्ती के माध्यम से बस्ती मंडल मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** नीतीश कुमार की टिप्पणी को असभ्य बताते हुए महामहीम राष्ट्रपति से बिहार सरकार को बर्खास्त किये जाने के लोकहित में भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व के योजनानुसार कमिश्नरी मुख्यालयो पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधानसभा के सदन पटल पर महिलाओ को लेकर की गयी अश्लील अभद्र और लज्जाजनक शब्दावली पर कड़ी आपत्ति के साथ प्रदर्शन कर महामहीम राष्ट्रपति को संबोधित कमीश्नर बस्ती के माध्यम से बस्ती मंडल मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी की अगुवाई में क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द नन्हे, बस्ती किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, संतकबीरनगर जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सिद्धार्थनगर जिलाध्यक्ष अजय शर्मा सहित मोर्चा के पदाधिकारीयो ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कचहरी से कमिश्नर कार्यालय तक पैदल मार्च किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी ने कहाँ की बिहार सरकार के मुख्यमंत्री का आचरण और सदन पटल पर उनका संबोधन अत्यंत लज्जाजनक अशोभनीय है। बेटियों को लेकर अशोभनीय अश्लील और न कहे जाने वाले शब्दों का ओक्षा प्रयोग करके बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संसदीय लोकतंत्र की लोकतान्त्रिक मर्यादाओं पर गहरा आघात व अक्षम्य अपराध किया है, ऐसी अश्लील सोच की विकृत मानसिकता वाले का मुख्यमंत्री पद पर रहना मर्यादित लोकतंत्र के लिए कलंक पूर्ण है। नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री बने रहने का किसी भी दशा में उचित नहीं है। इसलिए नारी के सम्मान में किसान मोर्चा मैदान में नारे के साथ महामहीम राष्ट्रपति जी से नितीश सरकार के बर्खास्ती का अनुरोध किया है। क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द नन्हे ने कहाँ की जब से भाजपा के साथ नीतीश कुमार का गठबन्धन टूटा है तब से इनकी मानसिकता में विकृतिया आ गई है। इस मौके पर जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा, नागेन्द्र बहादुर सिंह, वरुण पाण्डेय, पी एन सिंह, अजीत शुक्ल, उमेश तिवारी, अवनीश सिंह, प्रिंस उपाध्याय, धर्मेन्द्र मिश्र, संदीप पाण्डेय, राम अचल मौर्या, जय प्रकाश, अब्दुल गफ्फार, शुभम पाण्डेय, मनीष शुक्ल, संतोष पाण्डेय, अशोक कुमार, पवन शुक्ल, अनुराग शुक्ल, ज्ञानेंद्र मिश्र, सुबास कन्नौजिया सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी एसटीएफ ने दो कर्मचारियों सहित तीन को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** युवक को नशीला इंजेक्शन देकर करोड़ों रुपए की जमीन को महज 20 लाख रुपए में एग्रीमेंट कराने के बहुचर्चित धोखाधड़ी के मामले में यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को अकबरपुर नगर पालिका के दो कर्मचारियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने सीजेएम की अदालत में पेश किया, जिसके बाद पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस मामले में गत दिनों एसटीएफ पूर्व विधायक पवन पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नगर के नासिरपुर बरवां की चम्पा सिंह ने गत वर्ष अकबरपुर कोतवाली में नगर के कोटवा महमदपुर निवासी पूर्व विधायक पवन पांडेय पुत्र जगमोहन पांडेय समेत दर्जन भर लोगों के विरुद्ध साजिश एवं धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

चम्पा सिंह का आरोप है कि उसके पुत्र अजय नारायण सिंह को पवन पांडेय एवं उनके समर्थक मुकेश तिवारी, गोविन्द यादव, लालबहादुर सिंह एवं दीपनरायण शर्मा ने नशीला इंजेक्शन देकर 2020 में नगर में स्थित करोड़ों की जमीन को महज 20 लाख रुपए में एग्रीमेंट करा लिया। इस मामले में नामजद पूर्व विधायक पवन कुमार पांडेय, गोविन्द एवं दीपनरायन शर्मा पूर्व में जेल जा चुके हैं जबकि अकबरपुर नगर पालिका के कर्मचारी अजय तिवारी एवं जयराम यादव परिवार रजिस्टर में फर्जी तरीके से नीतू सिंह का नाम बढ़ाने का आरोप है कि संतोष मिश्रा मामले में गवाह थे। लखनऊ से आई यूपी एसटीएफ की टीम ने आरोपी अजय तिवारी, जयराम यादव एवं संतोष मिश्रा को गिरफ्तार कर अकबरपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिद्धार्थनगर।** धनतेरस पर्व के शुभ अवसर पर अष्टम् आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण तथा अधिवक्तागण की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में डा0 शेर बहादुर चिकित्साधिकारी राआचि. मोहाने, देवदत्त त्रिपाठी चीफ/फार्मेसिस्ट राआचि. अशोगवां एवं स्टाफगण द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं वादकारीगण की स्वास्थ्य की जाँच करते हुए औषधि प्राप्त कराया। उक्त चिकित्सा शिविर में कुल 265 व्यक्तियों द्वारा अपनी स्वास्थ्य की जाँच करायी गई।

# ज्ञान स्मारक महिला महाविद्यालय में मनाया गया दीपोत्सव पर्व

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** हर्ष उल्लास के साथ दिव्य दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न ज्ञान स्मारक महिला महाविद्यालय आलमपुर अमरताल अंबेडकर नगर में दिनांक 9 नवंबर 2023 को अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ द्वितीय दिव्या दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतीत जिला विद्यालय निरीक्षक अंबेडकर नगर श्री गिरीश कुमार सिंह ने ने भगवान श्री राम एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्लन कर किया। मुख्य अतिथि दीपोत्सव का महत्व बताते हुए मानव जीवन में धर्म और सकारात्मक प्रवृत्तियों को आत्मसात करने का आवाहन किया सदा चरण और कठोर प्रयास से मानव जीवन में हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है कार्यक्रम में विशिष्ट अतीत के रूप में पधारे जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर रजनीश सिंह ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक के साथ एकाग्रचित होकर जीवन में उन्नत करने का मंत्र दिया विद्यार्थी जीवन का 4 साल बनाम 40 वर्ष का मंत्र दिया यदि 4 वर्ष कठोर परिश्रम कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जाए तो आगामी जीवन का 40 वर्ष सुख में रहेगा डॉक्टर रजनीश सिंह जी ने थॉमस अल्वा एडस ऑन और उनकी मां के उदाहरण भी दिया की मां एक अपनी सकारात्मक संकल्प से अपने बच्चों को किस ऊंचाई तक पहुंचा सकती है साथ ही महाविद्यालय को हर प्रकार से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में विशिष्ट अतीत के रूप में उपस्थित नवजोत इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री हृदय माल मिश्रा जी ने सनातन संस्कृति का महत्व और धर्म के अनुकूल आचरण पर बोल दिया महाविद्यालय के संरक्षक प्रोफेसर ए के सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए भारतीय सनातन धर्म में दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कथा में कृष्ण व गोपियों के महारास का किया मार्मिक वर्णन



**बस्ती /हर्रैया अवधनामा संवाददाता।** परशुरामपुर विकास क्षेत्र के माचा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास राधेश्याम शात्री ने गुरुवार को भगवान कृष्ण व गोपियों के बीच रास की कथा मार्मिक वर्णन किया। कथा में बताया कि रास का बहुत ही गूढ अर्थ है। इसका बहुत ही विराट रूप है। पहला तो यही कि इस जगत के विनियोग में, इसके निर्माण में, इसके सृजन में जो मूल आधार है, वह है ब्रह्म जीव माध्यम है जगत स्थान है।बताया कि एक मकान हम बनाते हैं, एक द्वार हम बनाते हैं, तो द्वार में उलटी ईट लगा कर अर्धचन्द्र बन जाता है। एक-दूसरे के खिलाफ लगी ईट पूरे भवन को संभाल लेती हैं। हम चाहें तो एक सी ईट लगा सकते हैं। तब द्वार नहीं बनेगा, और भवन तो उठेगा नहीं। शक्ति जब दो हिस्सों में विभाजित हो जाती है, तो खेल शुरू हो जाता है। शक्ति का दो हिस्सों में विभाजित हो जाना ही जीवन की समस्त पर्तों पर, समस्त पहलुओं पर खेल की शुरुआत है। शक्ति एक हो जाती है, खेल बंद हो जाता है। शक्ति एक हो जाती है तो प्रलय हो जाती है। शक्ति दो में बंट जाती है तो सृजन हो जाता है।रास का जो अर्थ है, वह सृष्टि की जो धारा है, उस धारा का ही गहरे से गहरा सूचक है। जीवन दो विरोधियों के बीच खेल है।

# क्षय रोग से बचाव हेतु बच्चों को बीसीजी की वैक्सीन अवश्य लगवाए: डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

**अवधनामा संवाददाता**



- भनवापुर ब्लॉक के हथपरा गांव मे आयोजित माता बैठक में दी गई जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के हथपरा गांव में शुक्रवार को संचार गतिविधि के अंतर्गत माता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा व प्रधान संघ अध्यक्ष लालजी शुक्ला के उपस्थिति में गांव के लोगों के साथ महिलाओं को बीमारियों व बीसीजी वैक्सीन के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। माता बैठक में उपस्थित लोगों को डॉ.ओझा ने बताया कि अपने बच्चों को बीसीजी की वैक्सीन लगवा कर क्षय रोग (टीबी) जैसी घातक व जानलेवा बीमारी से बचाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक से खांसी आना, बलगम में खून का आना, भूख का ना लगना, शाम के समय बुखार होना, अचानक से वजन कम होना, सीने में दर्द होना आदि क्षय रोग के मुख्य लक्षण होते हैं। क्षय रोग से ग्राषित रोगी के संपर्क में आने पर गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को तथा बच्चों में क्षय रोग होने की संभावना अधिक होती है। राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अच्छी गुणवत्तायुक्त निशुल्क दवाओ से सरकारी चिकित्सालय में क्षय रोग का इलाज संभव है। निश्चय पोषण योजना के तहत क्षय रोगियों को भरण पोषण के लिए 500 रुपए भी दिए जाते हैं। प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष लालजी शुक्ला ने लोगों को टीकाकरण कार्यक्रम, प्रसव पूर्व जांच में तथा संस्थागत प्रसव करवाने में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील किया। इस दौरान ग्राम प्रधान तफसीर, मेराज अहमद, सूर्य देव सिंह, दिनेश मिश्रा, मंगल, रामावती रीना, सोनी, शुभम आदि मौजूद रहे।

## खबर का असर, इंचार्ज पद से हटाया गया शिक्षक, पत्रकारों के ऊपर लगा रहा झूठा आरोप

**अजीत मौर्य**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आमामाफी में इंचार्ज पद पर तैनात प्रधानाध्यापक को समाचार पत्रों में प्रकाशित विद्यालय के समाचार को संज्ञान में लेकर विभाग द्वारा पद से च्युत कर दिया गया। विभाग द्वारा की गई उपरोक्त अल्प कार्यवाई से क्षुब्ध इंचार्ज प्रधानाध्यापक रहे पुष्कर नाथ त्रिपाठी पत्रकारों की गरिमा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। आमामाफी प्राथमिक विद्यालय पर चल रहे निर्माण कार्य में संबंधित ठेकेदार द्वारा मानक की अनदेखी कर कार्य कराया जा रहा था। नाम गुप्त रखने की शर्त पर कुछ ग्रामीणों द्वारा इस बावत सूचना पत्रकारों को मिली। सूचना की पुष्टि करने विद्यालय पर पहुंचे ग्राम्यवार्ता के पत्रकार अजीत मौर्या व उनके एक पत्रकार साथी द्वारा काम करवा रहे इंचार्ज प्रधानाध्यापक से कार्य से संबंधित निर्धारित मानक व मौके पर मिली खामियों के बावत पूछताछ करना इतना नागवार लगा कि वह उल्टे पत्रकारों पर ही बिफर कर उल्टा सीधा बोलने लगे। उन्हें क्रोधित देख पत्रकारों ने समाचार के लिए मौके का फोटो लिया और लौट आए। 09 नवम्बर को अखबारों में प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए विभागीय कार्यवाई के तहत इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद से हटा दिया गया ऐसा खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसी अखिलेश कुमार सिंह द्वारा जानकारी दी गई। जानकारी मिली है कि विभागीय कार्यवाई से बौखलाए इंचार्ज प्रधानाध्यापक रहे पुष्कर नाथ त्रिपाठी स्वयं की खामियों को छिपाने तथा पत्रकारों की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से पत्रकारों पर ही अनर्गल व बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं जो सरासर गलत है।

# प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से श्रेष्ठता का पता चलता है: बीपी त्रिपाठी

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी स्थित दयानंद एवं आर्यकन्या विद्यालय के प्रांगण मे अलग अलग कक्षाओं की छात्राओं के मध्य आयोजित हुई प्रतियोगिता में कक्षा दस की छात्राओं ने प्रथम स्थान पाकर प्रतियोगिता में विजयी हुई। प्राप्त खबर के अनुसार विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुई प्रतियोगिता में क्रमशः कक्षा 8, 9 तथा 10 की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

रंगोली को बेहतर ढंग से बनाने में घंटो का समय लगा। इसके पश्चात रंगोली का निरीक्षण करने गए विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने कक्षा दस की छात्राओं को विजयी घोषित किया। इस तरह कक्षा 10 छात्राएं प्रथम, 9 द्वितीय तथा कक्षा 8 की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपस में अच्छे कार्यो के लिए प्रति स्पर्धा होनी चाहिए, प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से आपकी योग्यता और श्रेष्ठता का पता चलता है और जीत होने पर आप सम्मानित किए जाते है जिससे हर जगह आपको लोग अलग दृष्टि से देखने के साथ ही आपका सम्मान करते है। रंगोली प्रतियोगिता विद्यालय की अध्यापिका वर्षा वर्मा और शिवानी मोदनवाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इस आयोजन के लिए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद द्विवेदी, वीपी शुक्ला और जुग्गीराम राही ने प्रतिभागियों तथा कार्यक्रम को संपन्न कराने वाली अध्यापिकाओं को शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय की छात्रा सुजैन खान, अनामिका मौर्या, शिवानी, अनोखी वर्मा, कोमल नेहा आदि छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या शीला पाण्डेय, श्रीमती रेणुका श्रीवास्तव, रीता शाही, प्रतिभा पटवा, कृष्णा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## वित्त राज्य मंत्री ने दी शुभकामनाएं

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी के आवास पर पहुंचकर उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का कुशल क्षेम जाना और सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। गुरुवार की देर शाम को विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के घरुआर स्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी के आवास पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी करीब आधे घण्टे तक रुककर वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से कुशलक्षेम जाना और उपस्थित जनों को दीपावली शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को प्रतीक चिह्न भेट कर आशीष ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ चौधरी, भाजपा नेता राजेश उर्फ पप्पू पाठक, राजू शाही, त्रियुगीनाथ अग्रहरि, अजय प्रताप यादव, राजेश पाठक, शिवांश मिश्र, चिनकु चौधरी, शैलेश पाण्डेय, भारत चौधरी, शैलेंद्र पाण्डेय, रामराज कन्नौजिया, अमित मौर्य, बृजेश अग्रहरि, ध्रुप चतुर्वेदी, भोला चौधरी, अनुपम शुक्ला आदि शुभेक्षु जन मौजूद रहे।

# सीएम ने किया उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



- जिले में कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण
- सांसद, विधायकगण, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने जनपदवासियों को धनतेरस व दीपावली की दी बधाई

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क एलपीजी सिलेण्डर (रिफिल) प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शुक्रवार को सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा महिलाओं की समस्याओं को देखते हुये उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। महिलाएं लकड़ी से चूल्हे पर खाना बनाती थी तो उसके धूंए से आंख की बीमारी, फेफड़े की बीमारी आदि से ग्रसित हो जाती थी, जिसकी समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों को दीपावली एवं होली त्यौहार अच्छे से मना सके इसके लिए उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क 2 रसोई गैस सिलिण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र लाभार्थी लाभान्वित होंगे। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होगी। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा महिलाओ का सम्मान करते हुए एवं उनकी समस्याओ देखते हुए नि:शुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया गया।प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उप्र द्वारा अपने संकल्प पत्र में दीपावली एवं होली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क रसोई गैस देने का निर्णय लिया गया था जिसके सापेक्ष दिया जा रहा है। पहले त्यौहारो पर सिलेण्डर नहीं मिल पाता था वर्ष में सिर्फ 9 सिलेण्डर मिलता था। आज सरकार द्वारा प्रतिमाह एक सिलेण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा महिलाओ का सम्मान बढ़ाने के लिए गैस कनेक्शन, आवास एवं शौचालय देकर किया जा रहा है। सभी की दीपावली खुशी से मने इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा आज उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जा रहा है। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि आज सभी को सरकारी योजनाओ का लाभ विभिन्न माध्यमों से दिया जा रहा है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि महिलाओ का सम्मान करते हुए सभी योजनाओ का लाभ महिलाओ के नाम से दिया जा रहा है। पूरी पारदर्शिता के साथ योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए निरन्तर कार्य कर रही है जिससे महिलाए सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 1 लाख 90 हजार लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा रहा है। जो लोग केवाईसी नही कराये वे अपना केवाईसी करा ले जिससे सब्सिडी सीधे खाते में जा सके। उज्ज्वला योजना का लाभ 1 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तथा 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 के बीच में ले सकते है। सांसद, विधायकगण, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने जनपदवासियो को दीपावली, धनतेरस की बधाई दी। इस दौरान अतिथियों द्वारा 10 लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से चेक प्रदान किया गया। गैस एसोशिएसन अध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

# रावण वध व राज्याभिषेक के साथ श्रीरामलीला का हुआ समापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज क्षेत्र के बढ़नीचाफा कस्बे में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्रीराम लीला कार्यक्रम का गुरूवार की रात श्रीराम राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया। श्रीराम लीला कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कलाकारों ने मंचन के दौरान दिखाया कि 14 वर्ष तक वनवास व रावण का वध करने के बाद जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अयोध्या पहुंचे, तो नगरवासियों ने दीपक जलाकर उनका भव्य स्वागत किया। गुरु वशिष्ठ ने श्री राम का तिलक कर उन्हें गद्दी सौंपी और भगवान श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। अभिषेक होते ही नर, किन्नर, गंधर्व, अप्सरा व स्वर्ग से देवताओं ने पुष्प वर्षा किया। श्री राम का राज्याभिषेक होते ही चारो ओर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पूरा मैदान शंखों की नाद से गूंज उठा। श्री राम राज्याभिषेक के साक्षी बनने को मौजूद दर्शकों ने एक स्वर में जय श्री राम का जयघोष चारों दिशाओं में फैला दिया। इस दौरान श्री राम का किरदार निभा रहें नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने राम लीला के समापन पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया तथा कार्यक्रम में लगे सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को रामचरित मानस व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा, मंटू पाण्डेय, शैलैन्द्र गुप्ता, विद्यासागर, अमित गुप्ता, राहुल दूबे, प्रमोद गौतम, रामनिवास यादव, मनीष श्रीवास्तव, राकेश यादव, विवेक श्रीवास्तव, प्रमोद गौतम, राजेश पाण्डेय, शैलेंद्र गुप्ता, गोपाल अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## माननीयों को पुरानी पेंशन तो कर्मचारियों से परहेज क्यों

संविधान की अवधारणा ही है, हम भारत के लोग। इसमें कहीं भी मैं शब्द का उल्लेख नहीं है। लेकिन सरकारें है कि, अहं ब्रह्मास्मि को ही सब कुछ मानती हैं। अपना भला होना चाहिए, चाहे जैसे भी हो। लेकिन वह व्यक्ति जो 60 वर्ष की उम्र में सरकार का सहयोग करके आया हो। उसके विषय में यह सरकारें नहीं सोचती हैं। अपने पेंशन की बात हो तो माननीयों को सब सही लगता है, लेकिन वहीं सरकारी कर्मचारियों के पेंशन की बात हो तो इन माननीयों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगता। अपने लिए पुरानी पेंशन अच्छी है, लेकिन वहीं जब कर्मचारियों को देनी हो तो, पुरानी पेंशन बुरी हो जाती है। अपने लिए माननीयों को एक नहीं, दो-दो, तीन-तीन पेंशन चाहिए और वही जब कर्मचारियों को देने की बात आती है तो एक पेंशन भी नहीं दे पाती सरकार।

माननीयों का हाल तो यह है कि, यदि कोई विधायक बाद में सांसद बन जाए, तो उसे विधायक की पेंशन के साथ ही लोकसभा सांसद का वेतन और भत्ता भी मिलता है। अब वही सांसद बना माननीय अगर केंद्रीय मंत्री बन जाए तो, उसे विधायक की पेंशन, सांसद की पेंशन और साथ ही मंत्री पद का वेतन और भत्ता मिलता है। मतलब एक ही व्यक्ति को तीन प्रकार का लाभ। सबसे दिलचस्प बात यह है कि, यदि कोई व्यक्ति केवल एक ही दिन के लिए सांसद या विधायक बन जाए तो भी उसे पूरी उम्र पुरानी पेंशन मिलती है और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। अब देखिए, रेल मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिक, मान्यता प्राप्त पत्रकार, युवा, किसान, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, भारत सेवा दल, रिसर्च स्कॉलर्स, पदक विजेता शिक्षक व खिलाड़ियों सहित करीब तीस से ज्यादा कैटेगरी के लोगों को टिकटों पर मिलने वाली 30 प्रतिशत की छूट बंद कर दी है, तो वहीं विधायक और सांसदों को एसी सेकंड टियर में एक सहायक के साथ असीमित यात्रा कूपन दिया जाता है।

जनसूचना के मुताबिक, दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा के 4796 पूर्व सांसद पेंशन ले रहे हैं इनकी पेंशन पर हर साल 70 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। इनके अलावा 300 पूर्व सांसद ऐसे हैं, जिनका निधन हो चुका है और उनके परिवार वालों को पेंशन मिल रही है। आर्थिक रूप से समृद्ध कई पूर्व सांसद ऐसे हैं, जो पेंशन का लाभ ले रहे हैं। सांसद-विधायकों की पेंशन का विरोध इसलिए भी किया जाना चाहिए क्योंकि इनके पास पहले से ही काफी संपत्ति होती है। ये सरकार में रहें या विपक्ष में अपनी आने वाली पीढ़ियों की व्यवस्था कर ही लेते हैं। तो वहीं 4 साल की नौकरी करने वाला अग्निवीर (सैनिक) हो या बच्चों का भविष्य संवारने वाला शिक्षक किसी को भी पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलता। सरकार के अनुसार, इनके लिए नई पेंशन योजना ही मुफीद है। सरकारी कर्मचारी अपनी पूरी जवानी सरकार का सहयोग करता है। रोज औसतन 7-8 घण्टे तो कभी कभी विशेष परिस्थितियों में 24 घंटे काम करता है। औसतन एक नियमित कर्मचारी 50 से 60 हजार महीने की नपी-तुली तनख्वाह पाता है। तनख्वाह पाने से पहले ही खर्चों की पूरी लिस्ट तैयार रहती है। किसी तरह महीने के अंतिम तक जाते-जाते, बमुश्किल कुछ रुपए ही बचा पाता है। इसी तरह उसकी पूरी उम्र बीवी-बच्चों की ख्वाहिशें और उनको अच्छी परवरिश देने में ही कट जाती है। सभी की तमाम जरूरतों को पूरा करने और जिम्मेदारियों से लड़ते-लड़ते एक दिन रिटायर हो जाता है। फिर सरकार उसके ही पैसे से काटकर हर महीने जमा की हुई कुछ रकम देती है, और फिर उसको अपने आगे की जिंदगी गुजारने के लिए जरूरत होती है पेंशन की (जो 2005 से पहले तनख्वाह की आधी होती थी), लेकिन अब उसको पेंशन मिलती है, किसी महीने में 1000 तो किसी महीने में 2000, अब ऐसी परिस्थितियों में इस महंगाई में उसका जीवन-यापन कैसे हो, यह विचारणीय है। लेकिन माननीयों को इस बात से कोई लेना देना नहीं है, क्योंकि उनको तो पुरानी पेंशन मिल ही रही है। जब अपने हित की बात आएगी तो माननीय सांसद-विधायक अपनी मेजें थपथपाकर अपनी बातों को मनवा लेंगे। अब विचारणीय प्रश्न यह है कि, यदि नई पेंशन व्यवस्था इतनी ही अच्छी है तो माननीय सांसद-विधायकों, को इससे परहेज क्यों है? जिस तरह कर्मचारियों को नई पेंशन दी जा रही है।

सत्यपाल सिंह कौशिक

## बाबर की सिसकियां सुनीं, योगी जी ने भव्य मंदिर दे दिया



के विक्रम राव

अवंतिका सम्राट विक्रमादित्य से लेकर गोरखधाम पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ तक बीस सदियां और आठ दशक बीते। अब मोक्षपुरी अयोध्या का मूल रूप लौटता दिखा। कभी लोध राजपूत कल्याण सिंह का सूत्र यही गूंजा था राम लला, हम मंदिर यहीं बनाएंगे। मुख्यमंत्री पद से बर्खास्तगी और एक दिन तिहाड़ जेल में वे भुगते। उनका उत्सर्ग था। याद आया उजबेकी लुटेरा जहीरुद्दीन बाबर, जो काबुल में अपनी कब्र में अब अकुला रहा होगा। गम गलत करने के लिए शराब खोज रहा होगा। इसी से वह पियक्कड़ मरा था। हालांकि उसके विध्वंस पर अब भव्य निर्माण हो रहा है। उसी ने यज्ञवेदी को ध्वस्त किया था, जहां कोशल नरेश दशरथ ने पूजा की थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्म हेतु। अपनी पार्टी के तीन वादों में एक मंदिर वाला तो योगी जी ने पूरा कर दिया। कश्मीर का विलय 370 हटने से वास्तविक हो गया। बस एक राष्ट्र, एक कानून का वादा शेष है।

योगी काबीना की कल वाली (9 नवम्बर 2023) अयोध्या बैठक के परिवेश में इस जन-संग्राम में लालचन्द किशिनचंद आडवाणीजी का योगदान हमेशा याद रहेगा। सोमनाथ से अयोध्या के इस रथयात्री की स्मृति संजोयी रहेगी। यावत राम मंदिर रहेगा। याद कर लें दिसंबर का पहला सप्ताह, साल 1992 का। हजारों कार सेवक हर तरफ से राम जन्म भूमि पहुंच रहे थे। तब अटल बिहारी वाजपेई भी आये थे। अमौसी हवाई अड्डे पर उतरें। वहां लखनऊ के जिलाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, आइएएस, ने उनसे कहा कि कार सेवा में नहीं जा सकते। गिरफ्तार करना पड़ेगा। अटलजी वापस जहाज में सवार हो गए। उल्टे दिल्ली लौट गए। फिर संसद में बाबरी ढांचे के विध्वंस पर चर्चा हुई। अटल जी ने कहा दिसंबर 6 भारतीय इतिहास का सबसे काला दिवस है। तब सारा भारत शौर्य दिवस मना रहा था। उसी दौर की बात है। भाजपा का शीर्ष-स्तरीय निर्णय था कि जैसे ही आडवाणीजी का रथ रोका जाएगा तो वे गिरफ्तार होंगे, भाजपा केंद्र से विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेगी। आडवाणी जी के रथ को बिहार में रोका जाना सिग्नल था। तब अटलजी कोलकाता के दमदम हवाई अड्डे से गुवाहाटी जा रहे थे। भाजपाई नेताओं ने उन्हें हवाई अड्डे पर सूचना दी कि लालू यादव की पुलिस ने आडवाणी जी को हिरासत में ले लिया है। मगर अटलजी असम यात्रा पर ही अड़े थे। फिर आग्रह हुआ तो वे दिल्ली आए और राष्ट्रपति भवन जाकर समर्थन वापस लिया। ऐसी घटनायें राम मंदिर आंदोलन के संदर्भ में रही हैं। फिर जो घटनाएं हुई वे सार्वजनिक जानकारी में हैं। यहां एक आवश्यक उल्लेख और भी। जब कार सेवकों ने बाबरी ढांचा चकनाचूर कर डाला तो बड़ा विवाद उठा की क्या ऐसा करना उचित था, ठीक था? जैसा कि आम तौर पर ढोंगीपन से लोग ग्रस्त होते हैं। कई बोले कि कार सेवकों ने असभ्य वारदात कर दी। वे सब भूल गए कि अयोध्या में बाबर और बाद में उसके पोते आलमगीर औरंगज़ेब ज्ञानवापी और मथुरा ही तोड़ने क्यों गए थे? हिन्दू बहुसंख्यकों के आस्था स्थल पर बर्बर सैन्य बल से उनका हमला क्या न्याय-संगत था? इस पर उन कांची कामकोटि पीठम के शंकराचार्य स्व. स्वामी जयेन्द्र सरस्वती ने बड़ा उपयुक्त कहा बाबरी बर्बर सैनिकों का हिसाब कार सेवकों ने बराबर कर दिया। इस वर्ष का दीपोत्सव (12 नवम्बर) यादगार रहेगा। राम राज्याभिषेक योगीजी (11 नवम्बर) को करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# दीपावली का उत्सव



हर्षवर्धन पाण्डे

**हिन्दू परंपरा में त्यौहार से आशय उत्सव और हर्षोल्लास से लिया जाता है। अपने देश की बात की जाए तो यहाँ मनाये जाने वाले त्योहारों में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। यहाँ मनाये जाने वाले सभी त्योहार कमोवेश परिस्थिति के अनुसार अपने रंग, रूप और आकार में भिन्न हो सकते हैं लेकिन इनका अभिप्राय आनंद की प्राप्ति ही होता है। बेशक अलग -अलग धर्मों में त्यौहार मनाने के विधि विधान भिन्न हो सकते हैं लेकिन सभी का मूल मकसद बड़ी आस्था और विश्वास का संरक्षण होता है । सभी त्योहारों से कोई न कोई पौराणिक कथा जुडी हुई है जिनमें से सभी का सम्बन्ध आस्था और विश्वास से है। यहाँ पर यह भी कहा जा सकता है इन त्योहारों की पौराणिक कथाएँ भी प्रतीकात्मक होती हैं।**



कार्तिक मॉस की अमावस के दिन दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है। दीपावली का त्यौहार महज त्यौहार ही नहीं है, इसके साथ कई पौराणिक गाथाएं भी जुडी हुई हैं। दीपावली की शुरुआत आमतौर पर कार्तिक मॉस की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन से होती है जिसे धनतेरस कहा जाता है। इस दिन आरोग्य के देव धन्वन्तरी की पूजा अर्चना का विधान है । धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि चूँकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। लोकमान्यताओं के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन वस्तु खरीदने से उसमें कई गुना वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है जिसके सम्भव न हो पाने पर लोग चाँदी के बने बर्तन खरीदते हैं। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। सन्तोष को सबसे बड़ा धन कहा गया है वही आज के समय में लोगों को नहीं है । जिसके पास सन्तोष है वह स्वस्थ है, सुखी है, और वही सबसे धनवान है। भगवान धन्वन्तरि जो चिकित्सा के देवता भी हैं। उनसे स्वास्थ्य और सेहत की कामना के लिए संतोष रूपी धन से बड़ा कोई धन नहीं है। इसी दिन भगवान को प्रसन्न रखने के लिए नए नए बर्तन , आभूषण खरीदने का चलन लम्बे समय से चला आ रहा है। यह अलग बात है मौजूदा दौर में बाजार अपने हिसाब से सब कुछ तय कर रहा है और पूरा देश चकाचौंध के साये में जी रहा है जहां अमीर के लिए दीवाली खुशी का प्रतीक है वहीँ गरीब आज भी दीपावली उस उत्साह और चकाचौंध के साये में जी कर नहीं मना पा रहा है जैसी उसे अपेक्षा है। आज समाज में अमीर और गरीब की खाई दिनों दिन गहराती ही जा रही है। धनतेरस के दूसरे दिन नरक चौदस मनाई जाती है जसी छोटी दीपावली भी कहते हैं। कहा जाता है कि जब वासुदेव श्रीकृष्ण ने नरकासुर राक्षस के प्राण हरे थे, तो उसके बाद उन्होंने तेल और उबटन से स्नान किया था और यहीं से उबटन लगाने की परंपरा शुरू हुई। ऐसा माना जाता है इस दिन कृष्ण ने नरकासुर रक्षक का वध कर उसके कारागार से तकरीबन 16000 कन्याओं को मुक्त किया था।माना जाता है कि नरक चतुर्दशी के दिन ऐसा करने से नरक से मुक्ति मिलती है और स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इस वजह से इस दिन महिलाएं खासतौर से उबटन से स्नान करती हैं। स्वर्ग के साथ उन्हें सौभाग्य का भी वरदान मिलता है। इस दिन किसी पुराने दिए में सरसों के तेल में पांच अन्न के दाने डालकर घर में जलाकर रखा जाता है जो दीपक यम दीपक कहलाता है। तीसरे दिन अमावस की रात दीपावली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन गणेश जी और लक्ष्मी की स्तुति की जाती है । दीवाली के बाद अन्नकूट मनाया जाता है। लोग इस दिन विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर गोवर्धन की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है कृष्ण ने नंदबाबा और यशोदा और ब्रजवासियों को इन्द्रदेव की पूजा करते देखा ताकि इन्द्रदेव ब्रज पर मेहरबान हो जाये तो उन्होंने ब्रज के वासियों को समझाया कि जल हमको गोवर्धन पर्वत से मिलता है जिससे प्रभावित होकर सबने गोबर्धन को पूजना शुरू कर दिया।

यह बात जब इंद्र को पता चली तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने ब्रज को बरसात से डूबा देने की ठानी जिसके बाद भारी वर्षा का दौर बृज में देखने को मिला। सभी रहजन वासुदेव श्रीकृष्ण के पास गए और तब कान्हा ने तर्जनी पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया। पूरे सात दिन तक भारी वर्षा हुई पर ब्रजवासी गोवर्धन पर्वत के नीचे सुरक्षित रहे। सुदर्शन चक्र ने उस दौर में बड़ा काम किया और वर्षा के जल को सुखा दिया। बाद में इंद्र ने कान्हा से माफ़ी मांगी और तब सुरभि गाय ने कान्हा का दुग्धाभिषेक किया जिस मौके पर 56 भोग का आयोजन नगर में किया गया । तब से गोबर्धन पर्वत और अन्नकूट की परंपरा चली आ रही है। शुक्ल द्वितीया को भाई दूज मनायी जाती है। कहा जाता है यम और यमुना सूर्य के दो बच्चे थे और एक बार यमुना ने अपने भाई को अपने साथ भोजन करने के लिए घर पर आमंत्रित किया था लेकिन यम ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण पहले तो इनकार कर दिया, लेकिन कुछ देर के बाद उसने महसूस किया कि उसे जाना चाहिए क्योंकि उसकी बहन ने उसे बहुत प्यार से आमंत्रित किया है। अंत में, वह उसके पास गया और यमुना ने उसका स्वागत किया और उसके माथे पर तिलक भी लगाया। यम वास्तव में उसके आतिथ्य से बेहद खुश हुआ और उसे एक इच्छा माँगने के लिए कहा। तब यमुना ने कहा कि जो इस दिन अपनी बहन से मिलने जाएगा, उसे मृत्यु का भय नहीं रहेगा। उनके भाई ने खुशी से 'तथास्तु' कहा और यही कारण है कि हम भाई दूज का त्यौहार मनाते हैं। मान्यता है यदि इस दिन भाई और बहन यमुना में स्नान करें तो यमराज आस पास भी नहीं फटकते।

# कृषि के माध्यम से सशक्त होती ग्रामीण महिलाएं



तानिया

**"देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई स्तरों पर काम किए जाते हैं। इसके लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं भी संचालित कर रही हैं। लेकिन हमारे देश में कृषि एक ऐसा सेक्टर है जहां महिला सशक्तिकरण सबसे अधिक देखी जाती है। बल्कि यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था पुरुषों से कहीं अधिक महिलाओं के कंधे पर है, जिसे उन्होंने कामयाबी के साथ संभाल रखा है। पुरुष जहां अधिकतर केवल हल चलाने और खाद बीज पटाने का कार्य करते हैं तो वहीं महिलाएं निराई गुराई से लेकर फसल पकने तक उसकी देखभाल का जिम्मा निभाती है। यानी वह फसल तैयार होने तक उसकी एक बच्चे की तरह देखभाल करती हैं। इस दौरान वह उसी प्रकार प्रतिदिन घर के सभी कामकाज को भी बखूबी पूरा करती हैं। लेकिन इसके बावजूद उनके इस काम को समाज में कभी भी सम्मानित नहीं किया गया है। अक्सर महिला किसानों को पुरुषों की तुलना में कम मजदूरी दी जाती है।**



उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्र चौरसों की महिला किसान भी महिला सशक्तिकरण की बेजोड़ मिसाल हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक के इस गाँव की अधिकतर महिलाएं घर के साथ साथ कृषि संबंधी कार्यों को भी बखूबी अंजाम देती हैं। इस संबंध में एक 30 वर्षीय महिला किसान संगीता देवी कहती हैं कि उनके परिवार की पूरी आमदनी कृषि पर निर्भर है। इसीलिए परिवार की महिलाएं पुरुषों के साथ मिलकर कृषि संबंधी कार्यों को निपटाती हैं।

वह बताती हैं कि हम महिलाएं फसल पकने तक उसकी जरूरी देखभाल करती हैं। इसके लिए सुबह सवेरे उठकर घर के सभी जरूरी कामों को निपटाती हैं और फिर दिनभर खेतों में रहकर उसकी निराई करती हैं और फिर शाम में वापस घर आकर खाना बनाती हैं। वह बताती हैं कि इस प्रकार सामूहिक काम से फसल अच्छी होती है और हमें साल भर का अनाज मिल जाता है। वहीं 48 वर्षीय भागा देवी पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि हम महिलाएं आत्मनिर्भर हैं। हम किसी के ऊपर निर्भर नहीं हैं। समाज सोचता है कि महिलाएं कुछ नहीं कर सकती हैं उन्हें हमारा काम देखना चाहिए। हम कृषि से जुड़े सभी काम स्वयं करती हैं। जिससे हमारी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है। हमें कभी भी बाजार से सब्जी या अनाज खरीदने की जरूरत नहीं होती है। वह बताती हैं कि गाँव की लगभग सभी महिलाएं खेती के कामों से जुड़ी हुई हैं। पुरुष जहां केवल अनाज उगाने का काम करते हैं वहीं महिलाएं अनाज के साथ साथ सब्ज़ी उगाने का जिम्मा भी संभालती हैं। वह बताती हैं कि हम महिलाएं घर के सभी काम निपटा कर और दोपहर का भोजन बना कर खेतों में जाती हैं और फिर वापस आकर रात का खाना भी बनाती हैं। हालांकि भागा देवी महिलाओं के प्रति समाज के दोहरे रवैये पर अफसोस जताते हुए कहती हैं कि हम ग्रामीण महिलाएं कृषि में पुरुषों से अधिक भूमिकाएं निभाती हैं लेकिन फिर भी हमारे काम को पुरुषों की तुलना में अधिक महत्व नहीं दिया जाता है। यदि महिलाएं कृषि काम से बिल्कुल विमुख हो जाएँ तो यह कार्य ठप्प हो जाएंगे। यह कृषि में हमारी भूमिका को दर्शाता है लेकिन फिर भी समाज की नजर में हमारा काम महत्वपूर्ण नहीं है। भागा देवी की बातों को आगे बढ़ाते हुए 40 वर्षीय जानकी देवी कहती हैं कि हम महिलाएं जितना योगदान घर को सँवारने में देती हैं उतना ही योगदान कृषि के क्षेत्र में भी होता है। हम सुबह उठकर न केवल घर का काम निपटाती हैं बल्कि जानवरों के चारा का भी बंदोबस्त कर खेतों में जाती हैं। कई बार खराब मौसम के बावजूद हमें खेतों में जाना होता है क्योंकि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो खेतों में पड़े खर-पतवार के कारण फसल पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है और फसल खराब होने का खतरा हो सकता है। यही कारण है कि हम महिलाएं किसी भी परिस्थिती में कृषि संबंधी कार्यों को छोड़ नहीं सकती हैं। जानकी देवी के साथ बैठी 38 वर्षीय भागुली देवी कहती हैं कि भले ही समाज हम महिलाओं के काम को नहीं समझता है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम कृषि कार्य से विमुख हो जाएँ क्योंकि यह हमारी आजीविका का सबसे बड़ा साधन है। हम गरीब हैं, हमारी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि हम बाजार से अनाज खरीद कर खाएं। केवल इतनी ही जमीन है जिस पर अनाज या सब्ज़ी उगा कर वर्ष भर खाने की व्यवस्था करते हैं। वह बताती हैं कि गाँव के अधिकतर पुरुष पैसा कमाने के लिए खेती के साथ साथ अन्य रोजगार भी करते हैं। ऐसे में वह कृषि पर पूरा ध्यान नहीं दे सकते हैं। पुरुष केवल खेतों में हल जोतने और फसल कटाई में अपनी भूमिका निभाते हैं। बीज बोने से लेकर फसल कटाई के बीच की अवधि में फसल का पूरा ध्यान महिलाएं रखती हैं। वह उन्हें खरपतवार और कीट पतंगों के प्रकोप से बचाने के लिए उसका ध्यान रखती हैं। वह फसल को अपने बच्चों की तरह पालती हैं। भागुली देवी पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि भले समाज कृषि के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मानित नहीं करता हो, लेकिन समाज को यह बखूबी पता है कि हम महिलाओं के बिना कृषि का काम अधूरा है। महिलाएं यदि इस काम को छोड़ दें तो कृषि व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। फसलें खराब हो जाएंगी क्योंकि पुरुष भले ही हल चलाना जानते हों लेकिन खर पतवार से फसलों की रक्षा केवल महिलाएं ही कर सकती हैं और करती आ रही हैं। वास्तव में, कृषि क्षेत्र में महिलाएं जिस प्रकार का योगदान देती हैं वह अद्भुत है। भले समाज उनके कामों को बहुत बड़ा नहीं समझता है लेकिन यह तय है कि वह कृषि की असली मेरुदंड हैं। वह न केवल कृषि को बढ़ावा देने का काम करती हैं बल्कि इस बात का भी संदेश देती हैं कि इस क्षेत्र में ग्रामीण महिलाएं बहुत सशक्त हैं। जरूरत इस बात की है कि समाज उनके सशक्तिकरण को स्वीकार करे और उन्हें भी पुरुषों के बराबर श्रम का भुगतान करे।

# लक्ष्मी जी को पूजिए, लक्ष्मी पुत्रों को भी सम्मान दीजिए



अशोक मधुप

**दीपावली का माहौल है। इस अवसर पर हम घर की सफाई करते हैं। अंधकार को दूर करने के लिए दीप जलाते हैं। लक्ष्मी जी की पूजा करते है। लक्ष्मी की पूजा इसलिए करते हैं कि हमारे घर धन- संपदा से परिपूर्ण रहे। हमारे घर धन संपदा से भरपूर रहें, इसलिए लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं। अपने शहर, प्रदेश और देश के बारे में नही सोचते। हमें यह भी सोचना चाहिए कि कैसे हमारा शहर, प्रदेश और देश संपन्न हो। कैसे लक्ष्मी पुत्र उनमें कल कारखाने लगाकर विकास का रास्ता खोलें। कैसे अपने लोगों को रोजगार मिले। हम दीपावली पर लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं, किंतु लक्ष्मी पुत्रों का निरादर करते हैं। जबकि लक्ष्मी के पुत्र देश और समाज को बनाने, उसके विकास करने में बड़ा योगदान करते हैं। दीपावली पर लक्ष्मी को पूजने के साथ-साथ हमें लक्ष्मी पुत्रों का सम्मान भी करें। लक्ष्मी पुत्रों का विश्व, देश और समाज के निर्माण में सदा बड़ा योगदान रहा है। उस योगदान को हम सभी को स्वीकारना चाहिए। उनका अपमान नही करना चाहिए।**

हाल ही में देश के बड़े उद्योगपति और वेदान्ता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की एक पोस्ट प्रसिद्ध हो रही है। इसमें पोस्ट में उन्होंने राष्ट्र के निर्माण में उद्योगपतियों की भूमिका पर प्रकाश डाला है। वह कहते हैं कि वे जब अमेरिका, ब्रिटेन या जापान आदि किसी लोकतांत्रिक देश को देखते हैं, तो इस बात का अहसास करते हैं कि जहां राजनेता देश का नेतृत्व करते और उसे शक्तिशाली हैं, वहीं उद्यमी उस देश को बनाते हैं। वे अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि अमेरिका का निर्माण पांच उद्यमी रॉकफेलर, एंड्रयू कार्नेगी, जेपी मार्गन, फोर्ड और वेंडर बिल्ट ने किया। इस सभी उद्योगपतियों ने अधिकांश संपत्ति परोपकार के लिए दान कर दी। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए वह कहतें हैं कि हमारे भारत में घरेलू उद्यमियों की भूमिका को कभी- कभी कम करके आंका जाता है। लेकिन देश के लिए वह जो कर सकतें हैं, वह कोई और नही कर सकता। वे विदेशी तकनीक और फंडों के साथ मजबूत गठजोड़ कर सकतें हैं।



पोस्ट के अंत में वह कहते हैं कि अगर घरेलू उद्यमियों की कमाई होगी तो वह अमेरिकी उद्यमियों की तरह ही परोपकार के लिए अपनी कमाई का हिंस्सा दान कर सकेंगे। उनकी राय है कि सरकार को घरेलू कारोबारियों को अधिक सम्मान और मान्यता देनी चाहिए, जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले। उनकी धारणा है कि व्यापारी मुकदमें बाजी आडिट और लंबी सरकारी प्रक्रियाओं से डरते हैं। उद्यमियों पर भरोसा करना और लाभ देना महत्वपूर्ण है।प्रत्येक लोकतांत्रिक देश जो अमीर बना है,वह ऐसा इसलिए कर पाया कि क्योंकि उन्होंने उद्यमियों पर विश्वास रखा ।उन्हें मान्यता दी और प्रेरित किया। आज सरकारें राजनैतिक हित के लिए किसानों की ही बात करती हैं। उनके लाभ के बारे में सोचती हैं। उन्हें खेती में प्रयोग होने वाला कच्चा माल, बिजली, कीटनाशक सस्ते दाम पर उपलब्ध कराती हैं। उनकी फसल का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करती हैं।क्या कोई प्रदेश या देश अकेले किसानों के बूते तरक्की कर सकता है। कभी नही।किसी देश के विकास में जितना योगदान किसान का है, उतनी ही व्यापारी का।इनके बराबर ही मजदूर का। किसी को भी कमतर नहीं किया जा सकता। देश के विकास में प्रत्येक व्यापारी का योगदान है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। उनकी जरूरत और सुविधा का धयान रखा जाना चाहिए। सम्मान किया जाना चाहिए। किंतु ऐसा होता नही। हम व्यापारी को चोर और बेईमान बताने में लगे रहतें हैं। कांग्रेस के एक नेता का तो सदा आरोप रहता है कि प्रधानमंत्री एक व्यापारी को अपने साथ लिए घूमते हैं। वे ये नही देखते कि जिस व्यापारी को लेकर वह ये बात करते हैं, उनके देश में कितने कारखाने हैं। उन्होंने कितने करोड़ का निवेश किया हुआ है। कितने लाख लोगों का रोजगार दिया हुआ है। उनसे संपर्क बनाकर उन्हें सुविधाएं देकर हम देश का और कितना विकास कर सकतें हैं। पिछले दिनों दिल्ली के आसपास चले किसान आंदोलन के दौरान तो व्यपारी को बड़े पैमाने पर चोर और बेईमान बताने का अभियान चला। मोबाइल टावरों पर तोड़फोड़ की गई। उद्योगों का घेराव किया गया। रास्तों पर धरना देकर आपूर्ति और माल की निकासी बाधित की गई। बंगाल में ममता दीदी द्वारा नेनों के सिंगूर में कारखाना लगने के स्थान पर दिए धरने का प्रभाव रहा कि वे मुख्यमंत्री तो बन गई किंतु बंगाल के विकास का रास्ता अवरूद्ध कर गई। 2008 में शुरू हुए विवाद के बाद से अब तक कोई भी बड़ा प्राइवेट उद्योग बंगाल में नही लगा। प्रदेश और देश के विकास के लिए उद्योगपतियों को सुविधा और सुरक्षित माहौल देना होगा।पिछले दिनों पंजाब में भी उद्योगों के विरूद्ध भी कुछ विपरीत सोच दिखाई दिया।परिणाम यह है कि आज व्यपारी वहां भी जाने से बच रहा है। पुराने समय से व्यापारियों का विकास में योगदान रहा है।वे पहले से सड़क, स्कूल और धर्मशालाएं बनवाते रहे हैं। अपितु राज गंवा चुके महाराणा प्रताप को अपनी सेना खड़ी करने के लिए भामाशाह ही मदद करते हैं। हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप जब अपने परिवार के साथ जंगलों में भटक रहे थे, तब भामाशाह ने उन्हें खोजकर अपनी सारी जमा पूंजी समर्पित कर दी। भामाशाह ने अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि जिससे 25000 सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। भामाशाह से सहयोग से महाराणा प्रताप में नया उत्साह उत्पन्न हुआ। उन्होंने पुन- सैन्य शक्ति संगठित कर मुगल शासकों को पराजित करा और फिर से मेवाड़ का राज्य प्राप्त किया। भामाशाह का ये काम आज भी जारी है। देश के बड़े उद्योगपति रतन टाटा हर साल 1100 करोड़ रुपये डोनेट करते हैं। साल 2022 में सबसे बड़े दानवीर बनकर उभरे एचसीएल के फाउंडर शिव नादार ने पूरे वित्त वर्ष में 1161 करोड़ रुपये की बड़ी रकम दान की थी। यही बात विप्रो के स्वामी अजित प्रेम जी के बारे में प्रसिद्ध है। इस बड़े व्यापारी द्वारा जो काम बडे सतर पर हो रहा है, वही काम छोटे व्यापारी अपने स्तर पर करते हैं। आज गुजरात के विकास का ये ही कारण है। अपने मुख्यमंत्री काल में नरेंद्र मोदी ने सिंगूर के विवाद के दौरान टाटा अकेले को गुजरात में कारखाना लगाने का आमंत्रण नही दिया, अपितु उनके माध्यम से अपृत्यक्ष रूप से अन्य उद्योगपतियों के भी गुजरात आने का रास्ता खोला। इसीका फल है कि गुजराज आज विकास के क्षेत्र में बहुत आगे हैं। यहीं काम आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है।यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सुरक्षा का माहौल पैदा करने से व्यापारियों में विश्वास बढ़ा है।

## 15 लाभार्थियों को बांटे गए सांकेतिक चेक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** उज्वला योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को दो निःशुल्क सिलिंडर उपलब्ध कराने के कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में सांकेतिक चेक बांट कर की गई। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सभी जनपदों में भी जन पतिनिधियों द्वारा सांकेतिक चेक वितरित किए गए। देवरिया में यह कार्यक्रम विकास भवन के गांधी सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही तथा जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा 15 लाभार्थियों को सांकेतिक चेक बांटे गए। कृषि मंत्री ने कहा कि ब्लॉक वार कैम्प आयोजित कर के विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में आधार सत्यापन व केवाईसी कराना सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 1,90,605 लाभार्थियों के सापेक्ष 80000 का आधार सत्यापित है। शेष लाभार्थियों को सूचित किया गया कि वह बुकिंग कराने से पूर्व संबंधित एजेंसी पर जा कर अपना बायो मेट्रिक सत्यापन करा लें।

## इस दीवाली मिट्टी के दीये जलाये: रविन्दर कुशवाहा



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने नवलपुर चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकल फ़ॉर वोकल मन्त्र को अपनाते हुए देशी सिलबट्टा एवम हस्तनिर्मित वस्तुएं खरीदा। उन्होंने कहा कि हाथ की कलाकारी से बने इस सिलबट्टे पर बनाई जाने वाली चटनी में जो स्वाद है। वो इलेक्ट्रानिक मिक्सर में नहीं है। उन्होंने बताया कि इस दीवाली मिट्टी के दीये का डिमांड बढ़ गया है। यह कारीगरों के कार्य पर भी देखने को मिल रहा है। बाजार में दीपावली के मौके पर मिट्टी के दीयों की मांग ज्यादा होने से दीया बनाने वाले कारीगर ज्यादा खुश है और पहले से ज्यादा ऊर्जा के साथ कारीगर मिट्टी का दिया बना रहे हैं। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने जनता से अपील किया कि दिवाली पर लोग मिट्टी के खिलौने, दीए और सामग्री खरीदें। जहां भी मिट्टी के खिलौने, दीए और भी अनेक कलाकृतियां बनाई जाती हैं। ये कला हमारी धरोहर है। मैं जनता से अपील करता हूं कि इनसे सामान खरीदें।

## ई-रिक्शा प्रदान कर दी धनतेरस की शुभकामनाएं




**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** डीएम लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में एक निराश्रित महिला सुश्री सोनिया तिवारी को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से एक ई-रिक्शा की सुपुर्दगी आदरणीय जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह के कर कमलों से की गयी। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक सहित प्रशासन के कई गणमान्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। धनतेरस के शुभ मौके पर ई- रिक्शा पाकर महिला ने खुशी का इज़हार करते हुए अभी अधिकारियों का धन्यवाद किया। गौरतलब है कि महिला के पति की कुछ माह पहले मृत्यु हो गयी थी और उसके चार छोटे छोटे बच्चे हैं।

## खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास: सांसद

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। उक्त बातें सांसद जगदम्बिका पाल ने कही। वह शुक्रवार को सिद्धार्थ शिक्षण संस्थान



मसीना व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली के वार्षिक खेल के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। जिला स्टेडियम में सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौंदा मसीना एवं थरौली का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जिला स्टेडियम में चल रहा था। जिसका शुक्रवार को समापन समारोह हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल मसीना एवं थरौली के लगभग 150 छात्र-छात्राओं में विभिन्न खेलो में भाग लिया। चेयरमैन ओपी सिंह ने कहा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय छात्रों के पढ़ाई के साथ खेलकूद पर विशेष ध्यान देता है जिससे बच्चे आगे चलकर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन करें। कबड्डी, खो-खो, शू रैली फ्लैग रेस, चूस पार्टनर, फ्लाइंग रेट आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्रबंधक सुशीला सिंह, प्राचार्य रागिनी सिंह एवं थरौली की प्रधानाध्यापक शालिनी सिंह समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## पटाखा न फोड़ने की दिलायी गयी शपथ

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यालय स्थित एक्स्प्लोर कोचिंग क्लासेज पर छात्र-छात्राओं को चाइनीज़ उपकरण प्रयोग न करने और पटाखे को न फोड़ने के लिए शपथ दिलाया गया। निदेशक आकाश कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को बताया कि दीपावली के पर्व पर चीनी उपकरणों का प्रयोग ना करें , पटाखे न फोड़े। क्योंकि पटाखे फोड़ने से निकलने वाली गैस मानव जीवन के लिए काफी नुकसानदायक होती है, साथ ही यह सीधे-सीधे पर्यावरण पर प्रहार करती है। उन्होंने कहा कि हमें दीपावली पर खुशियां बाँटनी चाहिए ना कि पटाखे फोड़ कर दूसरों को तकलीफ देना चाहिए। पटाखे की तेज आवाज से जहां कहीं पक्षियों के अंडे गिर जाते हैं। वही जमीन पर विचरण करने वाले तमाम छोटे जीव जंतु मर जाते हैं। इसके अलावा पटाखों के फूटने के बाद उससे निकालने वाली धुँआ से अस्थमा और दमा रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में सभी बच्चों को संकल्प दिलाया कि वह दीपावली पर पटाखे नहीं फोड़ेंगे और ना ही चाइनीज उपकरणों का प्रयोग करेंगे। इस दौरान Explore Coaching Classes में अध्ययनरत छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के अबीर गुलाल, रंगोली के रंगों से सुंदर चित्रों को सजाते हुए मनोहरी रंगोली बनाई। जिसको देख सभी मंत्र मुक्त हो गए। शिक्षक भुवनेश्वर पांडेय ने कहा रंगोली के माध्यम से बच्चों के अंदर कलात्मक एवं रचनात्मक गुण का प्रादुर्भाव भी होता है। इससे उनकी गुणात्मक क्षमता भी विकसित होती है। शिक्षकों ने सभी विद्यर्थियों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

## ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के केन यूनियन तिराहे के पास हाइवे पर बने कट पार कर रही एक स्कूटी सवार महिला ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया जबकि ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हाटा नगर पालिका के वार्ड नम्बर 18 हनुमान नगर गोपालपुर बिरैचा निवासी सोनी देवी पत्नी विष्णु प्रताप सिंह अपने घर से स्कूटी से हाटा कस्बे में किसी काम से आ रही थी।

सोनी देवी अपनी स्कूटी हाटा नगर के केन यूनियन चौराहे के हाईवे पर बने कट पर कर रही थी कि उसी दौरान कसया से गोरखपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक एचआर 46 एफ 2711 ने स्कूटी सवार महिला को ठोकर मार दी। घटना में स्कूटी सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना जानकारी होने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव व ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में निःशुल्क रिफिल गैस सिलेंडर वितरण का शुभारंभ किया

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के उज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में निःशुल्क रिफिल गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने उज्वला योजना की लाभार्थी शारदा देवी, कोमल, मालती देवी, आरती, मोनिका, मानसी, प्रेमलता अवस्थी, रूबी, रानी, दीपिका, पूजा, लक्ष्मी, सुनीता, दीक्षा पाल, संगीता, मंजू देवी, अंजली, शशी, राजवती, ओमवती, पूजा, अर्पणा देवी, सोनी, ज्योति दुबे, शिल्पी देवी को सांकेतिक रूप से गैस सिलेंडर, अनुदान राशि के चेक उपलब्ध कराये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि एकात्ममानववाद के मार्ग पर चल केंद्र-प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है, अधिकांश योजनाओं में घर की मुखिया महिला को केंद्र बिंदु रख योजनाएं संचालित की हैं, प्रधानमंत्री उज्वला योजना लागू कर सदियों से धुएं का दंश झेल रही महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने का कार्य किया, इस योजना के लागू होने से पूर्व गरीब घर की महिलाएं धुएं के कारण होने वाली बीमारियों से ग्रसित हो जाती थीं, उनकी आंखों, फेफड़े में गंभीर बीमारियां होने का खतरा बना रहता था लेकिन योजना लागू होने के उपरांत उन्हें काफी आराम मिला, महिलाओं के जीवन में उज्वला योजना उजाला लेकर आई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस योजना में केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर पर रू. 300 की सब्सिडी प्रदान की जा रही है लेकिन प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने गरीब परिवारों की महिलाओं को दीपावली, होली पर विशेष उपहार के अंतर्गत 02 निःशुल्क रिफिल किए हुए एल.पी.जी. सिलेंडर सरकार के खर्चे पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया और आज इस योजना का शुभारंभ हुआ है, दीपावली का सिलेंडर आज से लेकर दिसंबर तक मिलेगा जबकि होली का सिलेंडर फरवरी-मार्च में उपभोक्ताओं को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की गरीब महिलाओं के चेहरे पर खुशी लाने का कार्य किया, अब गरीबों के घर पर भी पूरे हर्षोल्लास के साथ दीपावली का त्यौहार मनायें। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित उज्वला योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना काफी महत्वपूर्ण है, प्रदेश के मुखिया ने आप सबको दीपावली पर गिफ्ट के तौर पर निःशुल्क गैस सिलेंडर मुहैया कराया है ताकि आपको दीपावली पर सिलेंडर खरीदने पर अतिरिक्त व्यय न करना पड़े, आप यह धनराशि अपने त्यौहार में खुशियों पर व्यय कर सकें।

## पिटाई से घायल ई रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत श्री का पुरवा गांव के पास अमेठी सुल्तानपुर रोड पर गुरुवार शाम सड़क दुर्घटना के कारण ग्रामीणों ने एक ई रिक्शा चालक की पिटाई कर दी। देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर रोड सरवनपुर निवासी दिनेश कुमार मोदनवाल उम्र 48 वर्ष ई रिक्शा चला कर अपनी जीविका का निर्वहन करते थे। गुरुवार को बीमार्ट के एक कर्मी के साथ धम्मौर रोड पर प्रचार के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि श्री का पुरवा गांव के पास उनके ई रिक्शा और एक बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गए। बाइक सवार युवको सहित ग्रामीणों ने ई-रिक्शा चालक की जमकर पिटाई की।जिसमें दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे नगर के एक चिकत्सक के पास ले जाया गया जहां कुछ देर बाद वह शौच के लिए गया। बताया जा रहा है की इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए उन्हें सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# हर घर सर्टिफाइड, जल दीपोत्सव के तहत सैकड़ों दीयों की रोशनी में जगमग हुए गांव

अवधनामा संवाददाता



**बलरामपुर।** जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत कार्यरत इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी युवा विकास समिति द्वारा इस बार दीपावली पर हर घर सर्टिफाइड, जल दीपोत्सव मनाया गया। जिसके तहत विकास खंड ब्लॉक गैंडास बुजुर्ग ग्राम सभा हुसैनाबाद ग्रिंट और विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत अचलपुर में हर घर सर्टिफाइड, जल दीपोत्सव के तहत जागरूकता रैली, बैठक और विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

इस मौके पर टीम लीडर शालिनी द्विवेदी द्वारा लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए जागरूक किया गया और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को जल से भरा घड़ा भेंट किया गया। दीवाली से तीन दिन पहले ही वर्षों से साफ पानी का संकट झेल रहे गाँवों में पानी की सप्लाई शुरू होने के साथ ही दीयों की रोशनी में नहा उठे। गांव के लाखों परिवारों के लिए दीवाली पर स्वच्छ पेयजल का बड़ा तोहफा मिला। इसके तहत शाम 5 बजें से ही हर घर जल के तहत घोषित हो चुके गांव में दीये जलने लगे। इस मौके ग्रामीण इससे इस कदर खुश थे कि घर-घर से शुरू हुआ दीयों के जलने का सिलसिला पंचायत भवनों, प्राथमिक स्कूलों, सामुदयिक भवनों तक दिखा। मौके पर जल निगम ग्रामीण बलरामपुर के अधिकारियों समेत गांव-गांव कार्य कर रही आईएसए युवा विकास समिति और अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों ने पूरा जोर लगाया। इस मौके पर ग्राम पंचायत हुसैनाबाद ग्रिंट और अचलपुर में लोक संगीत की धुन पर ग्रामीण महिलाएं और युवा दीये जलाते वक्त थिरके भी। गांव में मिठाईयां बंटीं और एक-दूसरे को बधाई भी दी गई। संस्था द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को हर घर जल के प्रतीक रूप में जल से भरा नल वाला घड़ा भेंट किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, युवाओं में पानी मिलने की आस पूरी होने का उल्लास देखते ही बना। तो कुछ गांव में महिलाएं भावुक भी दिखीं। इस मौके पर आईएसए युवा विकास समिति के साथ मिल कर ग्रामीणों नें नल कनेक्शन के पास रंगोली सजाई, किसी ने नल के टैप को फूल की माला पहनाई और किसी ने तिलक लगाया, तो कई घरों में नल टैप की आरती भी उतारी गई। कुंओं और तालाबों से पीने का पानी भरने का दर्द जिन परिवारों की कई पीढ़ियों ने झेला है ऐसे बुजुर्गों की आंखें छलक आई।

इस मौके पर भी आयोजन में संस्था के तरफ से स्कन्द चौरसिया, शालिनी चतुर्वेदी, राम सागर, पवन कुमार भारती, प्रधान प्रतिनिधि अशफाक अहमद, वरिष्ठ समाज सेवी फूलचंद भारती, रोजगार सेवक राम पुजारी, विनोद कुमार वर्मा, मायाराम वर्मा, जुबैर, धर्मराज यादव, दिनेश कुमार, आशा सावित्री देवी, अचलपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि अवनीश,वरिष्ठ समाज सेवी हरी प्रसाद ,गीता देवी, मिथुन, अमन, आदर्श कुमार सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने अवैध अड्डों से शराब खरीदने एवं सेवन से बचने के लिए की अपील

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद में दीपावली पर्व के दृष्टिगत अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकती है जो एक प्रकार का घातक जहर है। उन्होंने बताया कि इसके सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ-साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है तथा अन्य स्रोतों से खरीद कर किसी अनुज्ञापी या विक्रेता द्वारा अवैध शराब की बिक्री करते हुए पाये जाने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी सस्ती अवैध मदिरा के चक्कर में अपनी जान जोखिम में न डालें। उन्होंने बताया कि अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध मदिरा की बिक्री के अड्डों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के मो0नं0-9454465640आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-गौरीगंज नागेन्द्र सिंह मो0नं0-9454466238 आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-अमेठी सतीश चन्द्र दीक्षित मो0नं0-9451900699 आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-मुसाफिरखाना चन्द्रभान वर्मा मो0नं0-9450644754 एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-तिलोई रानी सागर मो0नं0-9454467092 पर सूचना दे सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर अवैध मदिरा के अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है

## बैंक चेकिंग कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** धनतेरस एवं दिपावली त्यौहार के मद्देनजर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र के आधा दर्जन बैंकों को चेकिंग कर सुरक्षा का एहसास कराया। शुक्रवार क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बड़ौदा यूपी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित लगभग आधा दर्जन बैंकों का चौकी इंचार्ज मथौली संतोष कुमार सिंह ने जांच किया। इस मौके पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## छात्राओं के बीच हुई दीप निर्माण प्रतियोगिता

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में शुक्रवार को मीना मंच की छात्राओं के बीच दीप निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने रंग बिरंगे दीप तैयार किए। ये सभी दीप दीपावली की शाम स्कूल परिसर में जलाए जायेंगे। दीप निर्माण प्रतियोगिता मीना मंच की सुगमकर्ता लालती देवी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। रंग बिरंगे दीप तैयार करने में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजीव भारती ने बताया कि दीपों को स्कूल परिसर में जलाने की जिम्मेदारी रसोईया रिपु मौर्य को दी गई है।

# छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के नवीनीकरण की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने शैक्षिक सत्र- 2023-24 में पूर्व दशम् एवं दशमोत्तर कक्षाओं में अध्यनरत् छात्रों हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के नवीनीकरण एवं नवीन प्रवेशित छात्रों हेतु निर्गत समय सारिणी के अनुसार प्रक्रियात्मक कार्यवाही की समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपद के विद्यालय संचालकों, प्रधानाध्यापकों से कहा कि निर्धारित तिथियों के अनुसार मास्टर डाटा फीडिंग का कार्य करना सुनिश्चित करें, कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति, शुल्क प्रर्तिपूर्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि शिक्षण संस्थान मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित समस्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रमवार सूचनाओं का मास्टर डाटा 19 दिसम्बर तक प्रत्येक दशा में तैयार कर लें प्रत्येक छात्र छात्राओं को हाईस्कूल प्रमाण पत्र में अंकित नाम के अनुसार आधार कार्ड बनवाना होगा, वैवाहिक पुत्री की स्थिति में पति का नाम, पता अपडेट कराना होगा यदि किसी छात्र-छात्रा का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है तो उसे 31 दिसम्बर तक अपडेट करना होगा यदि बैंक खाता आधार से लिंक नहीं होगा तो छात्रवृत्ति की धनराशि अन्तरित नहीं हो सकेगी विद्यालय प्रबन्धतंत्र, प्रधानाध्यापक ई-के.वाई.सी. के कार्य पर विशेष ध्यान दें। श्री सिंह ने शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो, प्रधानाचार्यो, प्रधानाध्यापकों से कहा कि छात्रवृत्ति नियमावली से विस्तृत रूप से भिज्ञ हो लें, मास्टर डाटा अपडेशन, आधार प्रमाणीकरण, छात्रों के बैंक खातों को एन.पी.सी.आई. से मैपिंग कराने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की निर्धारित तिथिवार जानकारी प्रदान की गयी है। उन्होने कहा कि मास्टर डाटा अपडेशन का कार्य कोई भी विद्यालय तंत्र कम्प्यूटर ऑपरेटर पर ही न छोड़ें बल्कि विद्यालय में कमेटी बनाकर अपने स्तर से मिलान करने के उपरांत ही फीडिंग का कार्य कराया जाये, केवल माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड से हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्रों को उच्च शिक्षाओं में छात्रवृत्ति की सुविधा अनुमन्य है

## 12 स्पेशल ट्रेनों में साधारण द्वितीय श्रेणी के कोचों को आरक्षित किया

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे से संचालित होने वाली 12 स्पेशल ट्रेनों में साधारण द्वितीय श्रेणी के कोचों को आरक्षित किया गया है। गोरखपुर से 10 नवम्बर से चलने वाली 05005 गोरखपुर अमृतसर स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1, डी.2 व डी.3 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। गोरखपुर से 12 नवम्बर से चलने वाली 05023 गोरखपुर दिल्ली स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1, डी.2 व डी.3 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। छपरा से 15 नवम्बर से चलने वाली 05115 छपरा आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1, डी.2 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। गोरखपुर से 10 नवम्बर से चलने वाली 05082 गोरखपुर कामाख्या स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1, डी.2, डी.3 व डी.4 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। लालकुंआ से 10 नवम्बर से चलने वाली 05306 लालकुंआ कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1, डी.2, डी.3, डी.4, डी.5 व डी.6 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। गोमतीनगर से 16 नवम्बर से चलने वाली 05068 गोमतीनगर मालतीपाटपुर स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के डी.1 व डी.2 कोचों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

## पंजा छाप पार्टी का रवैया सामाजिक बराबरी वाला नहीं है: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** पसमांदा मुसलमान का वोट हासिल कर सत्ता का स्वाद चखती आई पंजा छाप पार्टी का रवैया किसी भी राज्य में सामाजिक बराबरी वाला नही है। छत्तीसगढ़ में सरकार होने के बावजूद महज एक मुस्लिम मंत्री है जो बेहद गंभीर बात है। कांग्रेस जब तब खोटी नीयत का मुजाहिरा करती आई है। देखना यह है कि इस राज्य में आसन्न चुनाव से पहले कांग्रेस टिकट वितरण में कौन सा फॉर्मूला अपनाती है और कितने मुस्लिम उम्मीदवारो को चुनाव लड़ने का मौका दे रही।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि अशराफ मुसलमानों के जाल में फंसती आई कांग्रेस को खुली आंखों से 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान कभी नहीं दिखा, जबकि अशराफ मुसलमान सत्ता से चिपककर केवल अपना मतलब साधते रहे इसके विपरीत पसमांदा मुसलमान ने भविष्य के बारे में सोंचकर इन्हें बार बार सत्ता में आने का मौका दिया। उल्टे कांग्रेस शासनकाल में पसमांदा समाज पर आर्टिकल 341 के माध्यम से धार्मिक पाबंदियां लागू कर दी गई। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार का हवाला देते हुए कहा कि बड़े मंत्रिमंडल में महज एक ही मुस्लिम मंत्री है जबकि कांग्रेस को सामाजिक संतुलन साधना चाहिए था पर ऐसा नही किया गया। कांग्रेस इस सच से भाग नही सकती कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनवाने में पसमांदा मुसलमान का बड़ा हाथ रहा है। इसके बाद भी कांग्रेस सच से मुंह छिपा रही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इस राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस एक बार फिर मतदाता के दरवाजे माथा टेकेगी जिसमे हर वर्ग समुदाय के साथ पसमांदा मुस्लिम भी होगा अब कांग्रेस मंत्रिमंडल में जातीय संतुलन साधती है या नही यह देखने वाला होगा। कांग्रेस गुजरे दशकों में पसमांदा मुसलमान के साथ की गई धोखाधड़ी से सबक लेगी, चुनाव में कितने मुस्लिम उम्मीदवार उतारेगी, उन्हें मंत्रिमंडल में जगह देगी या फिर पुराना रवैया अपनाती है इसी पर उसके सत्ता में लौटने की राह आसान होगी।

# अवैध पटाखा बनाने वाले दो गिरफ्तार भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

अवधनामा ब्यूरो



विस्फोटक सामग्री के साथ दोनों अभियुक्त

**कुशीनगर।** कसया पुलिस ने शुक्रवार को अवैध पटाखा बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों के पास से पुलिस ने भरी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ लगभग चार लाख रुपए का बरामद कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

बता दें कि दिपावली पर्व को लेकर चलाए जा रहे अवैध पटाखा निर्माण के विरुद्ध अभियान में कसया पुलिस ने शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से पुलिस ने कुल 07 बोरी व 02 गत्ता हस्त निर्मित पूर्ण रूप से तैयार पटाखा व 04 बोरी अर्ध निर्मित पटाखा व 123 मटका बम व एक बोरी अर्ध निर्मित मटका बम व कुल 2.380 कि.ग्रा. बारूद के साथ साजिद अली पुत्र जलालुद्दीन व रहीश आलम पुत्र लकमुद्दीन निवासीगण अहिरौली राजा थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 945/2023 धारा 5/9 (ख) विस्फोटक अधि0 1884 व 286 भादवि पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। **कप्तानगंज पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार:** थाना कप्तानगंज पुलिस टीम ने शुक्रवार को अपहरण के मामले दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मुकदमा नंबर 14616/22 धारा 323,504,506 भादवि से सम्बन्धित वारंटी रामकोमल पुत्र चौथी निवासी इन्दरपुर थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर व मुकदमा नंबर 85/2023 धारा 363/366 भादवि थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित वारंटी गोविन्द भारती पुत्र सुरागी प्रसाद उर्फ कन्हई प्रसाद निवासी इन्दरपुर थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार वरिष्ठ उपनिरीक्षक निरीक्षक सुर्यभान यादव अनिल गहलोत कास्टेबल मन्देश कुमार शामिल रहे।

## डॉ. शीमा रिजवी कम्प्यूटर सेण्टर में जनवरी 2024 से दाखिले शुरू होंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में संचालित डॉ. शीमा रिजवी कम्प्यूटर सेण्टर में जनवरी 2024 से दाखिले शुरू होंगे। इस कम्प्यूटर सेण्टर में कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बिजनेस, काउंटिंग, मल्टीलिंगुअल डीटीपी डिप्लोमा और सीसीसी कोर्स में दाखिले लिए जायेंगे। सेण्टर के सुपरवाइजर ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कम से कम हाईस्कूल, मुंशी, मौलवी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस कोर्स में छात्र छात्राओं को फण्डामेंटल ऑफ इन्फारमेशन टेक्नालॉजी, इण्टरनेट, वेब डिजाइनिंग, इनपेज उर्दू साफ्टवेयर, फाइनेंशियल एकाउंटेंसी, टैली, फोटोशॉप, जावा स्क्रिप्ट आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# प्रभारी मंत्री ने जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने जिले के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर पूरी सजगता व सतर्कता बरतें। त्यौहारों के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं जलापूर्ति के माकूल बन्दोबस्त भी किये जायें।



विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की प्रगति एवं उपलब्धि को अद्यतन रखा जाय। कम अंक प्राप्त करने वाले विभागों की समीक्षा की जाय। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र लोगों को योजनाओं से आच्छादित कराएं। परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिये गये कि दीपावली के शुभ अवसर पर जिले में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाईटों को क्रियाशील रखें। प्रभारी ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि कल्याणकारी योजनाओं अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि समय से लाभार्थियों के खातों में भेज दी जाय। इन्वेस्टर समिट के अवसर पर एमओयू करने वाले उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाय।

प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराते हुए की गई कार्यवाही से उन्हें भी अवगत करायें। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों का आभार ज्ञापित करते हुए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएम ने प्रभारी मंत्री को अंगवस्त्र व ओडीओपी का स्मृति चिन्ह तथा पौध भेंट किया। जबकि अन्य जनप्रतिनिधियों को पौध भेंट किया गया। बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के उकेरी गई रंग बिरंगी रंगोली का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीएफओ संजय शर्मा, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# धनतेरस पर टू व्हीलर खरीदने वालों की लगी लंबी कतार

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** दीपावली महोत्सव को लेकर शहर के बाजार सज चुके है। हर सेक्टर में ग्राहक उमड़ने लगे है। दुकानदार भी ऑफर देकर लोगों को आकर्षिक कर रहे है। शुक्रवार को धनतेरस के दिन नगर में टू व्हीलर ग्राहकों की पक्का तालाब चौराहे पर स्थित मिश्रा हीरो शो रूम पर दिन में दो पहिया वाहन खरीदने के लिए दिन भर ग्राहक लाइन में लगे रहे। मिश्रा हीरो की डायरेक्टर सरस्वती मिश्रा ने बताया कि धनतेरस पर सुबह से ही ग्राहकों का आना शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि उनके यहाँ एक्सचेंज ऑफर भी चल रहा है। उनके तीनों शो रूम शास्त्री चौराहा,पक्का बाग व पक्का तालाब चौराहे पर स्थित सभी शो रूम पर सुबह से भीड़ है। विवेकानंद मार्ग,सिविल लाइंस स्थित अंजली ऑटो मोटिव्स vesà¿a-aà¿rilia के डीलर संचित जैन ने बताया कि हमारे यहाँ 6 रंग में स्कूटर उपलब्ध है जिनकी कीमत एक लाख 17 हज़ार से एक लाख 33 हज़ार रुपये तक की कीमत के मौजूद है।उन्होंने



स्कूटर की विशेषता बताते हुए कहा कि 90 प्रतिशत मेटल,ख़ास पेंट,125 CC का माइलेज 45 से 48 तक है। इसमें शॉकर नहीं सस्पेंशन है।अंत में उन्होंने कहा कि मंहगा लगता है पर है नहीं क्योंकि क्वालिटी है।

# पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के खातों में भेजी गई सिलेण्डर रिफिल की धनराशि



- धनतेरस के शुभ अवसर पर लाभार्थियों को दिया गया उपहार

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को दीपावली व होली के अवसर पर निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल दिये जाने के निर्णय के क्रम में दीपावली के उपलक्ष्य में धनतेरस के शुभ अवसर पर लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 1.75 करोड़ लाभार्थियों के खातों में धनराशि का हस्तान्तरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। साथ ही प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. व अन्य के साथ उज्ज्वला योजना के 100 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पात्रता के अनुसार अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित करायें। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, निषाद पार्टी के पदाधिकारी अमरिकन बिन्द सहित योजना के लाभार्थी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## कहानी प्रतियोगिता का परिणाम हुआ घोषित

**सुल्तानपुर।** मां धनपती देवी स्मृति कथा साहित्य सम्मान 2023 हेतु आयोजित अशभाश कहानी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है।दो चरणों में हुए मूल्यांकन के बाद प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा है-डॉश सूरज सिंह नेगी( टोंक, राज0) की कहानी मास्टर जी की चिट्ठी को प्रथम स्थान मिला है।द्वितीय स्थान पर डॉश आरती लोकेश (दुबई) की कहानी गजदंत रही है।बीकानेर, राजस्थान की आशा शर्मा की कहानी अधूरी को तीसरा स्थान मिला है।इसी क्रम में तीन कहानियां विशेष प्रोत्साहन सम्मान हेतु चयनित हुई हैं। जिसमें श्यामल बिहारी महतो की कहानी ढुकनी, यशोधरा भटनागर (देवास मध्य प्रदेश) की कहानी कृष्ण,कृष्णा और कुंज तथा नई दिल्ली की कल्पना मनोरमा की कहानी कोचिंग रूम शामिल हैं।कथा समवेत पत्रिका के संपादक और कहानी प्रतियोगिता के आयोजक डॉ शोभनाथ शुक्ल ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच चयनित ये कहानियां निःसंदेह अपनी कुछ खास खूबी के साथ पाठकों का ध्यान खींचने में समर्थ हैं।

# एसपी ने शहर कोतवाल को किया लाइन हाजिर

- गरीब दुकानदारों पर आक्रोशित होकर बरसाई थीं लाठियां
- सीओ लोगों को समझाते रहे, कोतवाल ने खोया आपा

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** घण्टाघर मैदान में दुकान लगाने को लेकर गुरूवार को क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय लोगों को समझा रहे थे, तभी आवेश में आये शहर कोतवाल ने अपने सीनियर को नजर अंदाज करते हुये लोगों पर लाठियां भांज डाली। इस घटनाक्रम का वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस अधिकारी के इस रवैये को ठीक नहीं समझते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को शहर कोतवाल हरिशंकर चन्द को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करते हुये विभागीय जांच के आदेश जारी किये हैं। प्रकरण को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए एक वायरल वीडियो, जिसमें कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहा पर जाम हटाने के दौरान बल प्रयोग किया गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर विभागीय जांच प्रचलित कर दी गयी है। एएसपी ने यह भी बताया कि जांच के दौरान यह भी ज्ञात हुआ है कि घण्टाघर के पास पटरी दुकानदारों से वार्ता कर उन्हें बीच रोड से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर उनकी दुकानें लगवा दी गयी हैं, लेकिन कुछ लोगों द्वारा बीच रोड पर दुकान लगाने को लेकर जाम लगाया गया था। चूंकि बीच रोड पर बीच रोड पर दुकानें लगाये जाने से पूर्व में कई घटनाएं घटित हो चुकी थीं, इसलिए दुकानदारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया गया था।

### बड़े दुकानदारों के पाण्डाल भी घण्टाघर पर लगा रहे जाम, किये नजरअंदाज

त्यौहार के इस सीजन में जहां एक ओर दिए, ग्वालन, फूल-पत्ती इत्यादि बेचकर आजीविका चलाने वाले दुकानदारों ने महज चार वाई चार की जगह ही घेरी होगी, लेकिन घण्टाघर के आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकान से करीब बीस फीट आगे सड़क तक पैदल चलने वाली पटरी तक पर पाण्डाल लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जो कि जिम्मेवारों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है।

## प्रधान के विरुद्ध टीएसी जांच में 6 के विरुद्ध कार्रवाई

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के बल्दीराय विकास खंड की डीह ग्राम सभा मे विकास कार्यो में घपले की शिकायत पर प्रधान के विरुद्ध हुई। जांच में कई जिम्मेदार उसकी चपेट में आ गए, लेकिन कार्रवाई की पत्रावली को एक साल से अधिकारियों ने दबाए रखा।शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली।अब वहां के आदेश पर सभी जिम्मेदारों में खलबली मची हुई है।डीह गाँव के राकेश सिंह ने मई 2022 में आयुक्त,ग्राम्य विकास के यहां गाँव में प्रधान द्वारा विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत की जिस पर आयुक्त वीरेन्द्र कुमार सिंह ने तकनीकी टीम गठित कर उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए। 4 जुलाई 2022 को ग्राम सभा मे टीएसी टीम द्वारा जांच की गई। 17 अगस्त 2022 को महेंद्र कुमार,प्राविधिक परीक्षक मंडलीय टीएसी अयोध्या मंडल अयोध्या ने अपनी जांच रिपार्ट में दो लाख पचास हजार एक सौ छाछठ रुपये के दुरुपयोग में छः लोगो को दोषी माना जिसमे उस समय की खंडविकास अधिकारी अंजली सरोज,सचिव रवि कुमार, प्रधान ममता, तकनीकी सहायक सदानंद यादव, एपीओ व लेखाकार शामिल हैं।

## मिठाई दुकानदारों की भी तैयारी पूरी, सज गई सुंदर दुकाने



**इटावा।** दीपावली पर्व को लेकर मिठाई दुकानदारों में भी तैयारी तेज़ कर दी है।नगर के भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित रिद्धि स्वीट्स के अतुल यादव ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर विभिन्न प्रकार के आइटम बन कर तैयार हो गये है। काजू बर्फी, काजू, गजक, काजू और केसर आदि की वर्फ़ी व शुगर फ्री मिठाई भी उपलब्ध है।उन्होने बताया कि ग्राहकों के लिए मिठाई के सुंदर गिफ्ट,ड्राई फ्रूट आदि अच्छी क्वालिटी के मौजूद है जो ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे है।रामगंज चौराहे पर स्थित न्यू अंजली स्वीट हाउस के संचालक विमलेश कुमार जैन ने बताया कि इस वर्ष मिठाइयों के शौकीनों के लिए विशेष प्रकार की शुगर फ्री व कम मीठी मिठाई तैयार की गई है।उन्होंने बताया कि काजू के साथ खोवा-छेना की मिठाई,मोतीचूर लड्डू,सोन पापड़ी,बालू शाही आदि कई प्रकार की मिठाई उपलब्ध है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए हड़ताल हेतु सहमति पत्र अभियान शुरू



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए सहमति पत्र अभियान शुरू पुरानी पेंशन बहाली के लिए सहमति पत्र अभियान शुरू पुरानी पेंशन बहाली के लिए सहमति उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ के नेतृत्व में सहमति पत्र भरवाने का कार्य शुरू किया गया। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली के लिए होने वाले आंदोलन के लिए भागीदारी पर सहमति ली जा रही है।माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश भर में यह अभियान शुरू किया गया। पुरानी पैंशन बहाली आन्दोलन में भागीदारी के लिए सभ विद्यालयों में जा कर सहमति पत्र भरवाना प्रारंभ कर दिया है। उसी कड़ी में बिलग्राम बीआरसी में संपर्क कर सहमति पत्र पर शिक्षकों के हस्ताक्षर लिए गए। जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष शकील अहमद व अखिलेश श्रीवास्तव महामंत्री सुधीर कुमार उपाध्यक्ष की उपस्थिति में शिक्षकों ने हस्ताक्षर किए। जनपद के शिक्षक सभी सहमति पत्र 23 नवम्बर में शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ पर प्रस्तावित संगठन के धरने पर लेकर जायेंगे। जिसमें सभी ने सभी शिक्षक ने आपने हस्ताक्षर कर पुरानी पेंशन बहाल के लिए मतदान किया। जहां मौजूद रहे शकील अहमद जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव महामंत्री सुधीर कुमार उपाध्यक्ष अरविंद राठौर सुभाष चंद्र यतेंद्र कनौजिया आशीष तिवारी राजकुमार शमीम आरा गीता रानी मौर्य रेहाना परवीन नसर परवीन संग प्रिय विजय फरीद अहमद विनोद कुमार वीरेंद्र कुमार अकील अहमद आदि शिक्षक मौजूद रहें।

# अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान को मिला सर्वश्रेष्ठ पैनल अधिवक्ता अवार्ड

**अवधनामा संवाददाता**

- विधिक सेवा दिवस पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया कई योजनाओं का शुभारंभ



**ललितपुर।** जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण रहा कि असहाय लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हुये सुलभ न्याय दिलाने वाले युवा अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पैनल अधिवक्ता अवार्ड से नवाजा गया। जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार द्वारा यह अवार्ड दिया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर यूट्यूब लिंक के माध्यम से विधान से समाधान, नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण आदि कई योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में पैनल अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान को सर्वश्रेष्ठ पैनल अधिवक्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया। पीएलवी दीपक कुमार का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश डकैती शबिस्ता अकील, विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट लोकेश कुमार, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी मोहम्मद बाबर खान, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मेराज अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन अक्षय दीप यादव, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह, पैनल अधिवक्ता शेरसिंह यादव, पुष्पेंद्र सिंह चौहान पीएलवी बलराम कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुरेखा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायिक कर्मचारी शक्ति सिंह, कपिल, रोहित कुमार, राजीव, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरकन बांसी में मनाया गया दीपावली पर्व

**बांसी (ललितपुर)।** कस्बा के मजरा खिरकन स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरकन बांसी में दीपावली पर्व मनाया गया। छात्र- छात्राओं ने विद्यालय परिसर में रंगोली बनाकर दीपक और मोमबत्ती जलायी, फुलझड़ी चलाकर खुशियां मनायी। बच्चों को दीपावली मनाने की कथा और पटाखों चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गयी। ब्लाक जखौरा अंतर्गत कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय खिरकन बांसी में दीपावली पर्व मनाया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अधिकाधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों तथा कॉलेजों में पेन्टिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि के माध्यमों से सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होंने स्कूल एवं कॉलेजो में बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी वीडियो दिखाने तथा मेडिकल, प्राईवेट आदि कॉलेजों में कैम्प लगाकर जागरूक करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हाईवे पर स्थित विभिन्न ढाबों के संचालकों के साथ बैठक करे, उन्हे हाईवे से दूर वाहनों की पार्किंग करवाने के लिए निर्देश दिए जाए। आगामी दिनों में कोहरे के दृष्टिगत रोड़ों पर रेडियम लाइट, ट्री पर रेडियम, सभी स्ट्रीट लाइट संचालित रहे, निरंतर पेट्रोलिंग करे तथा लोगो को सावधानियों हेतु जागरूक करे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, नगर निगम आदि के द्वारा बनाई गई रोड़ों पर ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से निगरानी करे। स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि में संचालित वाहनों की फिटनेस, प्रदूषण तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स, चरित्र प्रमाण पत्र, नियमित रूप से ट्रेनिंग प्रोग्राम, मेडिकल कैंप लगाकर चालकों का आई टेस्ट, फिजिक्स टेस्ट आदि के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने, जगह जगह पर साइन बोर्ड लगवाने, एक्सीडेंट का सर्वे आदि के निर्देश दिए। श्री सिंह ने लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर हेलमेट व सीटबेल्ट आदि की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन तथा पुलिस विभाग को सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए हेलमेट चेकिंग व सीटबेल्ट को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि टेंपो, बसों, ट्रकों में सुरक्षा के मानक का पालन सुनिश्चित कराए।

# निशुल्क एलपीजी सिलेण्डर पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

- प्रदेश के 1.75 करोड़ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल वितरण
- जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिखाया गया सजीव प्रसारण



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** लोकभवन सभागार लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीडी सिलेण्डर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसार ललितपुर कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में दिखाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सजीव प्रसारण के दौरान लोकभवन लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर का वर्चुअल वितरण किया। कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व सिलेण्डर वितरित किये गए। जिलाधिकारी ने बताया गया कि शासन के निर्देश द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल वितरित कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजनान्तर्गत लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाना है। पीएमयूवाई के ऐसे एससीटीसी लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना हेतु पात्र होंगे। डीएसओ ने बताया कि उक्त योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत निर्गत होने वाले डीबीसी (लाभार्थी को दिए गए दूसरे सिलेण्डर कनेक्शन) पर लागू नहीं होगी। ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों द्वारा वर्तमान में 05 कि.ग्रा.के सिलेण्डरों को 14.2 कि.ग्रा. के सिलेण्डरों में परिवर्तित करने का विकल्प उपलब्ध है। अतः इस योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 कि.ग्रा. के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा अनुमन्य होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत तीनों ऑयल कम्पनियों के ए.सी.टी.सी. लाभार्थी, जिनका मिलान खाद्य एवं रसद विभाग के राशन कार्ड डाटा बेस से कराया गया है तथा जिनके आधार प्रमाणित हैं, को सर्वप्रथम योजना का लाभ दिया जायेगा। जैसे-जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उसी कम में उन्हें इस योजनान्तर्गत आच्छादित किया जाएगा। सर्वप्रथम उपभोक्ता अपने स्तर से उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा।

# धनतेरस को लेकर सजा बाजार खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** कस्बे में धनतेरस 10 नवंबर को थी और इसी के साथ दीपोत्सव पर्व का श्रीगणेश हो जाएगा। धनतेरस के पर्व को खरीददारी के लिए बेहद शुभ माना जाता है इसके चलते कस्बे बाजार में तैयारिया जोरों पर है सबसे ज्यादा भीड़ हर वर्ष भांति इस वर्ष भी बर्तनों की दुकानों पर ही रही। सुबह से लेकर देर रात तक बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कस्बे के सभी छोटे-बड़े बर्तन व्यापारियों की दुकानें सजने लगी हैं। नए-नए डिजाइन के बर्तन आकर्षित कर रहे हैं। स्टील के साथ तांबे और पीतल के बर्तन भी पर्याप्त उपलब्ध हैं। कस्बे के व्यापारी ने बताया कि मिरर पॉलिश वाले बर्तन की काफी डिमांड होती है। इनकी चमक अन्य की अपेक्षा बहुत अच्छी होती है। इसके अलावा थाली, श्रीयंत्र, लोटा, दीये और घंटी भी आकर्षक डिजाइन में है। बाजार में भीड़ को देखते हुए अच्छे कारोबार की उम्मीद है। व्यापारी ने बताया बर्तन के दाम सामन्य हैं। बर्तनों की रेंज में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। व्यापारियों ने बताया कि परंपरागत बर्तनों की मांग भी बनी रहती है। ऐसे में उनका स्टॉक भी मंगाया गया है। अबकी बार डिजाइन में हैं दीये बर्तन व्यापारी अनुज कुमार ने बताया कि दीये एक से एक बढिया डिजाइन में हैं। दीपावली पूजन में कमल के फूल का महत्त्व होता है और फूल के डिजाइन में भी दीये हैं धनतेरस को खरीददारी के लिए बेहद शुभ माना जाता है और हर कोई अपनी सामर्थ्य और जरूरत के अनुसार कुछ न कुछ जरूर खरीद कर अपने घर को ले जाता है।इस बार धनतेरस को लेकर कस्बे बाजार बहुत ही जबरदस्त तैयार था और जमकर धनवर्षा होनी की उम्मीद है चादी के भी बर्तन ज्वैलरी की दुकानों पर चांदी के बर्तन भी सज गए हैं। इनमें प्लेट, गिलास, चम्मच, कटोरी से लेकर सभी उत्पाद हैं। सर्राफा व्यापारी सतीश बाथम ने बताया कि दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी शुरू होगा शादियों में बेटियों को चांदी के वर्तन काफी लोग देते है धनतेरस से अच्छा मौका खरीददारी के लिए क्या होगा। पवन सिंघल .....ने बताया कि धनतेरस पर सबसे अधिक खरीददारी चांदी के सिक्कों की होती है। लक्ष्मी, गणेश और स्वास्तिक बने सिक्कों की डिमांड होती है तो इसका पूरा ख्याल रखा गया है। चांदी के नोट और डॉलर भी है।

## पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मथुरा में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**मथुरा।** पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 नवंबर शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शैलेश कुमार पांडे, अपर पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा मार्तंड प्रताप सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुमुद, अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा आनंद कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा, अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम अवनीश कुमार मिश्र तथा उनकी पत्नी श्रीमती पूनम मिश्र एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक नृत्य तथा गायन प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना भी आवश्यक होना चाहिए जिससे कि उनके सर्वांगीण विकास हो सके। छात्रों की इसी प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए पुलिस मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी भिन्न-भिन्न पदों पर चुने गए। जिसमें कक्षा 11 की छात्रा मीनेश हेड गर्ल तथा कक्षा 11 का छात्र सुमित को हेड बॉय चुना गया। तथा चारों सदनो के विद्यार्थी कैप्टन तथा वाइस कैप्टन एवं अन्य काउंसलर चुने गए।

# धनतेरस पर सर्राफा बाज़ार रहा गुलज़ार

- बाजार में खरीददारों की भरमार, खिले कारोबारियों के चेहरे

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** आज से शुरू हो रहे छह दिवसीय दीपावली महोत्सव को लेकर शहर के बाजार सज चुके है। हर सेक्टर में ग्राहक उमड़ने लगे हैं। दुकानदार भी ऑफर देकर लोगों को आकर्षिक कर रहे हैं। कपड़ा व ज्वैलरी मार्केट में खरीदारी परवान पर है। इस बार दीपावली पर बाजारों में खासी रौनक है। ज्वैलरी दुकानों में खरीदार ऑर्डर देने आ रहे हैं। शुक्रवार को धनतेरस पर रुद्रांश, श्री गिर्राज, गहना, मैसर्स छोटे लाल फकीर चंद सर्राफ, पायल हाउस ज्वैलर्स, कृष्णा, तरुण, प्रदीप आदि ज्वैलर्स की दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। धनतेरस-दीपावली पर्व के मद्देनजर कई आकर्षक आइटम बाज़ार में नज़र आये। फैंसी कपड़ों के अलावा महिलाओं के लिए लेटेस्ट डिजाइन की साड़ियों की डिमांड अधिक है। शाम होती ही बाजार ग्राहकों से भरता जा रहे हैं। रंग-बिरंगे बल्ब से लेकर मिट्टी के दीए से बाजार पट गया है। रंग-बिरंगी झालरों 50 से लेकर 500 तक में उपलब्ध है। घूमने वाले रंगीन बल्ब की भी खूब मांग है। मिट्टी के दीए एवं कुल्हिया-चुकरिया खरीदने के लिए भी लोग जुट रहे हैं। बाजार में मिट्टी का दिया 100 रुपये सैंकड़ा बिक रहा है। कुल्हिया, चुकिया, ढक्कन आदि का मूल्य बडा छोटा के आधार पर है। कपड़े और ज्वेलरी दुकान में भी सभी तरह के आकर्षक आइटम भर गए हैं। राजीव चंदेल, महामंत्री इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन का कहना है कि सरकार उपभोक्ता संरक्षण के लिए हॉलमार्क पर सख्त क़ानून के साथ कड़ी निगरानी कर रही है। उससे फिर वही पुराना विश्वास और शुद्धता लौटी है ग्राहक एचयूआईडी के नम्बर वाले हॉलमार्क और पक्के बिल पर भरोसा कर रहा है। दीपोत्सव को लेकर बाजार में रौनक बढ़ती जा रही है। इस बार खरीदारों में ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# फेस्टिव सीजन में ट्राई करें ये ट्रेंडी और ईजी हेयरस्टाइल, देखने वाले नहीं हटा पाएंगे नजर

इस साल 12 नवंबर 2023 को दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। दिवाली के मौके पर कई लोग अपने घर में दिवाली पार्टी का भी आयोजन करते हैं। दिवाली के दिन महिलाएं खास तौर पर अपने लुक्स पर ध्यान देती हैं। ऐसे में आप इन हेयरस्टाइल के साथ दिवाली पर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

आज से यानी की धनतेरस के पर्व से दिवाली का त्योहार शुरू हो जाता है। इस साल 12 नवंबर 2023 को दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। दिवाली के मौके पर कई लोग अपने घर में दिवाली पार्टी का भी आयोजन करते हैं। दिवाली के दिन महिलाएं खास तौर पर अपने लुक्स पर ध्यान देती हैं। दिवाली के मौके पर महिलाएं अपने लुक को खास बनाने के लिए काफी कुछ करती हैं। लेकिन जब बात हेयर स्टाइल की आती है, तो कई बार समझ नहीं आता कि कौन सी हेयरस्टाइल हमें कैरी करना चाहिए।

ऐसे में अगर आप भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिवाली के मौके पर कुछ ट्रेंडी और खूबसूरत हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी इस तरीके से अपने बालों को स्टाइल कर सकती हैं। तो आइए जानते हैं ट्रेंडी और खूबसूरत हेयर स्टाइल के बारे में...



### फ्रेंच चोटी

दिवाली में ज्यादातर महिलाएं व लड़कियां एथनिक ड्रेस कैरी करती हैं। वहीं एथनिक ड्रेस पर फ्रेंच चोटी बेहद खूबसूरत लगती है। साथ ही फ्रेंच चोटी काफी कंफर्टेबल भी होती है। ऐसे में अगर आपक बाल छोटे हैं और आप इन्हें बांधना चाहती हैं। तो आप फ्रेंच चोटी बना सकती हैं। यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा।

### पोनी टेल

हांलाकि कई लोगों का मानना है कि सिर्फ वेस्टर्न लुक के साथ पोनी टेल अच्छी लगती है। लेकिन बता दें कि यह सोचना बिलकुक गलत है। दिवाली के मौके पर अपने लुक को खास बनाने के लिए आप राइट और लेफ्ट से पतली चोटी पोनी हेयर स्टाइल कैरी कर सकती हैं। कम समय में यह सिंपल हेयरस्टाइल काफी अच्छी लगेगी।

### मेसी बन

अगर आप दिवाली के मौके पर साड़ी पहनने जा रही हैं, तो आपको मेसी बन बनाना चाहिए। आजकल साड़ी के साथ मेसी बन का ट्रेंड काफी चलन में है। साड़ी के साथ यह हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेगी। वहीं खुद को ट्रेडिशनल लुक देने के लिए आप मेसी बन को गजरे से सजा सकती हैं।

### हाफ टाई हेयर स्टाइल

अगर आपके पास भी दिवाली में समय की कमी होती है, तो आप हाफ टाई हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस हेयर स्टाइस को बनाना काफी ज्यादा आसान है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको आगे के कुछ बाल लेकर पीछे की तरफ टाई करना है। फिर बाकी नीचे के बालों को सॉफ्ट कर्ल कर लें। यह हेयर स्टाइल आपको ट्रेंडी और ट्रेडिशनल दोनों दोनों लुक देने का काम करेगा।

# दिवाली पूजा पर इंस्टेंट ग्लो पाने के लिए घर पर करें फेशियल, चांद सा चमक उठेगा चेहरा



फेस्टिव सीजन में सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपका चेहरा ग्लो करे। ऐसे में महिलाएं ग्लोइंग स्किन पाने के लिए ब्यूटी पार्लर में पैसे खर्च करती हैं। लेकिन आप चाहें तो इस दिवाली आप घर पर ही फेशियल कर ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं।

दिवाली दीपों का त्योहार है। इस साल दिवाली का पर्व 12 नवंबर 2023 को मनाया जाएगा। उसके बाद गोवर्धन पूजा और भाई दूज मनाया जाता है। हांलाकि इस उत्सव में हर कोई संदुर दिखना चाहता है। लेकिन महिलाएं व लड़कियां दिवाली के मौके पर सबसे अलग व खूबसूरत दिखना चाहती हैं।

इसके लिए वह ना सिर्फ स्टाइलिश कपड़े बल्कि एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल पर भी खास ध्यान देती हैं। लेकिन फेस्टिव सीजन में सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपका चेहरा ग्लो करे। ऐसे में महिलाएं ग्लोइंग स्किन पाने के लिए ब्यूटी पार्लर में पैसे खर्च करती हैं। लेकिन आप चाहें तो इस दिवाली आप घर पर ही फेशियल कर ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर आसान तरीके से फेशियल करने के कुछ स्टेप बताने जा रहे हैं। इन स्टेप को फॉलो कर ना सिर्फ आपके पैसों की बचत होगी। बल्कि दिवाली के मौके पर आपके फेस पर नेचुरल ग्लो आएगा। घर पर फेशियल करने से आपका चेहरा दमकने लगेगा और इस तरीके से आप अपने लुक को भी खूबसूरत बना सकती हैं। इस तरह से अगर आपको भागदौड़ के बीच मेकअप करने का मौका नहीं भी मिलेगा, तो भी आपका चेहरा ग्लो करेगा। तो आइए जानते हैं घर पर फेशियल करने के इन आसान तरीकों के बारे में...

### घर पर फेशियल करने के लिए जरूरी सामान

*फेस क्लींजर*
*फेशियल स्क्रब*
*पानी से भरा बर्तन*
*टोनर*
*मॉइस्चराइजर और तौलिया।*

### फेशियल स्टेप

अगर आप घर पर फेशियल करने जा रही हैं, तो सबसे पहले हेयर बैंड, हेड बैंड और बॉबी पिन की मदद अपने बालों को अच्छे से पिन कर लें। जिससे कि फेशियल के दौरान बाल आपके चेहरे पर ना आएं।

अब अपने चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद आप अपनी स्किन टाइप का क्लींजर इस्तेमाल करें।

इस दौरान ध्यान रखें कि चेहरे को धोने के लिए ना तो ज्यादा ठंडे और ना ही ज्यादा गर्म पानी का इस्तेमाल करें। फेशियल के दौरान गुनगुने पानी से अपना चेहरा साफ करें।

मेकअप अच्छे से निकल जाने के बाद फेस को स्क्रब करें। आप मार्केट से कोई भी अपना मनपसंद स्क्रब ले सकते हैं। बता दें कि फेस स्क्रब करने से आपके चेहरे की डेड स्किन निकल जाएगी।

इसके बाद चेहरे को धो कर नरम तौलिया से चेहरा भिगोकर फेस को थपथपाते हुए मसाज करें और फिर फेस पोछ लें।

अब फेस मसाज करें और चेहरे पर बीच की तीन उंगलियों से सर्कुलर मोशन में फिराएं। फिर माथे, नाक के कोनों और होठों के ऊपर वाले हिस्से का मसाज करें।

ऐसा करने के बाद फेस पर मॉइस्चराइजर लगा लें। आप चाहें तो बाद में फेस पैक भी लगा सकती हैं। इस आसान तरीके से आप घर पर ही फेशियल कर सकती हैं। इससे आपके चेहरे पर ग्लो आएगा।

# इन ट्रेंडी मेकअप लुक्स को कैरी कर बदलें अपना लुक, चेहरे से नहीं हटेगी लोगों की नजर

महिलाओं के बीच दिवाली का अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। दिवाली के दिन महिलाएं व लड़कियां खूबसूरत लुक के लिए ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। अगर आप भी दिवाली के दिन सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो इन मेकअप लुक्स को ट्राई कर सकती हैं।

दिवाली के पर्व पर घर और बाहर चारो तरह रौनक ही रौनक देखने को मिलती है। खासकर महिलाओं के बीच दिवाली का अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। दिवाली के दिन जहां रिश्तेदारों और दोस्तों का एक-दूसरे के घर आना जाना लगा रहता है। ऐसे में दिवाली के दिन महिलाएं व लड़कियां खूबसूरत लुक के लिए ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं।

वहीं महिलाएं मेकअप और हेयर स्टाइल का भी खास ख्याल रखती हैं। ऐसे में अगर आप भी दिवाली के दिन सबसे अलग और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिवाली के मौके पर परफेक्ट मेकअप लुक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप भी बेहद गॉर्जियस नजर आ सकती हैं।

### सन किस्ड मेकअप

बता दें कि इन दिनों यह मेकअप काफी ज्यादा ट्रेंड में बना हुआ है। आम लड़कियों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक सन किस्ड मेकअप करना पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी दिवाली के मौके पर सन किस्ड मेकअप कर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। इस मेकअप लुक को पाने के लिए बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें, फिर चीकबोन्स पर हाइलाइटर और आखों पर गोल्डन या फिर शिमरी आईशैडो अप्लाई करें। वहीं मस्कारा और काजल लगाकर आई मेकअप को पूरा करें। इसके बाद पिंक लिपस्टिक लगाकर अपना सन किस्ड मेकअप लुक कंप्लीट करें।



### स्मोकी आई मेकअप

स्मोकी आई मेकअप पिछले कुछ सालों से फैशन में बना हुआ है। ऐसे में अगर आप भी दिवाली के मौके पर लाइट कलर का आउटफिट पहनने का प्लान कर रही हैं, तो इसके साथ आप स्मोकी आई मेकअप कर सकती हैं। इस लुक को पाने के लिए सबसे पहले चेहरे पर फाउंडेशन का बेस लगाएं, फिर आई मेकअप के लिए आखों पर ब्राउन और ब्लैक कलर का आईशैडो अप्लाई करें। इसके बाद पिंक बल्श और लाइट लिपस्टिक से अपने लुक को कंप्लीट करें।

### शिमरी मेकअप

फस्टिव सीजन में स्टनिंग लुक पाने के लिए आप शिमरी मेकअप को रिक्रिएट कर सकती हैं। शिमरी मेकअप के लिए सबसे पहले चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं। फिर चीक बोन्स और नोज ब्रिज पर हाइलाइटर अप्लाई करें। इसके बाद गोल्डन आई शैडो लगाकर काजल और मस्कारा लगाएं। फिर ड्रेस के मुताबिक लिपस्टिक लगाकर लगाकर अपने लुक को पूरा करें।

### मिनिमल मेकअप लुक

आपने भी इन दिनों मिनिमल मेकअप लुक का काफी क्रेज देखा होगा। ऐसे में इस फेस्टिव सीजन आप भी सिंपल और ग्लोइंग लुक के लिए यह मिनिमल मेकअप लुक कैरी कर सकती हैं।

इस लुक को रीक्रिएट करने के लिए आईलिड्स पर सिल्वर आई शैडो लगाकर पलकों पर मस्कार लगाएं। गालों पर पिंक ब्लश अप्लाई करें। इस तरह से आपका मिनिमल मेकअप लुक कंप्लीट हो जाएगा।

### सटल मेकअप लुक

फेस्टिव सीजन के मौके पर आप सटल मेकअप भी कर सकती हैं। इसके लिए चेहरे पर फाउंडेशन का बेस लगाएं। फिर अपनी आईब्रो को डिफाइन करें और पलकों पर मस्कारा लगाएं। फिर ग्लॉसी लिपबाम लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

# इस फेस्टिव सीजन इन मेहंदी डिजाइंस से सजाएं अपने हाथ, सुंदरता में लगेंगे चार चांद



आज हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं।

कोई भी पर्व या त्योहार मेहंदी के बिना अधूरा माना जाता है। त्योहारों पर अक्सर महिलाएं और लड़कियां अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हैं। त्योहार में लड़कियां जिस तरह से अपने पसंद के कपड़े और ज्वेलरी लेती हैं, तो उसी तरह वह मेहंदी भी लगवाती हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी डिजाइंस खूब चर्चा में होती है।

### कस्टमाइज मेहंदी

बता दें कि इस साल कस्टमाइज मेहंदी का ट्रेंड भी खूब चलन में है। इस तरह की मेहंदी में लोग किसी एक थीम को फॉवो करते नजर आए हैं। जैसे वेडिंग थीम या बेबी शावर थीम खूब ट्रेंड में रही है। तो वहीं कुछ लोगों ने अपने पार्टनर की फोटो को मेहंदी में बनवाया।

### पीकॉक डिजाइन

मेहंदी डिजाइन में इस साल मोर के पंख और मोर वाली डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही। यह आपके हाथों में काफी खूबसूरत लगेगी। आप इस मेहंदी डिजाइन को फ्रंट और बैक साइड दोनों पर अप्लाई करवा सकते हैं।

### क्रिस क्रॉस मेहंदी डिजाइन

इस तरह की मेहंदी डिजाइन हाथों में बहुत ज्यादा खूबसूरत लगती है। इस साल किसक्रॉस यानी की जाल दार मेहंदी डिजाइन काफी ज्यादा ट्रेंड में रही है। इसे त्योहारों से लेकर शादियों तक के मौकों पर आप लगा सकती है।

### अरेबियन और मारवाड़ी फ्यूज़न

इस साल अरेबियन और मारवाड़ी का फ्यूज़न कॉन्बिनेशन भी काफी ज्यादा ट्रेंड में रहा है। इस तरह की डिजाइन में आपको ब्रेसलेट लुक मिलता है। इस तरह की मेहंदी डिजाइन में आपको डिफरेंट वैराइटीज एक ही डिजाइन में नजर आएंगी।

### मंडला आर्ट मेहंदी

इस तरह की मेहंदी डिजाइन आपको हाथों पर खूब जचेंगी। इस डिजाइन में फाइन वर्क किया जाता है। त्योहारों से लेकर शादियों तक में लोगों ने इस डिजाइन को अपने हाथों में ट्राई किया है।

### गोल टिक्की मेहंदी डिजाइन

बता दें कि इस बार किसी भी तीज त्योहार या शादी के फंक्शन में यह मेहंदी की डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही है। यह काफी जल्दी लग जाती है और यह हाथों में भी काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है।

# देश ही नहीं विदेशों में भी इन फैशन डिजाइनर्स ने जमाई अपनी धाक, बड़े-बड़े सेलिब्रिटी भी हैं फैन

अक्सर हमारे देश में फेमस एक्टर, एक्ट्रेसस और क्रिकेट प्लेयर्स की सबसे ज्यादा चर्चा होती है। लेकिन आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ फेमस फैशन डिजाइनर्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी अपना खूब नाम कमाया है।

अक्सर हमारे देश में फेमस एक्टर, एक्ट्रेसेस और क्रिकेट प्लेयर्स की सबसे ज्यादा चर्चा होती है। लेकिन आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ फेमस फैशन डिजाइनर्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी अपना खूब नाम कमाया है। हमारे देश में कई फेमस फैशन डिजाइनर हैं। जिनकी स्टाइल की पूरी दुनिया दीवानी है।

वैसे फैशन डिजाइनर का नाम लेते ही हमारे जहन में मनीष मल्होत्रा, सब्यसाची आदि का नाम जरूर आता है। हांलाकि यह फेमस डिजाइनर किसी परिचय के मोहताज नहीं है। इन्होंने बॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा, अनुष्का शर्मा, आलिया भट्ट आदि एक्ट्रेस की ड्रेस डिजाइन की है। आइए जानते हैं इन फेमस फैशन डिजाइनर के बारे में जिन्होंने भारत ही नहीं बल्कि ग्लोबल तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है।



### मनीष मल्होत्रा

मनीष मल्होत्रा भारत के जाने-पहचाने फैशन डिजाइनर हैं। उन्होंने अपने फैशन डिजाइनिंग के सफर की शुरूआत 'स्वर्ग' फिल्म में जूही चावला के लिए ड्रेस डिजाइन करके किया था। जिसके बाद उन्होंने कई बड़ी और फेमस एक्ट्रेसेस जैसे माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या राय, श्री देवी, काजोल, रवीना टंडन, रानी मुखर्जी और करीना कपूर आदि के लिए ड्रेस डिजाइन किए।

### रितू कुमार

बता दें कि रितू कुमार भारत की पहली ऐसी फैशन डिज़ाइनर हैं। जिन्होंने ट्रेडिशनल इंडियन क्राफ्ट्स में काफी अहम योगदान दिया है। रितू कुमार कपड़ो में रेशम, कपास और चमड़े का उपयोग ज्यादा करती हैं। साल 1969 में रितू कुमार ने अपना लेबल लॉन्च किया था। देशभर में रितू कुमार के 27 स्टोर हैं।

### नीता लुल्ला

नीता लुल्ला फैशन डिजाइनिंग के फील्ड में 28 सालों से काम कर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड के कई बड़े-बड़े निर्देशकों के साथ काम किया है। साल 1985 ने नीता ने शादी की ड्रेसेज डिजाइन करना शुरू किया था। बैस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग के लिए उनको 4 बार भारत के राष्ट्रपति से नैशनल फिल्म अवार्ड का सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा नीता ने फैशन और स्टाइल के लिए कई नैशनल और इंटरनैशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं।

### सब्यसाची मुखर्जी

अपनी शानदार डिज़ाइन्स से सब्यसाची मुखर्जी ने खुद को फैशन जगत में स्थापित किया है। वह फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के एसोसिएट डिजाइनर हैं। साथ ही वह नेशनल म्यूजियम भारतीय सिनेमा के सबसे युवा सदस्य भी हैं। साल 1999 में नई दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से कॉलेज पूरा किया। इसके बाद उन्होंने अपने लेबल को लॉन्च किया। कुछ ही सालों में सभी सब्यसाची की प्रतिभा के कायल हो गए।

### रोहित बेल

लीवुड इंडस्ट्री के जाने-पहचाने डिज़ाइनर्स की लिस्ट में रोहित बेल का नाम भी शामिल है। फैशन इंडस्ट्री में रोहित को बैड बॉय के नाम से जाना जाता है। वह इकलौते ऐसे फैशन डिजाइनर हैं, जिन्होंने मुगल फैशन को आगे बढ़ाने का काम किया है। भारत के सबसे बड़े हैंडलूम टेक्सटाइल ऑपरेशन, खादी ग्राम उद्योग द्वारा भी रोहित बल को उनके साथ काम करने के लिए चुना गया था।

### मसाबा

मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स और भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री नीना गुप्ता की बेटी मसाबा भी फैशन इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। ग्रेजुएट होने के बाद उन्होंने अपना ब्रैंड लेबल लॉन्च किया था। वह ट्रेडिशनल इंडियन एस्थेटिक्स और मॉडर्न क्लोथिंग का फ्यूज़न डिजाइन क्रिएट करती हैं। मसाबा की ड्रेसेज वाइब्रेंट और क्रर्कि प्रिंट से फिलअप होती हैं।

### संदीप खोसला

बॉलीवुड और फैशन इंडस्ट्री में बहुत लोकप्रिय और बहुचर्चित डिज़ाइनर संदीप खोसला किसी पहचान के मोहताज नहीं है। वह अबू जानी-संदीप खोसला के सह-मालिक हैं। संदीप खोसला को इंडियन क्राफ्टमैनशिप और यूरोपियन सिलआउट्स के साथ टेक्सटाइल हेरिटेज को ब्लेंड करने की काबिलियत के लिए जाना जाता है। साल 2008 में संदीप ने द फर्स्ट लेडीज विथ अबू संदीप टीवी शो होस्ट किया था। इसमें उनके अलावा तमाम स्टार्स जया बच्चन, सुजैन खान, गौरी खान, नीता अम्बानी, किरण खेर, महारानी पद्मिनी देवी, उषा मित्तल आदि नजर आए थे।

# इस साल मेकअप से जुड़े ये ट्रेंड्स हो रहे हैं पॉपुलर, आप भी जरूर करें ट्राई

अगर आप भी किसी पार्टी, फंक्शन या शादी अटेंड करने की तैयारी कर रही हैं। तो इसमें सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना ही काफी नहीं होता है। अपने पूरे लुक को बेहतर करने के लिए थोड़ा मेकअप का होना भी जरूरी होता है।

अगर आप भी किसी पार्टी, फंक्शन या शादी अटेंड करने की तैयारी कर रही हैं। तो इसमें सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना ही काफी नहीं होता है। अपने पूरे लुक को बेहतर करने के लिए थोड़ा मेकअप का होना भी जरूरी होता है। हांलाकि लड़कियों का मेकअप के लिए प्यार तो जग जाहिर है। ऐसे में हर साल मेकअप का ट्रेंड बदलता रहता है।

इसलिए यह पता होना बेहद जरूरी होता है कि किस तरह का मेकअप आपके लुक को और भी ज्यादा निखारने का काम करता है। साथ ही इस साल मेकअप का ट्रेंड क्या चल रहा है। ऐसे में अगर आप भी जानना चाहती हैं कि इस साल कौन सा मेकअप ट्रेंड में चल रहा है तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं।

### ब्लश ड्रेपिंग

ब्लश के साथ मेकअप का रिश्ता काफी पुराना है। पहले के समय सिंदूर को चीक्स पर लगाकर ब्लश की तरह इस्तेमाल किया जाता था। जिससे कि आपके चीक्स पिंक नजर आए। लेकिन अब आपको मार्केट में कई तरह के ब्लशर मिल जाएंगे। ब्लश को चीकबोन्स से लेकर सी-शेप में लगाया जाता है।

### वेट मेकअप लुक

पिछले कुछ समय से ब्यूटी मार्केट में वेट हेयर लुक दस्तक दे रहा है। ऐसे में आप भी वेट मेकअप लुक के लिए मैट प्रोडक्ट के पीछे दौड़ना छोड़ दीजिए। इसके लिए आप सीरम, फाउंडेशन और लिक्विड हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपको ग्लॉसी और चमकदार फिनिश मिलेगा। जो आपके लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करता है।

### एम्बेलिश्ड ब्यूटी

पॉप कल्चर आ जाने से मेकअप में भी पॉप कलर्स या नियॉन कलर्स ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसके लिए आंखों को एम्बेलिश्ड रखने के लिए आईशैडो लगाने के बाद उस पर स्टोंस और पर्ल से क्रिएट किया जा रहा है। आई मेकअप का यह ट्रेंड पूरे साल काफी हाइलाइट रहा है।

### ब्राउनी लिप्स

मार्केट में लिप्स के लिए कई तरह के लिप कलर, लिप बाम, लिप पेंट, लिप टिंटेड लिपस्टिक के ऑप्शन में मिल जाएंगे। लेकिन यह सारे ऑप्शन मार्केट में आए और गए। लेकिन इस साल न्यूड लिप और लिप बाम या टिंटेड लिप मॉयस्चराइजर का ट्रेंड रहने वाला है। जहां आंखों के मेकअप के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट्स किए जा रहे हैं तो वहीं लिप्स न्यूड और डल रहेंगे।

### पेस्टल से करें प्ले

इस साल पेस्टल कलर में ग्रीन और लेवेंडर कलर इन रहा है। ऐसे में



फाइन लुक के लिए आप आईशैडो या ब्लशर में पेस्टल कलर्स का चुनाव कर सकती हैं। इससे आप मेकअप ट्रेंड के साथ चलने वाली लगेंगी। साथ ही आपको गॉर्जियश लुक भी मिलेगा।

### मिल्की मैनिक्योर

मैनिक्योर करवाने के बाद नेल्स की बारी आती है। इसलिए आप नाखूनों में पॉप नेल पेंट्स करवा सकती हैं और मिल्की मैनिक्योर लें। इससे आपके हाथों की स्किन मखमली और मुलायम लगेगी। आप चाहें तो हाथों पर मॉइश्चराइजर लगाकर उन्हें सॉफ्ट टच दे सकती हैं।

# प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कल का इंतजार नहीं कर सकते, राज्य की सरकारों को शीर्ष अदालत की नसीहत

**भूजल**

**शीर्ष अदालत ने पंजाब में घटते भूजल पर कहा कि राज्य में लगातार पानी का स्तर कम होता जा रहा है। हम वहां एक और रेगिस्तान नहीं बना सकते हैं।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब में भूजल पर भी चिंता जताई।

शीर्ष अदालत ने पंजाब में घटते भूजल पर कहा कि राज्य में लगातार पानी का स्तर कम होता जा रहा है। हम वहां एक और रेगिस्तान नहीं बना सकते हैं। राज्य में धान की खेती को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह चाहता है कि खेतों में पराली जलाना बंद हो। न्यायाधीश संजय किशन कौल ने कहा, हमने एक कार्यप्रणाली का सुझाव दिया है, आप जो चाहें वैसा करें, लेकिन खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को रोका जाना चाहिए। खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए कुछ आपातकालीन उपायों की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और पंजाब सरकार से पूछा कि वे पंजाब में जल स्तर को सही करने के लिए धान को धीरे-धीरे हटाने के लिए उपाय के रूप में क्या कदम उठा रहे हैं। आज बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसान भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें अधिक जिम्मेदार होना होगा और हमें उनकी जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी होना होगा। लेकिन लोगों को मरने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब में किसान बहुत अच्छी तरह से संगठित हैं और सरकार से पूछा कि वह किसान निकायों से बात क्यों नहीं करती है। उन्हें बढ़ावा क्यों नहीं देती है। प्रदूषण का स्तर कम होना चाहिए, कल का इंतजार नहीं किया जा सकता।

वहीं, दिल्ली सरकार ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऑड-ईवन पर नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस पर शीर्ष अदालत ने फटकार लगाई कि इसके काम न करने पर इसे अदालत पर डालने की कोशिश मत करना।

## भारत में हिंदुत्व की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत में हिंदुत्व की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में केंद्र सरकार को निर्देश दे। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका को लेकर कहा कोई कहेगा इस्लाम की रक्षा करें तो कोई कहेगा कि ईसाई धर्म की रक्षा करें।

पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल के अलावा जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला भी शामिल रहे। याचिका उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति ने दायर की थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा आप कुछ करते हैं या आप कुछ बनाते हैं तो कोई भी आपको नहीं रोक रहा है लेकिन आप ये नहीं कह सकते कि सभी ऐसा करें। इसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात तीन जवानों को हटाया गया

**घटना की जांच**

**बताया जा रहा है कि कर्मियों को कथित रोडरेज घटना की जांच लंबित होने तक हटा दिया गया है।**



**नई दिल्ली।** कवि कुमार विश्वास की वीआईपी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रोडरेज घटना की जांच होने तक तीन जवानों को सीआरपीएफ ने ड्यूटी से हटा दिया है। जवानों पर आरोप है कि उन्होंने एक डॉक्टर के साथ मारपीट की थी। सीआरपीएफ ने कहा, उनकी जगह दूसरे जवानों को तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि कर्मियों को कथित रोडरेज घटना की जांच लंबित होने तक हटा दिया गया है। यह घटना तब सामने आई जब आठ नवंबर को कुमार विश्वास उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से अलीगढ़ की तरफ जा रहे थे।

सीआरपीएफ महानिदेशक एस एल थाओसेन द्वारा घटना की समीक्षा के बाद कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि कमांडो द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। हालांकि सूत्रों ने कहा कि घटना के पूरे तथ्य जांच पूरी होने के बाद स्थापित किए जाएंगे। सीआरपीएफ ने घटना के बारे में रिकॉर्ड किए गए कुछ मोबाइल वीडियो और कथित पीड़ित और इसमें शामिल सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिए गए शुरुआती बयानों के आधार पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है।

पीड़ित डॉ. पल्लव बाजपेयी ने गाजियाबाद में इंदिरापुरम पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है। आरोप लगाया कि कुमार विश्वास वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसके बाद विश्वास के साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन पर हमला किया।

विश्वास के सुरक्षाकर्मियों की ओर से बुधवार को एक पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके वाहन को एक व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही कार ने टक्कर मार दी। जिसने कवि के काफिले में चल रहे सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया।

बता दें खालिस्तान समर्थकों का समर्थन करने के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोपों के बाद केंद्र ने पिछले वर्ष कुमार विश्वास को सीआरपीएफ वीआईपी सुरक्षा विंग के तहत वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी। हालांकि अरविंद केजरीवाल ने आरोपों को खारिज कर दिया था।

# ईएनपीओ की अलग राज्य की मांग का समाधान है आर्थिक पैकेज, नगालैंड सरकार ने केंद्र से की सिफारिश

**समस्या**

**नगालैंड सरकार के प्रवक्ता केजी कान्ये ने कहा कि अगर इन मुद्दों को सुलझा लिया जाए तो अलग राज्य की मांग वाली समस्या सुलझ सकती है।**




**कोहिमा।** ईएनपीओ में नगालैंड के छह जिले आते हैं, जिनमें मोन, तुएनसांग, किफिरे, लोंगलेंग, नोकलाक और शामातोर शामिल हैं। इन जिलों में नगालैंड की सात जनजातियां चांग, खियामनियुंगन, कोन्याक, फोम, संगतम, तिखिर और यिमखिउंग निवास करती हैं।

नगालैंड सरकार के मंत्री केजी कान्ये का कहना है कि ईस्टर्न नगालैंड पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) की अलग राज्य की मांग का समाधान विशेष आर्थिक पैकेज है। ऐसे में नगालैंड सरकार ने केंद्र सरकार से इसकी सिफारिश की है। केजी कान्ये ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईएनपीओ का मामला राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक ज्यादा है। राज्य के पूर्वी इलाकों में बुनियादी सुविधाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। साथ ही पूर्वी नगालैंड में रहने वाले लोगों का प्रति व्यक्ति आय भी कम है।

नगालैंड सरकार के प्रवक्ता केजी कान्ये ने कहा कि अगर इन मुद्दों को सुलझा लिया जाए तो अलग राज्य की मांग वाली समस्या सुलझ सकती है। बता दें कि ईएनपीओ में नगालैंड के छह जिले आते हैं, जिनमें मोन, तुएनसांग, किफिरे, लोंगलेंग, नोकलाक और शामातोर शामिल हैं। इन जिलों में नगालैंड की सात जनजातियां चांग, खियामनियुंगन, कोन्याक, फोम, संगतम, तिखिर और यिमखिउंग निवास करती हैं। केंद्र सरकार ने नगालैंड को राज्य का दर्जा देने के बाद बड़ी मात्रा में धन का आवंटन किया है, इस पर केजी कान्ये ने कहा कि केंद्र द्वारा दिए गए फंड जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच सका और इसकी आवंटन प्रक्रिया भी सही नहीं रही। ईएनपीओ और केंद्र सरकार लंबे समय से बातचीत कर रहे हैं लेकिन इस बातचीत में अभी तक राज्य सरकार शामिल नहीं थी। अब राज्य सरकार को भी बातचीत में शामिल किया गया है, जिस पर नगालैंड सरकार ने खुशी जाहिर की। कान्ये ने कहा कि राज्य सरकार के बातचीत में शामिल होने को प्रक्रिया को बाधित करने या हस्तक्षेप करने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बातचीत में हुई देरी में राज्य सरकार का कोई हाथ नहीं है। ईएनपीओ ने ही राज्य सरकार से बातचीत में शामिल होने की पेशकश की है।

# राज्यपाल रवि के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

**घटना की जांच**

**याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक कार्यों पर कार्रवाई ना करके राज्यपाल नागरिकों के जनादेश के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।**



**नई दिल्ली।** राज्यपाल द्वारा विधेयक पास करने में देरी के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। अब इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को मामले की सुनवाई में शामिल होने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि तमिलनाडु सरकार ने याचिका में जो मुद्दा उठाया है, वह बेहद चिंताजनक है।

बता दें कि तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर राज्यपाल पर राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाया। सरकार का कहना है कि इससे राज्य में संवैधानिक गतिरोध की स्थिति पैदा हो गई है। याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक कार्यों पर कार्रवाई ना करके राज्यपाल नागरिकों के जनादेश के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। याचिका में कहा गया कि विधानसभा में पारित 12 विधेयक राज्यपाल आरएन रवि के कार्यालय में लंबित हैं। आरोप है कि राज्यपाल रोजमर्रा की फाइलों और नियुक्तियों के आदेश पर भी सहमति नहीं दे रहे हैं।

तमिलनाडु सरकार का कहना है कि भारत के संविधान ने राज्यपाल को दोहरी जिम्मेदारी दी है। राज्यपाल राज्य के संवैधानिक प्रमुख होते हैं, जो मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हुए हैं। वहीं केंद्र और राज्य सरकार के बीच राज्यपाल संवैधानिक कड़ी के रूप में भी काम करते हैं लेकिन राज्यपाल ने संविधान का उल्लंघन किया है। राज्यपाल विधानसभा से पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा- संदिग्ध मैतेई और कुकी बदमाशों में भीषण गोलीबारी

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी। शुक्रवार सुबह चुराचांदपुर, बिष्णुपर और काकचिंग जिले की सीमा पर कुकी और संदिग्ध मैतेई बदमाशों वॉलंटियरों के बीच भीषण गोलीबारी की खबर है। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

सुरक्षाबलों को इस मुठभेड़ को लेकर सतर्क कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चुराचांदपुर, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों की सीमा पर स्थित सामान्य क्षेत्र लीसेंटमपाक तांगजेंग लाइकोन में भीषण गोलीबारी हुई। बताया गया है कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे लिसांटमपाक-तांगजेंग लाइकोन सामान्य क्षेत्र जो कि चुराचांदपुर-काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों की सीमा पर है, संदिग्ध मैतेई बदमाशों और कुकी बदमाशों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हुई।

## अमेरिका में मेयर ने हिंदुओं के साथ मनाया जश्न

**जॉर्जिया।** देश-दुनिया में दिवाली का उत्साह देखने को मिल रहा है। बुधवार को हिंदू अमेरिकी समुदायों ने रोशनी का त्योहार मनाया। इस मौके पर अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस भी दिवाली के जश्न और रात्रिभोज में शामिल हुए।

मेयर ने कहा कि यह निर्विवाद है कि अटलांटा मजबूत और बेहतर है। हम आभारी है कि हमारे यहां कई अंतरराष्ट्रीय समुदाए हैं और लोगों ने अटलांटा को अपना घर बनाया हुआ है। दक्षिण एशियाई व भारतीय समुदाय अटलांटा की संस्कृति और अटलांटा की अर्थव्यवस्था पर अविश्वसनीय प्रभाव डालते हैं।

उन्होंने भारतीय उद्यमियों द्वारा अटलांटा की अर्थव्यवस्था में किए गए योगदान की सराहना की, जो हजारों रोजगार लेकर आए। उन्होंने नागरिक अधिकार आंदोलन में महात्मा गांधी के विशेष योगदान पर भी बात की।

# भारत से रिश्ते सुधारने में जुटा कनाडा दोनों देशों के विदेश मंत्रियों में हो रही बातचीत

**हमला**

**प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कनाडा की विदेश मंत्री से भारत से रिश्तों को लेकर सवाल किया गया।**



**ओटावा।** भारत और कनाडा के रिश्ते इन दिनों खराब दौर से गुजर रहे हैं। अब कनाडा की विदेश मंत्री मेलिनी जॉली ने कहा है कि वह भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के संपर्क में हैं और दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने की कोशिश जारी है। मेलिनी जॉली ने कहा कि यह समय दोनों देशों के लिए मुश्किल है क्योंकि दोनों देशों के रिश्ते दशकों से मजबूत हैं। कनाडा की विदेश मंत्री को जापान के टोक्यो में जी7 की बैठक में शिरकत करनी है, उससे पहले मीडिया से बात करते हुए मेलिनी जॉली ने उक्त बातें कही।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कनाडा की विदेश मंत्री से भारत से रिश्तों को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने कहा जब भारत की बात आती है तो वह पहले भी कई बार कह चुकी हैं...वह अपने समकक्ष एस जयशंकर के संपर्क में हैं और हम जानते हैं कि यह हमारे संबंधों के लिए खराब समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि हम इस मुश्किल समय से निकल जाएंगे। हमारे साझा हित हैं और हम मिलकर इसका समाधान निकाल सकते हैं। बीते दिनों भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेज दिया था। इस पर मेलिनी जॉली ने कहा कि कनाडा के राजनयिकों को भारत से इसलिए आना पड़ा क्योंकि भारत ने उनकी राजनयिक प्रतिरक्षा वापस ले ली थी। ऐसे में हम उनकी सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते थे। क्या अब कनाडा भारत के बीच का विवाद खत्म हो गया है? इसके जवाब में कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेजा लेकिन कनाडा बदले की कार्रवाई नहीं करेगा। बता दें कि भारत और कनाडा के रिश्तों में उस वक्त खटास आ गई थी, जब कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था। हालांकि भारत ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार और बेतुका बताया था। इसके बाद भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को बर्खास्त कर दिया था। हालांकि बीते महीने भारत ने फिर से वीजा सेवाओं को बहाल कर दिया है।

बता दें कि बीती 18 जून को कनाडा के सरे में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की गुरुद्वारे की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरदीप सिंह निज्जर भारत में वांछित अपराधी था। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर ही भारत कनाडा के रिश्तों में दरार आ गई है।

# श्रीरंगपट्टनम में धारा 144 लागू, टीपू सुल्तान जयंती के मद्देनजर लिया गया फैसला

**हमला**

**आमतौर पर टीपू जयंती समारोह के दौरान मैसूर और पड़ोसी इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है।**



**मांड्या।** कर्नाटक में टीपू सुल्तान जयंती समारोह के मद्देनजर श्रीरंगपट्टनम में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए एहतियात के तौर पर इस लागू किया गया।

इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, धारा 144 को हर वर्ष की तरह लागू किया गया है। इस पीछे का कारण एक संवेदनशील क्षेत्र का होना है। आदेश सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक लागू रहेंगे। इस दौरान जुलूस, विरोध प्रदर्शन और रैलियों पर रोक रहेगी। पुलिस अधिकारी ने मुताबिक, बैनर, लाउडस्पीकर, पटाखे और जीजे के इस्तेमामल पर भी रोक लगा दी गई है।

धारा 144 के संबंध में बोलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस अवधि के दौरान नारेबाजी, भड़काऊ चित्र, नारे वाली टी-शर्ट पहनने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस अधिकारी के कहा, कानून और व्यवस्था, सुरक्षा बनाए रखने और सार्वजनिक और सार्वजनिक संपत्ति के जीवन की रक्षा के लिए, एहतियाती उपाय के रूप में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

आमतौर पर टीपू जयंती समारोह के दौरान मैसूर और पड़ोसी इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। इसलिए किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए यह कदम उठाए गए हैं। श्रीरंगपट्टनम में टीपू सुल्तान की कब्र, जहां पूर्ववर्ती मैसूर साम्राज्य के 18वीं सदी के शासक को दफनाया गया था।

# तीन महीनों में भारत के तीन दुश्मनों का खात्मा, लश्कर आतंकी अकरम गाजी की गोली मारकर हत्या



**इस्लामाबाद।** भारत के दुश्मनों का खात्मा होने का सिलसिला जारी है। तीन महीनों में तीन दुश्मन मारे जा चुके हैं। बता दें, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पूर्व नेता अकरम खान की गुरुवार को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि अकरम खान उर्फ अकरम गाजी की पाकिस्तान के बाजौर में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकी अकरम गाजी ने साल 2018 से 2020 तक लश्कर भर्ती सेल का नेतृत्व किया था। साथ ही वह पाकिस्तान में अपने भारत विरोधी भाषणों के लिए जाना जाता था।

अकरम लश्कर-ए-तैयबा का एक जाना-माना नाम है। वह लंबे समय से चरमपंथी गतिविधियों में शामिल था। साथ ही उसने लश्कर भर्ती सेल का नेतृत्व किया था। वह चरमपंथी हितों के प्रति सहानुभूति रखने वाले व्यक्तियों की पहचान करता था और उन्हें भर्ती करने में एक जिम्मेदार भूमिका निभाता था।

इसी साल अक्टूबर में पठानकोट हमले के मास्टरमाइंड शाहिद लतीफ की पाकिस्तान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लतीफ पाकिस्तान के गुजरांवाला शहर से भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक था और 2016 में पठानकोट वायु सेना स्टेशन में घुसने वाले चार आतंकवादियों का हैंडलर था।

इससे पहले सितंबर में, अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में अल-कुदुस मस्जिद के अंदर लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष आतंकवादी कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आतंकवादी की पहचान रियाज अहमद उर्फ अबू कासिम के रूप में हुई थी। रियाज अहमद कोटली से नमाज अदा करने आए थे, तभी उनके सिर में नजदीक से गोली मार दी गई।

# अमेरिका के विरोध के बाद बदले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सुर! बोले- गाजा पर कब्जा नहीं चाहता इस्राइल

**बड़ी भूल**

**गाजा पर इस्राइल का कब्जा एक बड़ी भूल होगी।**



**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश गाजा पर कब्जा करना, उसका प्रशासन करना या उसे जीतना नहीं चाहता है। हालांकि उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय बल की गाजा में जरूरत होगी, जो जरूरत पड़ने पर आतंकी खतरे को उभरने से रोक सके। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास से लड़ाई खत्म होने के बाद गाजा की सुरक्षा की जिम्मेदारी अनंतकाल तक इस्राइल संभालेगा। इसे एक तरह से गाजा पर इस्राइल के कब्जे की चाहत के तौर पर देखा गया। हालांकि अमेरिका ने कहा है कि लड़ाई के बाद इस्राइल अगर गाजा पर कब्जा करता है तो वह उसका विरोध करेगा। अब नेतन्याहू के बयान से साफ है कि अमेरिका के विरोध के बाद इस्राइल के भी सुर बदल गए हैं।

बता दें कि इस्राइल-हमास की लड़ाई में अमेरिका खुलकर इस्राइल का समर्थन कर रहा है लेकिन बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक बयान में साफ कहा था कि गाजा पर इस्राइल का कब्जा एक बड़ी भूल होगी। हालांकि बीते हफ्ते अमेरिका के एक टीवी चैनल के साथ इंटरव्यू में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास से लड़ाई खत्म होने के बाद गाजा की सुरक्षा की जिम्मेदारी अनंतकाल तक इस्राइल संभालेगा ताकि हमास जैसा हमला फिर ना हो सके।

नेतन्याहू के इस बयान के बाद अमेरिका के अधिकारियों ने फिर से इस्राइल को गाजा पर कब्जा करने को लेकर चेताया है और कहा है कि अगर इस्राइल गाजा पर कब्जा करता है तो अमेरिका, इस्राइल का विरोध करेगा। अब अमेरिकी मीडिया के साथ गुरुवार को एक इंटरव्यू में बेंजामिन नेतन्याहू के सुर बदले नजर आए और उन्होंने कहा कि इस्राइल, गाजा पर कब्जा या उसे जीतना नहीं चाहता है लेकिन वह चाहते हैं कि एक विश्वसनीय बल गाजा में मौजूद रहे जो आतंक के उभार को रोक सके।

अमेरिकी सरकार के अधिकारियों का कहना है कि वेस्ट बैंक में शासन कर रही फलस्तीन अथॉरिटी की सरकार को लड़ाई के बाद गाजा पर प्रशासन करना चाहिए। बीते दिनों जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने वेस्ट बैंक का दौरा किया था तो उस दौरान भी फलस्तीन अथॉरिटी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात में गाजा में फलस्तीन अथॉरिटी की सरकार बनाने की बात कही थी।

## 10 भारतीय-अमेरिकियों ने राज्य और स्थानीय चुनाव जीते

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का असर हाल में हुए स्थानीय व राज्य स्तरीय चुनावों में दिखाई दिया है। इन चुनावों में 10 भारतीय-अमेरिकियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जीत हासिल की है। ज्यादातर भारतवंशी डेमोक्रेट पार्टी से संबंधित हैं। हैदराबाद में जन्मी गजाला हाशमी तीसरी बार वर्जीनिया की सीनेट के लिए निर्वाचित हुई हैं। सुहास सुब्रमण्यम भी वर्जीनिया की सीनेट के लिए फिर से चुने गए हैं। व्यापार क्षेत्र के दिग्गज कन्नन श्रीनिवासन भारतवंशियों के प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से चुने गए हैं। न्यूजर्सी से विन गोपाल व राज मुखर्जी राज्य सीनेट के लिए चुने गए, बलवीर सिंह बर्लिंगटन काउंटी बोर्ड में फिर निर्वाचित हुए। पेनसिल्वेनिया में नील मुखर्जी (डेमोक्रेट) ने मोंटोगोमेरी काउंटी कमिश्नर, जबकि इंडियाना में भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक डॉ. अनिता जोशी ने कार्मेल सिटी काउंसिल सीट की 'वेस्ट डिस्ट्रिक्ट' सीट पर जीत हासिल

# योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचे यही सरकार की मंशाः नन्दी

अवधनामा संवाददाता



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम में मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में हुए सम्मिलित

**प्रयागराज।** मंत्री, उ0प्र0 नन्द गोपाल गुप्ता नंदी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक फाफामऊ श्री गुरू प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य श्रीमती निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र मिश्रा, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संगम सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मंत्री के द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिलिंग से सम्बंधित सांकेतिक चेक प्रदान किया गया।

मंत्री श्री नन्दी ने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को धनतेरस, दीपावली व भैया दूज की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार के संकल्प पत्र में दीपावली व होली के अवसर पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त सिलेण्डर वितरण किए जाने का वादा किया गया था, उस संकल्प को पूरा करने के लिए दीपावली व होली पर आपको मुफ्त सिलेण्डर मिले, ऐसी व्यवस्था की।

इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने कहा कि उज्जवला योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आधी आबादी की चिन्ता करते है।

जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मैं सभी जनपद वासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से बिना भेदभाव के त्वरित रूप से दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या, जिलापूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों सहित उज्जवला योजना के लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## महापौर ने बारादरी बलुआ घाट का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी मां यमुना जी की घाट पर कार्तिक मास में एक महीने तक चलने वाली कार्तिक मेला स्थल बारादरी बलुआ घाट की घाटों की साफ सफाई को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मार्गो को साफ सुथरा एवं सही करने का और जनता की समस्याओं को तत्काल प्रभाव से दूर करने का अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पार्षद नीरज गुप्ता पार्षद सतीश केसरवानी, भाजपा महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी , कार्यालय मंत्री राजन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अजय अग्रहरि, मुकेश जोशी प्रभाकर मिश्रा, योगी सत्यम, विनोद सोनकर एवं नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनी की सफलता में कलाकृतियों और कलाकारों का योगदानः न्यायमूर्ति नारायण

पुरस्कृत हुए 10 कलाकार, विश्व कला प्रदर्शनी का हुआ भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज को कला का केंद्र बनाने के उद्देश्य से नारायण आर्ट अकादमी ने पांच दिवसीय विश्वकला प्रदर्शनी का आयोजन गांधी कला वीथिका उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में किया। जिसके समापन समारोह में अकादमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर नारायण एवं अकादमी के निदेशक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने विश्व कला प्रदर्शनी के टॉप टेन कलाकृतियों के कलाकारों को विश्व कला रत्न सम्मान पत्र एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

पुरस्कृत होने वाले कलाकारों में सुमित ठाकुर, राजेश निषाद कानपुर, वीरेंद्र वर्मा बनारस, डॉ राकेश कुमार चित्रकूट, सुषमा पाल, ज्योति सैनी सिद्दीकी, श्रुति अग्रवाल लखनऊ, कृति अवस्थी गुरुग्राम, अर्चना पांडेय व आकांक्षा गुप्ता प्रयागराज रहे। तत्पश्चात सभी प्रतिभागी कलाकारों को विश्व कला रत्न सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। इस विश्व कला प्रदर्शनी की अपार सफलता को देखते हुए न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि इसकी सफलता में उच्च कोटि की कलाकृतियों का एवं उनके कलाकारों का हाथ है जिसके बिना यह संभव नहीं था। कार्यक्रम संचालन अकादमी के निदेशक व प्रदर्शनी के संयोजक कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने किया तथा सहसंयोजक कुलदीप वर्मा ने सभी कलाकारों अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा सभी कलाकार बधाई के पात्र हैं इस विश्व कला प्रदर्शनी में विश्व के 12 देश के 200 कलाकारों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ चित्र-कृतियां प्रदर्शित कीं।

# स्व. टी एन श्रीवास्तव के स्मृति क्रिकेट में अधिवक्ता संघ विजयी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राजस्व परिषद प्रांगण में अधिवक्ताओं एवं राजस्व कर्मचारियों के बीच स्वर्गीय टी एन श्रीवास्तव अधिवक्ता की याद में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य न्यायिक प्रभारी आई .ए .एस साहब सिंह व न्यायिक सदस्य आई. ए. एस डी. एस. उपाध्याय रहे। अध्यक्षता बार एसोसिएशन बोर्ड ऑफ रेवेन्यू प्रयागराज के अध्यक्ष हर्ष नारायण शर्मा ने किया। संचालन संयुक्त सचिव प्रेस सुरेंद्र कुमार ने किया। क्रिकेट मैच शुरू होने से पहले सदस्य न्याय प्रभारी ने फीता काटकर राष्ट्रगान के बाद सदस्य न्यायिक डी. एस. उपाध्याय ने कर्मचारी संघ एवं अधिवक्ता संघ के बीच हुए टास करवाया। जिसमेंअधिवक्ताओं ने जीत हासिल की। अधिवक्ता संघ के कप्तान संतोष कुमार तिवारी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिस क्रम में आशुतोष तिवारी एवं दिनेश मिश्रा ने ने ओपनिंग बैटमैन के रूप में धुआंधार रन खड़ा किया और चार विकेट पर अधिवक्ताओं ने 117 रन बनाए। कर्मचारियों की शुरुआत में अच्छी नहीं रही। जिस कारण 117 रनों के जवाब में कर्मचारी संघ के द्वारा मात्र 78 रन पर ही सभी खिलाड़ी आउट हो गए। अच्छी बैटिंग एवं बोलिंग करने के लिए आशुतोष तिवारी को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। वही बेस्ट बॉलर का अवार्ड कर्मचारी संघ के सूरज को मुख्य अतिथियों के द्वारा दिया गया। कर्मचारी संघ के कप्तान शरद कुमार कनौजिया ने विजई टीम को बधाई दी क्रिकेट मैच में रनो की गणना वरिष्ठ उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन सत्येंद्र कुमार सिंह व निजी सचिव राजेश कुमार शर्मा ने किया। कॉमेंटेटर के रूप में अधिवक्ता अनुरूध चतुर्वेदी ए पी सिंह व सुरेंद्र कुमार ने किया। मैच के दौरान मुख्य रूप से बार एसोसिएशन के महासचिव पंकज कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रिशा सिंह, शैलेंद्र सिंह, कल्लन उर्फ विजय शंकर तिवारी, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कुमार पांडे, पूर्व महासचिव डॉ बालकृष्ण पांडे, आशीष पांडे, संयुक्त निबंधक राजस्व परिषद प्रयागराज आशीष खरे कार्यालय अधीक्षक सुरेश चंद्र निरंजन नाजिर रत्नेश कुमार मौर्य समेत सैकड़ो अधिवक्ता एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे मैच में अंपायर अमित कुमार रहे।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला

अवधनामा संवाददाता

दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में जयंती पर की गई गोष्ठी

**जौनपुर।** भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जन्मदिवस पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो.देवराज सिंह ने कहा कि ÷दत्तोपंत जी के विचार काल सुसंगत हैं,उन्होंने जीवनभर जो तपस्या की उसके कारण वे एक व्यक्ति नहीं, बल्कि भारत के साथ एकाकार व्यक्तित्व थे।दत्तोपंत जी कानून की शिक्षा प्राप्त कर वकील बने, किन्तु वकालत उन्हें रास न आई और वे आरएसएस के प्रचारक रूप में कार्य करने लगे। कुशल संगठनकर्ता दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा स्थापित भारतीय मजदूर संघ में आज एक करोड़ अधिक सदस्य हैं। 1967 में उन्होंने भारतीय श्रम अन्वेषण केन्द्र की स्थापना कराई और 1990 में स्वदेशी जागरण मंच स्थापित किया।

विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वनिता सिंह ने कहा कि ठेंगड़ी जी का व्यक्तित्व, कृतित्व, नेतृत्व और प्रतिभा अद्वितीय व अनुकरणीय है। मालिक, मजदूर व राष्ट्र, तीनों दृष्टि की कृतित्व शैली यदि किसी मजदूर नेता मे दिखी तो वे दत्तोपंत ठेंगड़ी जी थे।

कार्यक्रम में विभाग के समस्त छात्र व विभागीय शिक्षक डॉ.राहुल कुमार राय, श्रीप्रकाश यादव,मंगला प्रसाद यादव,डॉ.इंद्रजीत सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ प्रियंका कुमारी,डॉ अनुराग मिश्र आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ.दिनेश कुमार सिंह ने किया।

# दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं रोजगार एवं सम्मान चाहिएः चोपड़ा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अनाम स्नेह परिवार द्वारा दिव्यांग जनों द्वारा निर्मित मोमबत्ती एवं झालर की प्रदर्शनी राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड पर लगाई गई, जिसका उद्घाटन लोकसेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपडा ने फीता काट कर किया। आये हुये समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं अपितु रोजगार एवं सम्मान सरकार एवं समाज द्वारा चाहिये।

बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव ने कहा कि अनाम स्नेह द्वारा साल के तीन सौ पैसठ दिन दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम लगातार चलाया जाता है। प्रधानमंत्री के अनुसार सभी वर्ग के लोगों को स्वारोजगार की तरफ ध्यान देना चाहिए उसी कड़ी मे दिव्यांगजनों द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई गई है। बरिष्ठ समाजसेवी कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने कहा की देश की अर्थव्यवस्था मे दिव्यांगजनों द्वारा किये जा रहे रचनात्मक एवं विकास कार्य की अहम भूमिका है।

कार्यक्रम मे डॉ स्वीटी, डॉ यशवंत पाल, मधू, बरिष्ठ समाजसेविका प्रेमलता शुक्ला,विभा मिश्रा, सुश्री अनुराधा, बरिष्ठ समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी, निशा, नीलू जायसवाल, बरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम मास्टर, प्रशांत मौर्य, सगीर अहमद, सुनीता जायसवाल, सुश्री फरीदा परवीन, रविकुमार लेखक, लवलेश सिंह, भैरो, निर्मला सिंह, जावेद सिद्दीकी, रेनू, मिथलेश, धर्मेंद्र, ओमप्रकाश आदि लोग उपस्थिति रहे।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक

**जौनपुर (खेतासराय)** बिजली बकायेदारों से बिजली बिल वसूलने के लिए महकमा के कर्मचारियों ने क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया। उपभोक्ताओं से ओटीएस लाभ के सम्बन्ध में जागरूक किया। बिजली चोरी न करने की सखूत हिदायत भी दिया। डेढ़ लाख रुपये की राजस्व वसूल हुआ। शुक्रवार को जेई पुनीत सिंह के नेतृत्व में कस्बा समेत क्षेत्र में विभाग ने जागरूकता के लिए अभियान चलाया। जमदहा, अब्बोपुर, शाहापुर तथा तारगहना में ओटीएस बिल योजना की जानकारी दी। जेई पुनीत सिंह ने बताया कि यूपी कारपोरेशन ने एक किलो वाट तक घरेलू उपभोक्ताओं को 8 नवंबर से 15 दिसम्बर तक रजिस्ट्रेशन कराने पर एकमुश्त समाधान के तहत ब्याज में सौ प्रतिशत और 12 क़िस्त के साथ 90 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। उन्हों यह भी कहा कि एक किलो वाट से अधिक भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 8 से 30 नवंबर तक 100 प्रतिशत और 3 क़िस्त में भुगतान पर 80 प्रतिशत लाभ मिलेगा। यदि 6 क़िस्त में जमा करेंगे तो 70 प्रतिशत छूट मिलेगा। टीम में दयाराम, अरुण शुक्ला, इंद्रजीत, अनिल गुप्ता, जावेद व अन्य लोग शामिल रहे।

# पीयू के छात्रों ने सफाईकर्मियों के साथ मनाई दिवाली

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग के प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं तथा सफाईकर्मियों ने मिलकर धनतेरस एवं दिवाली के अवसर पर अपने विभाग के कक्षाएं, शिक्षक कक्ष इत्यादि की साफ़ सफाई तथा साज सजावट कर एक दूसरे को दिवाली के अग्रिम बधाइयाँ दी। इस दौरान प्रबंध अध्ययन संकाय में तैनात सफाई एवं सुरक्षाकर्मियों को मिठाई एवं उपहार भेंट स्वरुप दिया। इस मौके पर विभाग की प्राध्यापिका यशी सिंह ने कहा कि दिवाली रोशनी का त्योहार है इसमें हम न केवल अपने घर की साफ़ सफाई करके रोशनी करनी चाहिए अपितु अपने संस्था, अपने आसपास की भी साफ़ सफाई करनी चाहिए। अन्य प्राध्यापक अबू सालेह ने कहा कि दिवाली का त्योहार मैत्री और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार भाईचारा एवं बंधुता में को बढ़ाते हुए समाज के सभी वर्ग मिलजुल कर मनाते है। अन्य प्राध्यापक सुशील कुमार ने कहा कि दिवाली प्रत्येक वर्ष के कार्तिक माह में अवमस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार हमें यह सीख देता है कि हमें अपने जीवन से नकारात्मक प्रवृत्ति को ख़त्म कर अपनी उर्जा सकारात्मक कार्यो में लगाना चाहिए। सभी ने अपील की कि इस मौके पर ध्वनि वाले पठाखे न बजाये और रोशनी वाले पटाखे कम से कम जलाये। ध्वनि से न केवल इंसानों को कष्ट होता है बल्कि जानवर भी भयभीत होते है। नवजात शिशु व कम उम्र के बच्चों पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है और वातावरण भी दूषित होता है। इस मौके पर डॉ. रसिकेश, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. इन्द्रेश कुमार, अभिनव श्रीवास्तव, अनुपम कुमार, श्रुति श्रीवास्तव, नितेश, शशांक, आँचल, धैर्या, नीतू, चांदनी, गंगा सागर, सौम्या, सेजल, रुपाली, भानु प्रताप, धीरज, दीपा, नगीना समेत विभाग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो लोग घायल

अवधनामा संवाददाता

एक की हालत गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

**जौनपुर (शाहगंज)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सुरिस गांव में सड़क दुघर्टना में साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उक्त घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

क्षेत्र के समधीपुर गांव निवासी 18 वर्षीय शैलेश यादव पुत्र शिव कुमार व 16 वर्षीय राजकुमार पुत्र सुभाष यादव गुरुवार की रात शाहगंज से अपनी दुकान बंद करके बाइक से घर जा रहें थे।कि सुरिस गांव के समीप साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद शैलेश की हालत गंभीर देख बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# प्रदर्शनी लोगों के लिए हितकारी है



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा विकास भवन के सामने लगाई गई प्रदर्शनी सबका साथ सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के समापन के दिन राज्य मंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव एवं राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी के द्वारा अवलोकन किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि सूचना विभाग के द्वारा भव्य प्रदर्शनी लगायी गयी है जहां पर शासन के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को सुन्दर तरीके से दर्शाया गया है। उन्होने कहा कि आमजनमानस यहां आकर प्रदर्शनी का अवलोकन करें और योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करें। राज्य सभा सांसद ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदर्शनी लगायी गयी है ,जो लोगों के लिए हितकारी है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजनमानस के द्वारा भ्रमण कर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं, मुफ्त वैक्सीनेशन, मिशन रोजगार के तहत युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, मिशन रोजगार, मिशन शक्ति, ओडीओपी आदि के चित्रों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह, सुमित सिंह, अवनीश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्राम शिल्प महोत्सव में फैशन शो का आयोजन

**प्रयागराज।** ग्राम शिल्प महोत्सव एनएसआईसी कैंपस उद्योग नगर में रुद्रा इवेंट्स के द्वारा फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें भाविनी वेलफेयर सोसाइटी अशोकनगर के स्पेशल बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाविनी वेलफेयर सोसाइटी की निर्देशिका पूनम सिंह, शशांक शेखर पांडे अध्यक्ष प्रयागराज फाउंडेशन, दत्तात्रेय पांडे, अमित सिंह एवं एकता सिंह निदेशक रूद्र इवेंट द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भाविनी वेलफेयर सोसाइटी के 10 बच्चों ने फैशन शो में प्रतिभाग किया जिसमें आरव श्रीवास्तव, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, अमोस भटनागर, रियांश यादव, साहिल चौधरी, मृत्युंजय पांडा, मृन्मय पांडा, दर्शनी विशाल, पुष्पिका पांडे शामिल रहे।

# इंग्लैंड के स्ट्रेथक्लाइड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए डॉ. संगम

डॉ. संगम मिश्र के बेटे शिवांगम को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय से मैनेजमेंट की मिली डिग्री

धनतेरस, दीपावली व भैया दूज की डॉ.संगम मिश्र ने दी शुभकामनाएं



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी एवं सेंट्रल एकेडमी ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. संगम मिश्र स्काटलैंड के प्रसिद्ध शहर ग्लासगो (इंग्लैंड) में सपत्नीक अपने बेटे शिवांगम वत्स के भव्य दीक्षान्त समारोह में शामिल हुए। डॉ.संगम मिश्र के बेटे को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक स्ट्रेथक्लाइड विश्वविद्यालय ग्लासगो से मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की गयी। इस अवसर पर डॉ.संगम मिश्र पत्नी के साथ मौजूद रहकर बेटे को शुभकामनाएं देते हुए कहा सबसे बड़ी पूंजी शिक्षा होती है प्रत्येक माता पिता को बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा ही व्यक्ति के जीवन में प्रकाश फैला सकती है। डॉ. संगम मिश्र ने देशवासियों को धनतेरस, दीपावली व भैया दूज की शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र एडिनबरा,मैन्चेस्टर एवं लंदन में कुछ प्रमुख लोगों से मिलते हुए दिवाली तक भारत आकर गांव-गांव मोदी सरकार की नीतियों को पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शमशुन निशा पत्नी शकील अहमद मकान नंबर 3/18/92 मिर्जा अली बाजार हस्नु कटरा थाना कैंट फैजाबाद जिला अयोध्या की हूं मैंने अपने पुत्रों जिनके नाम मोहम्मद इस्माइल उर्फ राजू आयु 48 वर्ष, अकील अहमद उर्फ चांद आयु 44 वर्ष, व कफील अहमद उर्फ ताज आयु 35 वर्ष इन सभी पुत्रों को उनके बुरे चाल -चलन की वजह से मैंने अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं। अब से मेरा इन पुत्रों से कोई लेना-देना नहीं है अगर यह बाहर किसी प्रकार का लेन-देन करते हैं तो इसमें मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने 14 नवंबर के अवकाश की मांग की

**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा के प्रतिनिधियों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के बीच में 14 नवंबर को अवकाश न होने के कारण अवकाश घोषित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि इस वर्ष की परिषदीय विद्यालयों की अवकाश तालिका के अनुसार मुख्य धार्मिक पर्व नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज जो कि आज से 15 नवंबर के बीच हैं, में 14 नवंबर का सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं है जिसकी वजह से अन्य जनपदों या दूर दराज के क्षेत्र के मूल निवासी शिक्षकों को पारिवारिक जनों के साथ भैया दूज जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार मनाने से पहले ही विद्यालयों के संचालन हेतु 14 नवंबर को उपस्थित होना होगा।

# फिलिस्तीन के समर्थन में वामदलों का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) तथा भाकपी माले के संयुक्त तत्वाधान में अपने अखिल भारतीय आह्वान के तहत वामदलों ने पत्थर गिरजा स्थित धरनास्थल पर इज़राल द्वारा फिलिस्तीन पर हो रहे हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इज़राइल संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों का उल्लंघन कर रहा है और लगातार युद्ध अपराधों में लिप्त है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार अब तक बच्चों समेत 10,000 से ज़्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इज़राइली बमबारी में हर 15 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। अस्पतालों, स्कूलों और संयुक्त राष्ट्र संघ के आश्रयों पर भी बमबारी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर वहां फिलिस्तीन की सम्प्रभुता को बहाल किया जाए, तत्काल प्रभाव से युद्ध समाप्त कर शांति स्थापित की जाए, निर्दोष नागरिकों की हत्या बंद की जाए। इसके लिए भारत सरकार सारे कूटनीतिक प्रयास करे तथा विश्व जनमत का निर्माण करने का प्रयास करे। सभा का संचालन भाकपा-माले के जिला प्रभारी सुनील मौर्या तथा अध्यक्षता भाकपा के जिला मंत्री नसीम अंसारी ने किया। प्रदर्शन में माकपा जिला मंत्री अखिल विकल्प, नागरिक समाज के जिला संयोजक विनोद तिवारी, मनीष, भूपेंद्र, आनंद मालवीय, शिवानी, अविनाश, मुस्तकीम अहमद, विवेक, समर सिंह, अजीत बहादुर, अनिरुद्ध, उदय नारायण, आशुतोष, अशोक राव, सिद्धेश्वर मिश्र, मोहन सिंह, भानु आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-64-23-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.11.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.11.2023 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-63-23-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.11.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.11.2023 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-62-23-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.11.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.11.2023 समय 13:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3522/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना
"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के एआरटी/एआरएमई लाइन न0 9 एवं 10 ऐशबाग स्टेशन यार्ड का विद्युतीकरण सेक्शन विद्युतीकृत लाईन खण्ड पर 25000 वोल्ट एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजे लगायीं गयीं है ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क मे आने से रोका जा सके।

जनसाधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनो के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन मे ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति ने ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है।

1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाईन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जायी जा सही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

वरि0मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–198 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.67 अरब डॉलर बढ़कर 590.78 अरब डॉलर हुआ

**विदेशी मुद्रा**

**देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह में 4.67 अरब डॉलर बढ़कर 590.78 अरब डॉलर हो गया।**



**नई दिल्ली।** तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 20 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.12 अरब डॉलर हो गया, जबकि एसडीआर 6.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.98 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आईएमएफ में आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.79 अरब डॉलर हो गया।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन नवंबर को समाप्त सप्ताह में 4.67 अरब डॉलर बढ़कर 590.78 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.5 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 4.39 अरब डॉलर बढ़कर 521.9 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 20 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.12 अरब डॉलर हो गया, जबकि एसडीआर 6.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.98 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आईएमएफ में आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.79 अरब डॉलर हो गया।

बता दें कि अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद वैश्विक घटनाक्रमों के दबाव के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा रुपये को बचाने के लिए कोष का इस्तेमाल किए जाने से मुद्रा भंडार में गिरावट आई।

आमतौर पर, आरबीआई, समय-समय पर, तरलता प्रबंधन के माध्यम से बाजार में हस्तक्षेप करता है, जिसमें डॉलर की बिक्री भी शामिल है, ताकि रुपये में भारी गिरावट को रोका जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजारों की बारीकी से निगरानी करता है। केंद्रीय बैंक किसी भी पूर्व-निर्धारित लक्ष्य स्तर या बैंड के संदर्भ के बिना, विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को नियंत्रित करके केवल व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने के लिए ही हस्तक्षेप करता है।

# चार दिनों की गिरावट के बाद धनतेरस के दिन सोने की कीमतों में इजाफा, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और यह 250 रुपये की तेजी के साथ 61,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। धनतेरस के दिन चांदी की कीमतों में भी बढ़त दिखी। इस दौरान चांदी 700 रुपये की बढ़त के साथ 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और यह 250 रुपये की तेजी के साथ 61,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्यूरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी के अनुसार दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत शुक्रवार को 250 रुपये की तेजी के साथ 61,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

धनतेरस के दिन चांदी की कीमतों में भी बढ़त दिखी। इस दौरान चांदी



700 रुपये की बढ़त के साथ 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गांधी ने कहा कि त्योहारी सीजन के बीच घरेलू बाजारों में सोने की खुदरा मांग बढ़ने की संभावना है।

विदेशी बाजार में सोना और चांदी की कीमत तेजी के साथ क्रमशः 1,956 डॉलर प्रति औंस और 22.65 डॉलर प्रति औंस हो गई।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक जतीन त्रिवेदी ने कहा, ÷कारोबारियों का मानना है कि अगले सप्ताह आने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आंकड़ों से सोने की कीमतों पर करीबी नजर रखी जाएगी।

## सितंबर महीने में आईआईपी 5.8% बढ़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सितंबर 2023 में 4.5 प्रतिशत बढ़ा। सितंबर महीने में खनन क्षेत्र का उत्पादन 11.5 प्रतिशत बढ़ा वहीं बिजली उत्पादन में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से सितंबर महीने में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन सितंबर 2022 में 3.3 प्रतिशत बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों से पता चला है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सितंबर 2023 में 4.5 प्रतिशत बढ़ा।

सितंबर महीने में खनन क्षेत्र का उत्पादन 11.5 प्रतिशत बढ़ा वहीं बिजली उत्पादन में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## इस दिवाली लखनऊ ने सबसे पसंदीदा गंतव्य बनकर अपनी चमक बिखेरी - क्लियरट्रिप की रिपोर्ट

**लखनऊ।** रौशनी का त्यौहार आते ही, फ्लिपकार्ट की एक कंपनी क्लियरट्रिप ने यह जानकारी दी है कि दिवाली का उत्सव मनाने के लिये लखनऊ शीर्ष गंतव्यों में से एक के रूप में उभरा है। नवाबों का शहर यात्रा सम्बंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का गवाह बन रहा है और त्यौहार मनाने का उत्साह रखने वालों के लिये एक भरोसेमंद ठिकाना बन गया है।

लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहर बेमिसाल है और यहां पर्यटकों को आकर्षित करने वाली कई जगहें मौजूद हैं। बड़ा इमामबाड़ा और छोटा इमामबाड़ा जैसी उत्कृष्ट वास्तुशिल्पीय कृतियों से लेकर रुमी दरवाजा जैसे मशहूर स्थानों में यह शहर अपना समृद्ध इतिहास दिखाता है।

क्लियरट्रिप का नया डेटा लखनऊ के लिये हवाई टिकट के किराये में 12% बढ़ोतरी का संकेत दे रहा है और टिकटों के औसत दाम 4710 रूपये हैं। इसके बावजूद यात्री लखनऊ गये हैं और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर तथा दिवाली के शानदार उत्सव पर मुग्ध हो रहे हैं। बस से अपनी ओर होने वाले यातायात में लखनऊ ने 44% की दमदार बढ़ोतरी देखी है, जिससे त्यौहारों के मौसम में यात्रा के एक पसंदीदा केन्द्र के तौर पर उसके आकर्षण का पता चलता है। सुविधाजनक और अच्छी तरह से कनेक्टेड बस रूट्स दिवाली मनाने के लिये यात्रा करने वालों के बीच लखनऊ की लोकप्रियता बढ़ाते हैं। लखनऊ में होटल बुकिंग्स 6.6% बढ़ी हैं, जो कि आगंतुकों की बड़ी तादाद को ठहरा सकने के लिये इस शहर की क्षमता दिखाती हैं। क्लियरट्रिप ने हाल ही में 'द बिग बिलियन डेज़ 2023' के माध्यम से ग्राहकों के लिये बेजोड़ ट्रैवेल डील्स की पेशकश की थी।

## हीरो मोटोकॉर्प के पवन कांत मुंजाल की 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, ईडी ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल की 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मुंजाल की दिल्ली स्थित तीन अचल संपत्तियों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है।

मुंजाल हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सीएमडी और चेयरमैन हैं और उनकी संपत्ति करीब 24.95 करोड़ रुपये है। ईडी ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद मुंजाल और उनकी कंपनियों के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के बाद अगस्त में छापेमारी की थी। ईडी ने कहा, अभियोजन की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 54 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा अवैध रूप से भारत से बाहर ले जाई गई। ईडी ने मेट टेक्नोलॉजीज और अन्य द्वारा फर्जी कॉल सेंटर धोखाधड़ी के मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत कुणाल गुप्ता, उनके परिवार के सदस्यों, कंपनियों और उनके सहयोगियों की 67.23 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है। जब्त की गई संपत्तियां 35 बैंक खातों, 14 कारों और 12 अचल संपत्तियों (कुल मूल्य 61.84 करोड़ रुपये) के रूप में हैं। ईडी के अनुसार अचल संपत्तियों में गोवा में एक रिसॉर्ट, गोवा में एक विला, कोलकाता और बैंगलोर में 10 वाणिज्यिक कार्यालय, फ्लैट, अपार्टमेंट और भूमि शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गोवा में अवैध रूप से जमीन हथियाने की जांच के सिलसिले में स्टेवन डिसूजा, मोसेस फर्नांडीस और समीर कोरगांवकर की 11.82 करोड़ रुपये मूल्य की आठ अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हीरो समूह के चेयरमैन पवन मुंजाल के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दर्ज विदेशी मुद्रा से संबंधित कार्यवाही पर रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय ने तीन नवंबर के अंतरिम आदेश में कहा कि मुंजाल को सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) ने तथ्यों के आधार पर दोषमुक्त कर दिया है और निचली अदालत के समक्ष इसका खुलासा नहीं किया गया और याचिकाकर्ता अंतरिम संरक्षण के लिए मामला बनाने में सक्षम रहा।

## अबतक के सबसे अच्छे फॉर्मूलेशन के साथ नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी शौचालय देखभाल ब्रांड हार्पिक ने अपनी पावर प्लस रेंज के तहत अबतक के सबसे अच्छे फॉर्मूलेशन के साथ नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश को लॉन्च किया

**ओरिजनल**

**नया और बेहतर हार्पिक ओरिजनल फ्रेश उस उसके लिए एक गेम-चेंजर है**

है, जो केवल पांच मिनट में शौचालय को बेदाग स्वच्छ बना देता है। नया फॉर्मूलेशन लंबे समय तक चलने वाली खुशबू और ताजगी के साथ बेहतर सफाई सुनिश्चित करता है। पावर प्लस रेंज को तीन अतिरिक्त खुशबुओं स्पार्कलिंग लेमन, रिफ्रेशिंग मरीन और जॉयफुल जैस्मीन में भी उपलब्ध कराया गया है।सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया हाईजीन, रेकिट ने कहा, रेकिट में, इनोवेशन हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और हार्पिक लगातार नए और बेहतर समाधान लाकर एक बेहतर उपभोक्ता अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उपभोक्ता की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है। नया और बेहतर हार्पिक ओरिजनल फ्रेश




उस उसके लिए एक गेम-चेंजर है, जो सफाई प्रक्रिया में बहुत अधिक समय खर्च किए बिना एक साफ, स्वच्छ और सुगंधित टॉयलेट की इच्छा रखता है। अनुपमा रामास्वामी, चीफ़ क्रिएटिव ऑफीसर, हवास वर्ल्डवाइड इंडिया ने कहा, जब आप पहले से ही देश में नंबर वन खिलाड़ी हैं, तो अब आप क्या कर सकते हैं, लेकिन फिर भी आपके खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण पेश करने का काम दिया जाता है। क्रांतिकारी 5 मिनट में चमकदार सफाई तकनीक और खुशबू? आप सर्वश्रेष्ठ को चुनौती देते हैं। हमारे मामले में हमारा मुकाबला स्वयं से है। बेस्ट एवर हार्पिक का अबतक का सबसे बड़ा लॉन्च रचनात्मकता और परिभाषा को दोबारा गढ़ने की एक रोमांचक यात्रा रही है। हमने परंपरा को तोड़ा है। नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश उन उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है, जो चाहते हैं कि उनके टॉयलेट क्लीनर त्वरित, कुशल और बढ़िया खुशबू वाले हों। नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश मैलोडोर कंट्रोल टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जो शौचालय की अप्रिय गंध को प्रभावी ढंग से दूर करने में अहम भूमिका निभाती है। बेहतर फॉर्मूलेशन केवल पांच मिनट में एक चमकदार स्वच्छ शौचालय देता है, और डिटर्जेंट की तुलना में दस गुना बेहतर सफाई प्रदान करता है।

ब्रांड के साथ अपने जुड़ाव पर बोलते हुए, अभिनेता और ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार ने कहा, हार्पिक एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जो हर उस घर के लिए है, जो शौचालय की सफाई की जरूरतों के लिए एक सुविधाजनक, तेज लेकिन प्रभावी समाधान की तलाश में है। मुझे हार्पिक की उस यात्रा का हिस्सा बनने में बेहद खुशी हो रही है, जो उस ब्रांड के साथ मेरे लंबे समय से जुड़ाव के माध्यम से गुजरी है और विकसित हुई है, जो लगातार बदलती उपभोक्ता जरूरतों के आधार पर अपनी पेशकशों को नया रूप देता है। अभियान के बारे में सोशल मीडिया पर बातचीत और जुड़ाव पैदा करने के लिए अनीशा दीक्षित, जी अली, सुभलक्ष्मी परीदा, साक्षी केसवानी, अस्तुति आनंद और आशिका गोडा जैसे प्रमुख सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को शामिल किया गया है। बिल्कुल नई हार्पिक पावर प्लस रेंज 200 मिली, 500 मिली, 1 लीटर पैक में भारत के सभी बाजारों में ऑफलाइन और ऑनलाइन स्टोर पर क्रमशः 44 रुपए, 99 रुपए और 215 रुपए में उपलब्ध है।

## कैफे अकासा के दिवाली स्पेशल मील के साथ आसमान में मनाइये रोशनी का त्यौहार

अकासा एयर की ऑनबोर्ड मील सर्विस 'कैफे अकासा' ने रोशनी के त्यौहार को देखते हुए 'दिवाली स्पेशल मील' की पेशकश की है। अकासा एयर के साथ यात्रा कर रहे यात्री ऐसे मील (भोजन) से दिवाली की खुशी बढ़ा सकते हैं, जिसमें पारंपरिक मटर के छोले और मूंग दाल कचौरी होगी। इसके साथ ही उन्हें एक खुशनुमा फ्यूजन डेजर्ट- मोतीचूर लड्डू पुडिंग और अपनी पसंद का पेय भी मिलेगा। यह खास भोजन अकासा के एयर नेटवर्क पर नवंबर 2023 के पूरे महीने उपलब्ध रहेगा और इसे सुविधाजनक तरीके से अकासा एयर की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर प्री-बुक किया जा सकता है। रोशनी का यह त्यौहार उन पारंपरिक पकवानों के बिना पूरा नहीं होता है, जोकि भारतीय संस्कृति का मौलिक हिस्सा हैं। यह खास पेशकश ग्राहकों को त्यौहार का एहसास और उड़ान का एक अनूठा अनुभव देने के लिये तैयार की गई है। यह त्यौहार के सीजन में यात्रा करने वालों को आसमान में लंबे वक्त तक साथ रहने वाली यादें देगी। अकासा एयर ने अगस्त 2022 में अपना परिचालन शुरू करने के बाद से भोजन के ऐसे विशेष विकल्प पेश किये हैं, जो लोकप्रिय त्यौहारों और खास अवसरों, जैसे कि क्रिसमस, मकर संक्रांति, वैलेंटाइन्स डे, होली, ईद अल-फितर, मदर्स डे, इंटरनेशनल योगा डे, मानसून सीजन, ओणम, गणेश चतुर्थी और दशहरा, आदि के दौरान उत्सवों से सम्बंध रखने वाले क्षेत्रीय व्यंजनों से प्रेरित हैं। एयरलाइन ऐसे यात्रियों के लिये अपने रेगुलर मेन्यू में केक का पहले से सेलेक्शन भी देती है, जो आकाश में उड़ते हुए अपने प्रियजनों के जन्मदिन मनाना चाहते हैं। कैफे अकासा के नये मेन्यू के अंतर्गत, ग्राहक भोजन के 50 से ज्यादा विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हेल्दी, फ्यूजन, फेस्टिव और गॉरमेट मील्स होंगे। यह श्रृंखला तरह-तरह की डाइट्स एवं फ्लेवर्स का आनंद उठाने का मौका देगी।

## इंडियन बैंक ने केजीएमयू को दीं 10 व्हील चेयर, 05 वाटर कूलर एवं 05 आर ओ सिस्टम



**लखनऊ।** इंडियन बैंक ने कॉरपोरेट समाजिक दायित्वों के अंतर्गत केजीएमयू की स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूती प्रदान करने के लिए 10 व्हील चेयर, 05 वाटर कूलर एवं 05 आर ओ सिस्टम प्रदान किए। जिससे इन सभी का लाभ केजीएमयू में आने वाले मरीजों, तीमारदारों, यूनिवर्सिटी के छात्रों एवं अन्य लोगों को मिल सके।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर अंचल प्रमुख लखनऊ श्री प्राणेश कुमार ने बताया कि जिस तरह बैंक अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सदैव तत्पर है, उसी तरह बैंक अपने सामाजिक दायित्वों का भी समुचित निर्वहन कर रहा है और आगे भी इसी तरह के सामाजिक कार्यों के लिए इंडियन बैंक हमेशा प्रेरित है। कार्यक्रम के दौरान केजीएमयू वित्त अधिकारी श्री विनय राय, चीफ प्रॉक्टर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव, सीएमएस डॉ. बी.के. ओझा, एमएस डॉ डी. हिमांशु एवं इंडियन बैंक केजीएमसी शाखा के शाखा प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सलमान-कैटरीना ने अपनी पहली दिवाली रिलीज पर कहा

## हम टाइगर 3 के साथ पूरे देश में सभी के साथ दिवाली मना रहे हैं!

आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3 इस रविवार, 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल ऑनस्क्रीन जोड़ियों में से एक, सलमान खान और कैटरीना कैफ की दिवाली पर कभी भी एक साथ रिलीज नहीं हुई है! टाइगर 3 के साथ, यह प्रतिष्ठित जोड़ी इस दिवाली भारत और दुनिया भर के सिने प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है!सलमान कहते हैं, दिवाली में फिल्म का रिलीज होना हमेशा खास होता है क्योंकि मेरी बहुत अच्छी यादें हैं कि कैसे इस त्योहार ने मुझे हमेशा गुडलक दिया हैं। यह काफी आश्चर्यजनक है कि एक जोड़ी के रूप में कैटरीना और मेरी दिवाली पर कोई रिलीज नहीं हुई है और टाइगर 3 हमारी पहली दिवाली फिल्म होगी! सह-कलाकार के रूप में, हमने ऐसी फिल्में की हैं जिन्हें कई लोगों ने पसंद किया है। इसलिए, अगर हम



उन्हें टाइगर 3 के साथ सर्वश्रेष्ठ दिवाली दे सकें, तो हम बहुत आभारी होंगे।कैटरीना कहती हैं, यह दिवाली बेहद खास है क्योंकि मेरी टाइगर 3 रिलीज होने वाली है, एक फिल्म जो बुराई पर जीत के बारे में है। दिवाली पर रिलीज होने वाली सलमान के साथ यह मेरी पहली फिल्म भी है! सलमान और मैं सभी का मनोरंजन करने और इस दिवाली के उत्सव में और भी अधिक खुशी और उत्साह जोड़ने के लिए उत्सुक हैं। वह आगे कहती हैं, मुझे लगता है कि इस साल हम अपनी फिल्म की रिलीज के साथ पूरे देश में सभी के साथ दिवाली मनाएंगे और मुझे उम्मीद है कि हम टाइगर 3 में सभी को एक अद्भुत दिवाली उपहार देंगे! दिवाली का इन दोनों सुपरस्टार्स के दिलों में एक विशेष स्थान है क्योंकि यह पुरानी यादों से भरा हुआ है।सलमान कहते हैं, मेरे लिए दिवाली हमेशा से वह त्योहार रहा है जो लोगों को एक साथ लाता है, परिवारों को एक साथ लाता है। मैं इस दिवाली को अपने लोगों के साथ बिताने का इंतजार कर रहा हूं। मैं इस दिवाली अपने पूरे परिवार के साथ टाइगर 3 देखूंगा और मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसे देखेगा और बड़े स्क्रीन के इस अनुभव का भरपूर आनंद उठाएगा। कैटरीना आगे कहती हैं, दिवाली हमेशा से ही जश्न मनाने वाला त्योहार रहा है। मेरे लिए, यह एकजुटता, प्यार, रोशनी, हमारे परिवारों और दोस्ती के बंधन का जश्न मनाने और इस बात को स्वीकार करने का त्योहार है कि अच्छाई का हमेशा बुराई पर विजय होता है।

## संवत 2079 के आखिरी कारोबारी दिन हरे निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स 72 अंक चढ़ा, निफ्टी 19400 के पार



**नई दिल्ली।** धनतेरस के दिन यानी संवत 2079 के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। बता दें कि शुक्रवार को बाजार में ओपनिंग लाल निशान पर हुई थी। हालांकि, निचले स्तरों से रिकवरी करते हुए बाजार हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा।

धनतेरस के दिन सेंसेक्स 72.48 (0.11%) अंकों की बढ़त के साथ 64,904.68 के स्तर पर जबकि निफ्टी 30.05 (0.15%) अंकों की मजबूती के साथ 30.05 (0.15%) अंकों के लेवल पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान निफ्टी में एनटीपीसी और ओएनजीसी टॉप गेनर रहे, जबकि हीरो मोटरकॉर्प का शेयर 2% की गिरावट के साथ टॉप लूजर रहा। इससे पहले गुरुवार को BSE सेंसेक्स 143 अंक टूटकर 64,832 के स्तर पर बंद हुआ था। भारतीय रुपया शुक्रवार को रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गया क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में उछाल से एशियाई मुद्राओं पर दबाव बढ़ा। गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.34 के स्तर पर बंद हुआ, यह रुपये में गिरावट के साथ रिकॉर्ड क्लोजिंग है। रुपये में 0.07% की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले गुरुवार को रुपया 83.28 पर बंद हुआ था। बीते एक हफ्ते में स्थानीय मुद्रा की इकाई में 0.2% की गिरावट आई।

# सितंबर तिमाही में कोल इंडिया का मुनाफा 13त्न बढ़कर 6800 करोड़ रुपये हुआ, एलआईसी का लाभ 50% घटा

**सिफारिश**

**कोल इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 15.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है।**

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 15.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है। कोयला कंपनी ने इसके लिए रिकॉर्ड तारीख 21 नवंबर तय की है। कोल इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत बढ़कर 6,800 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी का परिचालन से समेकित राजस्व सालाना आधार पर लगभग 10%



बढ़कर 32,776.41 करोड़ रुपये हो गया और यह पूर्व में लगाए गए अनुमान 31,838 करोड़ रुपये से भी ऊपर रहा।

कोल इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 15.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है। कोयला कंपनी ने इसके लिए रिकॉर्ड तारीख 21 नवंबर तय की है। नतीजों के अनुसार ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले आय के रूप में गणना किया जाने वाला परिचालन लाभ सालाना आधार पर 12% बढ़कर 8,137 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान ऑपरेटिंग मार्जिन 43 बेसिस प्वाइंट बढ़कर 24.83 प्रतिशत हो गया। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल उत्पादन 157.43 मिलियन टन रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 139.23 करोड़ टन और एक तिमाही पहले 175.48 करोड़ टन था।

वहीं दूसरी ओर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शुद्ध लाभ सितंबर 2023 में समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक घटकर 7,925 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी की प्रीमियम से शुद्ध आय सालाना आधार पर करीब 19 प्रतिशत घटकर 1.07 लाख करोड़ रुपये रह गई।

सितंबर तिमाही में एलआईसी को शुद्ध कमीशन के रूप में 6,077 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, यह एक साल पहले 5,808 करोड़ रुपये था। सितंबर के अंत तक सॉल्वेंसी अनुपात 1.90 गुना रहा, जो एक साल पहले 1.88 गुना था। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 30 सितंबर तक 2.43 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले 5.60 प्रतिशत और एक तिमाही पहले 2.48 प्रतिशत था।

## अगले 18 महीनों में हर छठे दिन एयर इंडिया को मिलेगा एक नया विमान



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि एयरलाइन को अगले 18 महीनों में हर छह दिन में नए विमान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए एयरलाइन की ओर से 470 विमानों के ऑर्डर दिए हैं। विल्सन ने सिंगापुर में एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के अध्यक्षों की 67वीं सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा, %हमारे पास नए विमान हैं, हम कई नए चालक दल और कर्मचारियों की भर्ती कर रहे हैं, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं। हमें अभी और काम करना है। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। विल्सन ने एक सत्र में कहा कि एयर इंडिया के अधिकांश ग्राहक विश्वसनीयता और समयबद्धता चाहते हैं और चुनौती ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की है। विल्सन ने कहा कि इसके अलावा, नए विमानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रखा जा रहा है और अधिकांश ग्राउंडेड विमानों को रीस्टोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए 470 विमानों का ऑर्डर दिया है, जो 8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही है और इसे अगले 18 महीनों में हर छह दिन में एक नया विमान मिलने वाला है।

# तुर्कपट्टी पुलिस का अमानवीय चेहरा सड़क पर घंटों लावारिश पड़ी रही लाश

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** शुक्रवार को तुर्कपट्टी पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया।



तुर्कपट्टी थाने के बाहर गेट के पास सड़क पर शव घंटों तक लावारिस पड़ी रही। परिजनों का आरोप है कि पुलिस शव को लेकर सड़क पर छोड़ चली गई। तबसे कोई पुलिस कर्मी नही आया। इसका वीडियो सोशल मिडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बीते दिन ही एसपी धवल जायसवाल ने तुर्कपट्टी थाने का निरीक्षण कर हर मामले को संजीदगी से लेने के निर्देश दिया था। लेकिन निरीक्षण के एक दिन बाद ही तुर्कपट्टी पुलिस की यह संवेदनहीनता उजागर हो गई। जानकारी के अनुसार तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के दोघरा के शेखवापट्टी निवासी केदार चौहान (40) पुत्र भागीरथी शुक्रवार की सुबह भेलेया चंद्रौटा सब्जी लेने घर से निकला। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि भेलेया चंद्रौटा के पास सड़क के किनारे एक शव पड़ा है। परिजनों के अनुसार पुलिस शव को थाने लाई और उन्हें थाने पर बुलाया। परिजन जब थाने पर पहुंचे तो देखा कि शव थाने के बाहर गेट के पास सड़क पर पड़ा हुआ है। वहां कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नही था। थाने के सामने सड़क पर घंटो शव पड़ा रहा जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के इस संवेदनहीनता का क्षेत्र में खूब किरकिरी हो रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तुर्कपट्टी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उक्त व्यक्ति साइकिल से कही जा रहे थे कि मिर्गी आने से सड़क के बगल गढ्ढे में गिर गए जहां मौत हो गई। सूचना पर पुलिस गई थी शव को कब्जे में लेकर ऑटो से ला रही थी कि रास्ते में एंबुलेंस से लाकर यहीं उतार दिया गया। कुछ समय बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

# राम राज्य में राम जानकी मंदिर से पीतल की पांच मूर्तियां चोरी





- फोरेंसिक टीम व खोजी कुत्ते की मदद से जांच पड़ताल में जुटी पुलिस
- एडिशनल एसपी ने मंदिर में हुई चोरी का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** ठंड का फायदा उठाकर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कुंदुर गांव में बीती रात राम जानकी मंदिर से पीतल की पांच मूर्तियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। चोरों ने मूर्ति चोरी कर क्षेत्र में पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह द्वारा मंदिर परिसर सहित चोरी स्थल का जायजा लेते हुए पूजारी से पूछताछ कर थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुंदुर में लगभग 100 वर्षो से अधिक पुराना राम जानकी मंदिर स्थित है जो पूजारी देव नारायण वैश्य के पूर्वजों द्वारा बनवाया गया था जिसकी देखभाल सहित पूजन अर्चन का काम पूजारी द्वारा ही किया जाता है। शुक्रवार को सुबह पूजारी के परिवार की एक महिला जब फूल तोड़ने मंदिर की तरफ गई तो मंदिर के मेन गेट का फाटक खुला देख शोर मचाई शोर सुन परिवार के लोग मंदिर की तरफ दौड़ पड़े और मंदिर के खुले हुए फाटक को देख दंग रह गए। मंदिर के अंदर प्रवेश करने पर ताला बंद फाटक के एक पल्ले को निकाल कर पांच मूर्तियों के चोरी होने का मामला प्रकाश में आया जिसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार और चौकी इंचार्ज राहुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कार्यवाही में जुट गए। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी रितेश कुमार ने भी पहुंच कर जायजा लिया और फोरेंसिक टीम के सतेंद्र पाल, अमरनाथ के साथ डाग स्क्वायड टीम के अवधेश यादव द्वारा भी मंदिर के अंदर अनेक पहलुओं पर जांच की गई। जांच के दौरान ही एक मूर्ति मिली जिससे सिर्फ पांच मूर्तियों का ही चोरी होने की बात उजागर हुई। पूजारी ने मूर्तियों के चोरी होने की तहरीर थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सौंप दी है।

### मूर्ति चोरी का जल्द करें खुलासाः एएसपी

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कुंदूर में राम जानकी मंदिर से एक साथ पीतल की पांच मूर्तियां चोरी होने की सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह गहनता से जांच पड़ताल कराया। खोजी कुत्ते व फोरेंसिक टीम ने मंदिर के अगल बगल व कुछ दूरी पर पहुंच सुराग लगाने का प्रयास किए। एडिशनल ने मातहतों को सख्त लहजे में कहा कि मूर्ति चोरी का जल्द से जल्द खुलासा करें अन्यथा कार्यवाई के लिए तैयार रहे।

# दीप पर्व पर 153 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का सीएम देंगे उपहार

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** रविवार को वनटांगिया समाज के लोगों के साथ दीप पर्व मनाने आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले को करीब 153 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उपहार भी देंगे। वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नम्बर तीन में आयोजित दीपोत्सव समारोह के दौरान ही सीएम जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के गांवों से संबंधित 91 करोड़ रुपये के 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान उनके हाथों 62 करोड़ रुपये की लागत वाली 20 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी होगा। कार्यक्रम स्थल पर कई विभागों की तरफ से स्टाल लगाकर शासन की जनहित वाली योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित की जाने वाली सभी विकास परियोजनाएं ग्राम पंचायतों में परफॉर्मेंस ग्रांट से संबंधित हैं। कुल 32 ग्राम पंचायतों में परफॉर्मेंस ग्रांट से कराए गए कार्यों की लागत सवा करोड़ रुपये से लेकर सात करोड़ रुपये तक है। जबकि शिलान्यास के कार्य 20 विभिन्न ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन में दीपावली मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को 80 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी थी।

# लकीर का फकीर बनने से बचें आयुर्वेद के क्षेत्र के लोग: प्रो. एके सिंह



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में तीन दिवसीय सुखायु राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शुक्रवार को धन्वंतरि जयंती के पावन पर्व पर हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह ने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को लकीर का फकीर बनने बनने से बचना होगा। आज के दौर में बन रही आयुर्वेदिक औषधियों की वैज्ञानिक गुणवत्ता सिद्ध करने का प्रयास करना होगा। आयुर्वेदिक आचार्यों को प्रयोगात्मक शिक्षण पर अधिक प्रयास करना होगा। प्रो. सिंह ने कहा कि हर एक चीज का एक मानक क्रम होता है। आयुर्वेद के मानक क्रम में एक दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार, विहार, पथ्य और अपथ्य शामिल हैं। जब आहार विहार अनियमित होता है तब हमारे शरीर में टाक्सिन उत्पन्न होते हैं। आयुर्वेद में उस टाक्सिन का शोधन और शमन करते हुए चिकित्सा करते हैं तो वो अधिक कारगर होता है। उन्होंने कहा कि हमारी विशेषज्ञता वैद्य होने में है। हम अपने को वैद्य कहना आरंभ करें। डाक्टर तो पीएचडी कर के भी लिख सकते हैं लेकिन वैद्य लिखने के लिए बीएएमएस करना पड़ेगा। कुलपति ने घोषणा की कि आगामी महीने में आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयुर्वेद कालेज में नाड़ी परीक्षण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अमृता स्कूल आफ आयुर्वेद, कोल्लम केरल के अनुसंधान निदेशक डॉ. राम राम मनोहर पी. ने कहा कि स्वस्थ आयु प्रदान करने वाला वेद ही आयुर्वेद है। कोरोना काल में आयुर्वेद ने अपने को पुनः सिद्ध किया है। यह आज भी पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने कहा कि भगवान धन्वंतरि वो हैं जिन्होंने धनुष के द्वारा शत्रुओं का नाश किया।

# धनतेरस पर बाजारों में दिखा उत्साह, जमकर हुई खरीददारी







अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पंचदीपोत्सव पर्व पर धनवंतरी जयंती यानी धनतेरस के दिन शुक्रवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार गुलजार रहे, लोगों ने जानकर खरीदारी की। वर्तन, जेवर व कपड़ों की दुकानों पर दिन भर भीड़ लगी रही। इसके अलावा मिठाईयों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों की भी खूब बिक्री हुई।

धनतेरस त्योहार पर बर्तन व जेवर के दुकानदारों ने अपनी दुकानें सलीके से सजा रखी थी। मान्यता है, कि धनतेरस के दिन बर्तन की खरीदारी की जाती है। जिससे भगवान कुबेर प्रसन्न होते है, तथा लोगों की कामनाएं पूरी होती है। सुबह से ही बर्तन, जेवर, कपड़े, मिठाई व दो-पहिया वाहनों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई। जैसे-जैसे दिन चढता गया बाजार मे लोगों की संख्या में बढ़ोतरी होती गई। त्योहार पर खासकर बर्तनों के दुकानदारों ने पडरौना नगर के धर्मशाला रोड, बैंक रोड़, मेन रोड, रामकोला रोड, दरबार रोड समेत अन्य प्रमुख मार्गो पर बर्तन की दुकानें सजा रखीं थी। जहां अनुमानित मूल्य थाली 50 से 350 रुपये, गिलास 30 से 140 रुपये, लोटा 150 से 450 रुपये तथा तांबा का 220 से 600 रुपये प्रति किलो, जग 110 से 500 रुपये, ट्रे 95 से 300 रुपये, कड़ाही 250 से 450 रुपये प्रति किलो, तवा 120 रुपये प्रति किलो, कटोरी 25 से 65 रुपये, चम्मच 5 से 20 रुपये, बाल्टी 345 रुपये प्रति किलो, दूध बाल्टी 345 रुपये प्रति किलो, टिफिन 240 रुपये पति किलो, ड्रम 180 रुपये प्रति किलो, कुकर 800 से 2000 रुपये प्रति की दर से बिक रहा था। जेवर की दुकानों पर भी खरीददारी कर रहे लोगों की भीड़ बनी रही। त्योहार के मौके सोना, चांदी दो-पहिया वाहनों की भी खरीदारी की। मिठाई व कपड़ों की दुकानों पर भी लोग जमे रहे।

### महंगाई का दिखा असर

दुकानदारों की मानें तो महंगाई के चलते ग्राहकों ने इस बार अपेक्षाकृत सस्ते सामानों की खरीद में ज्यादा रुचि दिखाई। महिलाओं ने आभूषणों की खरीद में खूब रुचि दिखाई। शहर के सराफा की दुकानों में महिलाओं की भीड़ नजर आई। दुकानदारों के मुताबिक पायल, बिछिया से लगायत गले का हार, कान की बाली व झुमका तक की खरीदारी महिलाओं ने की। बर्तन के दुकानदारों के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों से तांबा, फूल व पीतल के बर्तनों की बिक्री घटी है। इस साल भी स्टील के बर्तनों की डिमांड खूब रही। अधिकांशत- लोगो ने नियमित उपयोग के बर्तनों की खरीद पर विशेष जोर दिया। बाजार में हर आय वर्ग के ग्राहकों की भीड़ थी। देर रात तक बाजार ग्राहकों से भरे पड़े थे।

# सीडीओ ने आयुर्वेद जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** शासन के निर्देशानुसार आज अष्टम आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयुर्वेद जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखा कर के रवाना कराया गया। उक्त रैली विकास भवन देवरिया से जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय होते हुये क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय जिला पंचायत परिसर देवरिया पर सम्पन्न हुई।

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य आयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. विशाल चौधरी के साथ आयुर्वेद एवं होमियोपैथी विभाग के चिकित्साधिकारियो डा. ज्ञानचंद्र मौर्य, डा. सृजन राय, डा. प्रभात राय सहित अन्य चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, योग प्रशिक्षको के साथ राजकीय इंटर कालेज देवरिया के प्रधानाचार्य एवं छात्रों ने वाद्य यंत्रों, बैनर, पोस्टर आदि के साथ सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम के पश्चात जिला पंचायत परिसर स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया तथा व्यापक स्तर पर जन आरोग्य के रक्षण एवं रुग्ण सेवा की शपथ ली गयी।

# विद्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती शिक्षा मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्रामभारती, परतोष में वंदना सत्र में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांर्चन के बाद दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राम नयन मौर्य ने भैया बहनों को दीपावली के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव पांच त्योहारों का संगम है। जिसमें पहले धन तेरस नरक चतुर्दशी लक्ष्मी पूजन (दीपावली) गोवर्धन पूजा और भैया-दूज त्यौहार मनाया जाता है।समुद्र मंथन के बाद समुद्र से चौदह रत्न निकले। जिसमें आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि कलश में अमृत लेकर प्रकट हुए। इनका प्रकटोत्सव धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। देवी लक्ष्मी भी प्रकट हुई जिसके कारण दीपावली के दिन लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा की जाती है। देवी लक्ष्मी धन की देवी है हम सभी भाई बहन इस दिन सायंकाल इनकी पूजा एवं अर्चना करते हैं। अगले दिन गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम होता है। अगले दिन भैया दूज का कार्यक्रम मनाया जाता है।इस कार्यक्रम के बाद विद्यालय की बहनों द्वारा थाल सजाओ प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें बाल वर्ग से बहन तोषिका-प्रथम आराध्या-द्वितीय साक्षी-तृतीय रही। वरिष्ठ वर्ग से बहन आंचल सिंह-प्रथम सारिका-द्वितीय रीशू तथा दिव्यांशी-तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता की तैयारी आचार्या दीदी प्रीति तिवारी मनोरमा मिश्रा एवं शशि पूजा द्वारा संपन्न हुआ। निर्णायक मंडल राजेंद्र प्रसाद मिश्र एवं निखिलेंद्र सिंह आचार्य रहे।

### धनतेरस पर बाजारों में जमकर हुई खरीददारी

**अमेठी।** मंहगाई को दरकिनार कर जनपद की विभिन्न बाजारों में धनतेरस के पर्व पर शुक्रवार को दुकानों पर जमकर खरीददारी की गई। त्योहार के उत्साह में लोगों ने महंगाई को दरकिनार कर खरीददारी की। देर शाम तक बाजार गुलजार रहे। प्रकाश पर्व दीपावली और धनतेरस को लेकर नगर और ग्रामीण अंचल सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाजार सजे हैं। कपड़ा बर्तन और आभूषण की दुकानों के अलावा मोटर वाहन एजेंसी को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है।जहां नये वाहनों की लंबी लंबी कतार दिखाई पड़ रही है। वही मिठाई की दुकानें भी सज गई है लाई च्यूरा और खिलौने की दुकानें सजाई गई है। चाइनीज झालर पटाखा मोमबत्ती की दुकानें भी सजी है।झाड़ू वर्तन कपड़ा लक्ष्मी गणेश कुबेर की मूर्ति की दुकानों पर भारी भीड़ रही। आभूषण की दुकानों पर भी जमकर खरीददारी की गई। सड़क की पटरियों पर मिट्टी के दिये सजे रहे लोगों ने बड़े चाव से उन्हें खरीदे। मोटर साइकिलों और साइकिलों की भी जमकर बिक्री हुई। झाड़ू खरीदने की होड़ लगी रही। इधर प्रशासन भी भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सजग नजर आया।

# नियम कानून ताक पर रख टाउनहाल ग्राउंड पर सजी पटाखों की अस्थाई दुकानें

मनव्वर रिज़वी

**गोरखपुर।** दीपावली के अवसर पर अस्थाई पटाखों की दुकान के मामले में गोरखपुर शहर में एक तरफ जहां नियम कानून को ताक पर रख कर सबसे अधिक डिमांड वाले स्थान का न सिर्फ नियम बदल दिया गया बल्कि सरकारी संपत्ति को बिना किसी पूर्व सूचना और निविदा के एक प्राइवेट व्यक्ति के हवाले करते हुए मनमानी रकम वसूली गई और बिना विधुत सुरक्षा सम्बन्धी उपाय किये पटाखों की दुकानों को सजा दिया गया।



यहां लगे विद्युत कनेक्शन के बारे में न तो विभाग को जानकारी है न ही विधुत सुरक्षा विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया। ऐसे में अगर कोई दुर्घटना घटी तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा इसका जवाब किसी के पास नही है। क्योंकि यहां जो भी दुकाने दी गई हैं उसमें सिर्फ और सिर्फ ठेकेदार शामिल है। इस बार यहां दुकान लगाने वालों ने न फायर एनओसी के लिए अग्निशमन का रुख किया और न ही पुलिस सत्यापन के लिए थाना कोतवाली का चक्कर काटा, सब कुछ ठेकेदार ने साहब के फोन के जरिये करा लिया।

यही नही नियम कानून को ताक पर रखते हुए लगभग 69 दुकानदारों के पुलिस सत्यापन की औपचारिकता मात्र एक दिन में पूरी कर ली गई। जबकि अन्य अलग अलग जगहों पर लगने वाली दुकानों के लिए नियम कानून व सत्यापन की कार्यवाही में कोई बदलाव नही किया गया। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार इस बार टाउनहाल ग्राउंड पर लगने वाली अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जो खेल हुआ है उसमें बाबू से लेकर उच्चाधिकारियों तक के शामिल होने की बात कही जा रही है। कुल मिलाकर यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सीएम योगी के शहर में उनकी ज़ीरो टॉलरेंस और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के दावों की हवा निकालने में शामिल यहां तैनात अधिकारियों की भूमिका का खुलासा हो जाएगा।

# दीपावली और छठ के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना परिसर में शुक्रवार को दीपावली और छठ पूजा के दृष्टिगत प्रशासन की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक गीडा थाना परिसर मे आयोजित की गई। बैठक में थानाध्यक्ष द्वारा इन महत्वपूर्ण त्योहारों के सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दीपावली पांच दिवस का महत्वपूर्ण त्यौहार है। उन्होंने कहा कि पटाखों के बिकने वाले स्थानों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और शहरी क्षेत्र में इसकी बिक्री पर मनाही है। छठ पूजा को लेकर उन्होंने कहा कि जहां-जहां छठ पूजा के कार्यक्रम होते हैं वहां की साफ सफाई सुनिश्चित करें। तालाबों में यदिआवश्यक हो तो बैरीकेडिंग भी किया जाएगा। सभी घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने धूमधाम, पवित्रता, शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का आग्रह किया। साथ ही सभी को आगामी त्यौहार की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान एसआई एसपी सिंह, धन्नजय सिंह, प्रभाकर सिंह, अभिषेक यादव, उदय चंद चौहान, सिब्बू सिंह, अब्दुल खालिक सहित ग्राम प्रधान और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एनजी पब्लिक स्कूल में मनाया गया दिपावली उत्सव

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील अंतर्गत ग्राम कररिया के एनजी पब्लिक स्कूल में धूम धाम से दीपावली उत्सव मनाया गया। एनजी पब्लिक स्कूल कररिया के बच्चों ने स्कूल में दीपावली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई प्रतियोगिताएं हुई। बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ रंगोली बनाई। स्कूल के प्रबंधक प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों द्वारा दीपावली सेलिब्रेशन किया। इसमें सभी बच्चे विभिन्न परिधानों में सज-संवर कर आए थे। बच्चों ने सुंदर रंगोली, कागज पर दिए बनाई। दीया डेकोरेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्रीनिवास त्रिपाठी अध्यापक उत्सव श्रीवास्तव, आलोक मौर्य, रोहन वर्मा श्रवण गुप्ता, तनु श्रीवास्तव, अंशिका पूजा पांडे, सुप्रिया, नीलम सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहें।



# भेजी गई 294 एमटी डीएपी

**अमेठी।** जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है। रबी के मौसम में किसानों को जरूरत के अनुसार पूरी मात्रा में उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जिले की 36 साधन सहकारी समितियों पर 294 एमटी डीएपी शुक्रवार को भेजी गई है। तीन दिन के भीतर पारादीप से डी ए पी की एक और रैक आ जाएगी। डीएम ने कृषकों को उनकी जोत कृषित भूमि के आधार पर सभी प्रकार के उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री और किसी भी तरह की गड़बड़ी मिलने पर उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के अल्टीमेटम दिए गए हैं। शुक्रवार को साधन सहकारी समिति भादर सेमरौता चंदौकी दरपीपुर देवकली हरभान गोपियां पुर दुलापुर कला गोरिया बाद गोरखा पुर रस्तामऊ जमुवारी कौहार माधवपुर महाराज पुर मंगौली निहाल गढ़ पंडरी पनियार दादरा सैंठा सरायमहेशा सत्थिन गुलाल पुर नेवादा मुसाफिर खाना पाली अलाईपुर नीमपुर राम बख्श गढ़ रेसी सेम्भुई राजापुर पिंडारा करनाई ढेमा, टीकरमाफी और खरगपुर साधन सहकारी समितियों को डिमांड के अनुसार डी ए पी उपलब्ध करा दी गई है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मिल रही है हौंसले को उड़ान

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रगतिशील किसानों के हौंसलों को नई उड़ान दे रहा है। प्रगतिशील किसान मछली पालन के जरिये अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज तरकुलवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरैया में स्थित प्रगतिशील किसान गंगाशरण श्रीवास्तव के मत्स्य पालन केंद्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन केंद्र के विषय में बारीकी से जानकारी प्राप्त की। केंद्र के संचालक गंगाशरण श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को बताया कि उन्होंने चार हेक्टेयर क्षेत्रफल में मछली पालन के लिए तालाब बनाये हैं। इसमें रोहू, नैन, कतला, पेंगीशियस, ग्रास कॉर्प, सिल्वर कॉर्प एवं कॉमन कॉर्प सहित विभिन्न प्रजाति की मछलियों का उत्पादन परंपरागत विधि से करते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि जनपद में मछली की अच्छी खासी डिमांड है। आसपास के जनपदों से भी मछली के खरीददार आते हैं। वे प्रतिवर्ष लगभग 25 लाख रुपये की मछली का कारोबार करते हैं। उन्होंने 10 श्रमिको को मत्स्य पालन केंद्र पर रोजगार भी दिया है। मत्स्य विकास अधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि जनपद में मत्स्यपालन को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में युवा मत्स्यपालन की ओर आकृष्ट हुए हैं। उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा की कृषि एवं उसके सहायक गतिविधियों में आय बढ़ाने की भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने जनपद के अन्य हिस्सों के प्रगतिशील किसानों के लिए हरैया में लर्निंग टूर आयोजित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जनपद के किसानों को मत्स्य पालन के सफल मॉडल से परिचय कराना आवश्यक है। इससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी तथा जनपद के पोषण स्तर में भी सुधार होगा। जिलाधिकारी ने गंगाशरण श्रीवास्तव को आरएएस विधि से मत्स्यपालन करने के लिए प्रेरित किया।



- प्रगतिशील मत्स्यपालक गंगाशरण श्रीवास्तव प्रति वर्ष 25 लाख रुपये की मछली का करते हैं कारोबार

# कृषि मंत्री ने पराली संग्रहण के कार्य का किया शुभारम्भ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जैव उर्जा नीति 2022 (प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर नैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू ऑफ काप रेजिड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन) योजनान्तर्गत जनपद देवरिया में फसल अवशेष / पराली संग्रहण करते हुए गोरखपुर स्थित धुरियापार, सीबीजी प्लान्ट में पराली पहुंचाने हेतु एग्रीगेटरों का चयन जिला स्तरीय समिति के द्वारा किया गया जिसके अन्तर्गत आज चयनित दो एफपीओ पूर्वांचल पोल्ट्री प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड व ओम किसान फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाया तथा लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाभी देते हुए पराली संग्रहण के कार्य का शुभारम्भ किया। इस मौके पर राजेश कुमार सिंह उप कृषि निदेशक, मृत्युंजय कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी, संतोष कुमार मौर्य भूमि संरक्षण अधिकारी, देवरिया, बीएन प्रसाद, शाखा प्रबन्धक, बड़ौदा यूपी बैंक, हरैया, प्रदीप कुमार, अवर अभियन्ता ओंकारनाथ दूबे वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए अविनाश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी आदि उपस्थित थे।

# आयुर्वेद थीम पर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अष्टम आयुर्वेद दिवस पर शुक्रवार को हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर कलेक्ट्रेट परिसर गौरीगंज में आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 368 रोगियों की बीपी की जांच स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक एवं योग चिकित्सा पद्धतियों से निःशुल्क चिकित्सा किया गया एवं औषधि का वितरण किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने भगवान धन्वंतरि जी की प्रतिमा पर पुष्प माला व पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिविर संचालक डॉक्टर अनुपम श्रीवास्तव नोडल अधिकारी डॉ गोपाल जी सिन्हा जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ वेदमनी पांडे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधुबन किशोर यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी योग प्रशिक्षक राजेश कुमार दुबे तथा अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे।



सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



दीपक पटेल
बीजेपी नेता
पूर्व विधायक : फूलपुर लोकसभा प्रयागराज





सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अपना दल (एस)



बृजेश पांडेय
समाजसेवी
अपनादल नेता भदोही लोकसभा भदोही





सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



गुरु प्रसाद मौर्या
वरिष्ठ बीजेपी नेता
विधायक फाफामऊ विधानसभा प्रयागराज



सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अतुल द्विवेदी
समाजसेवी
निदेशक मेट्रो ग्रुप : इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिला निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल का लाभ

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किए गए शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा उद्बोधन सुना गया। जनपद में कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी



एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर श्री कुलदीप निषाद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर श्री कुलदीप निषाद ने 147 लाभार्थियों को सब्सिडी धनराशि की सांकेतिक चेक तथा गैस सिलेंडर का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। ज्ञात हो कि जनपद के उज्ज्वला योजना के 153329 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों को धनतेरस व आने वाले दीपावली सहित अन्य पर्वो की शुभकामनाएं दी तथा अपील की है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिन लाभार्थियों के गैस कनेक्शन या बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है वे शीघ्र लिंक करा लें ताकि इसका योजना का आसानी से लाभ ले सकें। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व रसोई गैस सिलेंडर के कनेक्शन आम लोगों की पहुंच से दूर थे किंतु प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से प्रत्येक गरीब को आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के हित में विभिन्न योजनाओं को संचालित कर गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , मुख्य अग्निशमन अधिकारी ,पूर्ति विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दीपावली का उपहार पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिले

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के नेतृत्व में दीपावली के सुअवसर पर ग्राम रणहोर में ग्रामीणों के साथ दिपावली के पावन अवसर पर उत्सव मनाकर और उन्हे उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होने 101 वृद्ध, विकलांग व निंधन ग्रामीण परिवारो को पर्व मनानें के लिए उपहार स्वरूप स्टील के बर्तन, दिया-बाती व मिठाई आदि वितरित किया। दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने कहा कि खुषियॉ बाटने से बढ़ती है, किसी भी त्योहार को मिलकर मनाने से उस पर्व का आनन्द व महत्व दोनो बढ़ जाता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहयोगी सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, बबीता



सिंह, सपना तिवारी ,मोना श्रीवास्तव, मेनका अरोडा, आशा सैनी, शोमा ढोले, विभा सिंह, रमा सिंह, सविता चौबे व दिशिता महिला मंडल की सचिव कविता श्रीमाली, तुलिका श्रीवास्तव रजनी रूंगटा, सहित अन्य सदस्याऐं आदि ग्रामीणो के बीच मौजूद रही। इस अवसर पर ग्राम रणहोर की ग्रामप्रधान बसन्ती देवी ने महिला मंडल रेनूसागर का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उपहार पाकर सभी ग्रामीण परिवारो के चहरे खुषी से खिल गये और उन्होने हृदय से दिशिता महिला मंडल रेनूसागर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक रास्ते में अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान

**बबेरू/बांदा।** थाना कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेढी में सार्वजनिक रास्ते के अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अमेढी के ग्रामीण रामचंद्र वर्मा, रामफल यादव, रामफल प्रजापति, बाबूलाल यादव ,लखन सिंह, नन्हा सिंह, और सुंदर केवट ने बताया कि सार्वजनिक रास्ता जिसका गाटा संख्या 547 हुआ 536 है पर कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से इस आम रास्ते में कब्जा है। उक्त लोगों द्वारा तहसील समाधान दिवस पर अधिकारियों से शिकायत की गई थी ग्राम प्रधान विपिन कुमार ने भी इस रास्ते के विवाद को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया है। लेखपाल अमेढी ने उक्त रास्ते का सीमांकन करते हुए आक्रमणकारियों को हिदायत दिया था की सभी लोग इस रास्ते से अपना अपना अतिक्रमण हटा ले परंतु किसी के भी कान में जू नहीं रेंगी और अतिक्रमण जस का तस है। बता दें यह एक सार्वजनिक रास्ता है जिससे गांव के सभी लोग आवागमन करते हैं और बच्चे भी स्कूल जाते है।

# उज्जलवा योजना के लाभार्थियों को बांटे गये नि:शुल्क गैस सिलेण्डर

- सीएम के कार्यक्रम का हुआ लाईव प्रसारण



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा आज उज्जवला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर वितरण लोक भवन लखनऊ में किया गया। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को 2312 करोड़ के व्ययभार से निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का जनपद बांदा के विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इसी क्रम में जनपद बांदा में भी जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 150 लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर वितरण हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री रामकेश निषाद ने बडी संख्या में उपस्थित उज्जवला योजना की महिला लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए तथा उनकी सुविधाओं को बढाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनायें संचालित की हैं, जिससे कि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। इसी क्रम में उज्जवला योजना संचालित का महिलाओं को खाना पकाने में घूल एवं घुयें एवं उनकी कठिनाइयों से बचाव हेतु उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस सिलेण्डर दिये गये हैं।

# हरौलीपुर एवं पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की डीएम ने की समीक्षा

- जल जीवन मिशन के कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण कर क्रियाशील करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पट्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पट्योरा डाडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यो के सुचारू ढंग से संपादन हेतु पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था रखी जाए। योजना के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि आईएसए के अंतर्गत जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जल संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया जाए ।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए । इस कार्य में शिथिलता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि ऐसी फर्म /कार्यदायी संस्थाएं जो अपना कार्य सही ढंग से नहीं कर रही हैं अथवा शिथिलता बरत रही हैं उनको ब्लैक लिस्ट कर शासन को पत्र लिखा जाए। ज्ञात हो कि पट्योरा डांडा पेयजल योजना के तहत 148 गांव तथा हरौलीपुर पेयजल योजना से कुल 207 गांव को हर घर नल से जल प्राप्त होगा। इसके अंतर्गत पट्योरा डांडा पेयजल योजना तथा हरौलीपुर पेयजल योजना के अंतर्गत विभिन्न गांवों में टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम संदेश तोमर, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## किसानों को वितरण किया गया नि:शुल्क बीज

**बबेरू/बांदा।** विकासखंड कमासिन के ब्लॉक परिसर में क्षेत्रीय किसानों को निशुल्क बीज किट का वितरण किया गया है। ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र कुमार गर्ग की उपस्थिति में चना ,मसूर ,सरसों, लाही, का बीज किट पाकर किसानों के चेहरे पर छाई मुस्कान विकास खंड कमासिन के ब्लाक परिसर का है जहां पर सरकार द्वारा किसानों को निशुल्क बीज किट वितरण समारोह में आज ब्लाक में लगभग 2500 क्षेत्रीय किसानों को बीज वितरण किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र कुमार गर्ग द्वारा मसूर ,चना ,लाही ,सरसों ,के बीज किट का वितरण किसानों को किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक परिसर के सहायक कृषि निरीक्षक रोहित पटेल ,रामकरण उद्यान प्रभारी, प्रवीण राठौर, राजेंद्र कुमार ,अरुण कुमार, आदि अधिकारियों ,व कर्मचारियों द्वारा किसानों को निशुल्क बीज किट का वितरण किया गया।

# घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंदा

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** घर के बाहर 2 वर्षीय मासूम बच्ची खेल रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर वहां से गुजरा और बच्ची को रौंदते हुए निकल गया। जिससे घटनास्थल पर ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस में ट्रैक्टर चालक को ट्रैक्टर समेत हिरासत में ले लिया। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। घटना शुक्रवार को सवेरे बबेरू थाना क्षेत्र के मुरबल गांव में हुई। इसी गांव में रहने वाले महेश पाल की 2 वर्षीय मासूम बेटी सृष्टि शुक्रवार को सवेरे घर के बाहर अपने बाबा के पास खेल रही थी। इसी दौरान बबेरू की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर आया जिसकी चपेट में आकर मासूम बच्ची कुचल गई। जिसके सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। फिर भी घर के लोग बच्ची को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ने ट्रैक्टर चालक को ट्रैक्टर समेत अपने कब्जे में ले लिया। इस घटना से उत्तेजित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड से प्रतिदिन सैकड़ो वाहन गुजरते हैं। जो हमेशा तेज रफ्तार से चलते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आज सवेरे 7.30 बजे मुरबल बाजार में महेश पाल की 2 वर्षीय बेटी ट्रैक्टर से कुचल गई।

# सुरक्षित तरीके से दीपावली का पर्व मनाने के लिए डीएम ने किया जनपदवासियों से अपील

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद में दीपावली के पर्व को सुरक्षित एवं अग्निसुरक्षा के दृष्टिकोण से सुव्यवस्थित बनाने के दृष्टिगत आमजन से अपील किया है कि दीपावली के पर्व पर घरों के अंदर पटाखे न जलाएं, केवल खुले स्थानों पर ही पटाखे चलाएं, पटाखे चलाते समय पानी व बालू का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में रखे ताकि आग लगने पर उसको बुझाया जा सके, पटाखों की दुकान गली मोहल्ला आदि में न लगाए बल्कि प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही लगाएं। उन्होंने बताया कि पटाखो की दुकान के पास दुकानदारों द्वारा पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी व फायर एस्टिंगयूसर रखे जाये,



ज्वलनशील पदार्थ जैसे-गैस केरोसीन, पेट्रोल आदि के भंडार के आस पास भी पटाखे न चलाए, वाहनों के पास पटाखे न चलाए, टेंट, शामियाना, पंडाल के पास भी पटाखे न चलाए एवं अधिक आवाज वाले पटाखों जैसे राकेट, बम्ब आदि का इस्तेमाल ना करे। जिलाधिकारी ने बताया कि छोटे बच्चों को पटाखे चलाते समय दूर रखे तथा ढीले कपड़े पहन कर पटाखे ना चलाए, निर्धारित समय सीमा में ही पटाखे चलाये, देर रात तक पटाखे ना चलाए, हास्पीटल/नर्सिंगहोम, स्कूल के पास, फैक्ट्री के आसपास भी पटाखे ना चालाए, आग लगने की स्थिति में डायल 112 नम्बर पर सूचना दें, जिससे तत्काल कार्यवाही की जा सके, आग लगने की स्थिति में घटना की सही-सही जानकारी दें, लक्ष्मी पूजन के स्थान से ज्वलनशील पदार्थ तथा परदा आदि दूर रखें, दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजाएं, बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें तथा शार्ट सर्किट होने पर आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें।

## धनवंतरी पूजन का कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बांदा।** आरोग्य भारती बांदा के तत्वावधान में धन्वंतरि जयंती धनवंतरी पूजन का कार्यक्रम राजकीय महिला डिग्री कालेज बांदा में संपन्न हुआ। उपस्थित जन एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए डाक्टर जगदीश चनसोरिया ने धन्वंतरि जयंती एवं आयुर्वेद पर प्रकाश डाला डा. नरेंद्र मिश्रा ने मानसिक रोग पर तथा आरोग्य भारती के जिला संयोजक तरुण खरे जी ने आरोग्य भारती के कार्य एवं उसके समस्त आयामों पर प्रकाश डाला प्राचार्य डॉ दीपाली गुप्ता ने आयुर्वेद की माता को स्वीकार करते हुए आत्मरक्षा एवं स्वास्थ्य रक्षा पर प्रकाश डाला।

# धनतेरस में पूरी दम से बिका चांदी का सिक्का

अवधनामा संवाददाता

- स्टील और पीतल के चमचमाते बर्तन भी बने ग्राहकों की पसंद
- इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों ने भी मचाई धूम, खूब बिके मोबाइल
- सराफा दुकानों सहित बाजार में उमड़ा महिला-पुरुषों का रेला

**बांदा।** शुक्रवार को शहर धनतेरस के अवसर पर जमकर खरीदारी हुई इस दौरान शहर के बाजारों में लोगों की भीड़ देखते ही बनती थी। शहर के चौक बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। शहर की ज्वेलरी की दुकानों पर भी लोगों ने धनतेरस पर ज्वेलरी की खरीद की। शहर के खिंदड़ी ज्वेलर्स ने बताया कि इस बार अच्छी खरीद हुई है। शहर के बाजारों में दिवाली त्योहार के मद्देनजर सजावटी समाज से बाजार की खूबसूरती बनी हुई थी। रंग बिरंगी लाइट,सजावटी सामान भी बेचने के लिए रखे गए थे



जिसकी लोगों ने खरीद की। इसी तरह शहर के बड़ा चौक में कुम्हारों मिट्टी से निर्मित दिए व अन्य समान रखा गया था जिसकी लोग खरीदारी कर रहे थे। धनतेरस के त्योहार में एक परंपरा कुछ नया खरीदने की है। बाजार में सारे उत्पादों में आग लगी हुई है। लेकिन चांदी और सोना काफी महंगा हुआ है। इसके बावजूद भी सबसे ज्यादा भीड़ भी सरार्फा बाजार में नजर आई। पुराने चांदी के सिक्कों में जार्ज किंग और रानी विक्टोरिया को लोग ढूंढते रहे। यह सिक्का काफी महंगा बिका। हालांकि जो लोग धनतेरस की इस बाजार में ज्यादा धन नहीं खर्च करना चाहते थे उन लोगों ने लक्ष्मी और गणेश अंकित नए सिक्कों को तवज्जो दी। एक तोले का यह सिक्का बाजार में दम से चला। चांदी महंगी होने बावजूद भी बहुत से लोगों ने एक की जगह दो और चार सिक्के भी खरीदे, ताकि इसी बहाने घर में इस महंगी धातु का संग्रहण हो सके और महंगी होने पर इसका लाभ लिया जा सके। उधर बर्तनों की बाजार में चमचमाते स्टील और पीतल के बर्तन दम से दौड़े। स्टील के बर्तनों की तकरीबन तीन दर्जन दुकानें ऐसे सजी थीं, मानो किसी नई नवेली दुल्हन को सजाकर मंडप में ले जाया गया हो। चमचमाते बर्तनों की चकाचौंध में ग्राहकों ने भी खूब उत्साह दिखाया। किसी ने थाली तो किसी ने गिलास और किसी ने दूसरे तरह के बर्तनों के सेट खरीदे।

# भागीदारी व निवारक सतर्कता से बनाएं संस्थान को भ्रष्टाचार मुक्त

अवधनामा संवाददाता

- एनसीएल में ‑सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का हुआ समापन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक ÷भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें÷ की थीम पर मनाए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का समापन कंपनी के मुख्यालय में हुआ।

समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एनसीएल सीएमडी श्री भोला सिंह ने कहा कि आने वाले समय में संस्थानों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में भागीदारी व निवारक सतर्कता अहम भूमिका निभाएगी द्य साथ ही उन्होने उपस्थित एनसीएल कर्मियों से कंपनी की दृष्टि से जुड़कर स्वच्छ एवं स्वस्थ मन से राष्ट्र की सेवा करने का आवाहन किया द्य इस अवसर पर बोलते हुए उन्होने एनसीएल की मशीनकरण के प्रति प्रतिबद्धता जतायी व विभागीय उत्पादन को निरंतर बढ़ाने पर बल दियाद्य साथ ही आने वाले वर्षो में कंपनी का शत प्रतिशत कोयला प्रेषण हरित विधियों से करने की बात कही।

इस अवसर पर एनसीएल के नवागन्तुक मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संसाधनो की पहुँच के लिए भ्रष्टाचार से मुक्ति




आवश्यक हैद्य उन्होने संस्थानों को स्थायी रूप से भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जन जागरूकता को अपरिहार्य बताया बेहतर समाज, बेहतर कार्य संस्कृति, व बेहतर भविष्य के लिए भागीदारी सतर्कता पर बल दिया। उन्होने उपस्थित लोगों से असंगठित क्षेत्रों के प्रति बेहद संवेदनशीलता से काम करने का आवाहन किया।

समापन समारोह के दौरान एनसीएल के सीएमडी श्री भोला सिंह, निदेशक(कार्मिक) श्री मनीष कुमार निदेशक(वित्त) श्री रजनीश नारायण , निदेशक (तकनीकी/ संचालन) श्री जितेंद्र मलिक, एवं निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) श्री एस.पी सिंह, एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, परियोजनाओं व मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के दौरान एनसीएल में सतर्कता संबंधी जागरूकता हेतु कर्मियों का प्रशिक्षण, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्राम-संवाद, सतर्कता शपथ, सतर्कता रैली, प्रतियोगताएं जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के समापन समारोह के दौरान सप्ताह भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मियों व परियोजनाओं को सम्मानित किया गया। परियोजनाओं में निगाही को प्रथम, झिंगुरदा को द्वितीय व अमलोरी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सप्ताह के दौरान एनसीएल के आस-पास के विद्यालयों में निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। समापन समारोह स्थल पर एक पोस्टर गैलरी भी लगाई गई थी जिसका अवलोकन समारोह में शामिल हुए गणमान्यों ने किया।

कार्यक्रम में एनसीएल के सतर्कता विशेषांक मैगजीन 2023 का ई-विमोचन भी किया। इस अवसर पर एनसीएल वेबसाइट पर एक शिकायत पोर्टल भी लॉच किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## भारी पुलिस बल के साथ किया रूटमार्च

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय चल रहे धनतेरस, दीपावली और भय्या दूज के मौके पर बाजारों में उमडने् वाली भीड़ को लेकर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। दीपावली, धनतेरस और भय्यादूज तथा छठ पूजा के मौके पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने कस्बे के भीडभाड वाले मलीकुआं चौराहे से लेकर कोतवाली चौराहे तक पैदल मार्च किया इस दौरान क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।बताते चलें कि दीपावली और धनतेरस पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर मलीकुआं चौराहे से रूट डायवर्ट किया गया है।और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीक़े से हर्सोल्लास के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

## जहरीले कीड़े के काटने से मासूम गंभीर, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** घर में खेलते समय मासूम बच्ची को जहरीले कीड़े ने काट लिया जिसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी बुसरा (08)पुत्री नजमुद्दीन को घर में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया जिसे गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से मासूम बच्ची को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## ई रिक्शा पलटने से दो युवक घायल

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में नाबालिगों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर ई रिक्शा दौड़ाए जा रहे हैं जबकि कोतवाली पुलिस और आएदिन वाहन चेकिंग कर चालान काटने वाली यातायात पुलिस मात्र माहवारी के चलते इण्ट्री करने तक ही सीमित रह गई है और हादसे बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर कस्बे से सवारियों को लेकर जा रहे नाबालिग ई रिक्शा चालक ने संतुलन बिगड़ जाने के चलते सिलौली के निकट रिक्शा पलटा दिया जिसमें मांचा निवासी रफाकत अली(25)पुत्र राहत अली और समद अली(35) गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से रफाकत अली के पैर में गंभीर चोटों के चलते सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।वहीं खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम ग्योड़ी निवासी जीतेंद्र(18)पुत्र राजेंद्र की बाईक दूसरी बाईक से टकरा गई जिसमें जीतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## बीजेपी नेताओं ने फूंका नीतीश कुमार का पुतला



**मौदहा हमीरपुर।** महिलाओं के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करने के मामले को लेकर आक्रोशित बीजेपी नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया।इस दौरान सदर विधायक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सहित बीजेपी के तमाम नेता मौजूद रहे। कस्बे के ब्लॉक गेट पर सदर विधायक डा.मनोज कुमार प्रजापति और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद की अगुवाई में बीजेपी नेताओं ने बीते दिनों बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा सदन में महिलाओं पर अभद्र करने को लेकर आक्रोशित बीजेपी नेताओं और पदाधिकारियों ने नीतीश कुमार का पुतला दहन किया।और नीतीश कुमार से इस्तीफा देने की माह की,साथ ही बताया कि नीतीश कुमार ने महिलाओं के प्रति ऐसा बयान देकर महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता जता दी है।इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा और किसान मोर्चा सहित अन्य संगठनों के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाजारों में रही धनतेरस की धूम



**मौदहा हमीरपुर।** नगर मौदहा में धनतेरस के त्यौहार में लोगों ने जमकर खरीदारी की ज्वेलरी, कपड़े, बर्तन ,इलेक्ट्रॉनिक आइटम, साइकिल और टू व्हीलर बाइक के शोरूम में दिनभर ग्राहकों का ताता लगा रहा बैंकों की शाखा में भी शनिवार से बंद होने के कारण काफी भीड़ रही देवी चौराहा से माली कुआं चौराहा तक प्रशासन के द्वारा रोड वनवे कर दिया गया बर्तन के दुकानदारों द्वारा टेंट लगवा कर बड़ी-बड़ी दुकानें सजाई गई सोने चांदी के ऊंचे दाम होने के बावजूद ज्वेलरी की दुकानों में सुबह से रात तक ग्राहकों की भीड़ रही यूं तो दिवाली रविवार को मनाई जाएगी लेकिन दिवाली का संपूर्ण त्योहार पांच दिनों का होता है जिसकी शुरुआत धनतेरस शुरू से होकर भैया दूज पर समाप्त होता है धनतेरस के दिन धन्वंतरी भगवान का जन्मदिवस मनाया जाता है।

## दीपावली पर्व हैं हिंदुओं का एक उत्सव पर्व



**सोनभद्र/ब्यूरो।** शुक्रवार को साई हॉस्पिटल कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में दीपावली के उपलक्ष्य पर रंगोली का कार्यक्रम किया गया। जिसमें संस्थान की डायरेक्टर वरिष्ठ स्त्री प्रसूति डॉक्टर अनुपमा सिंह द्वारा रंगोली में भाग लिए नर्सिंग/फॉर्मेसी के छात्र/छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। छात्र/छात्राओं ने बनाई हुई रंगोली के संबंध में उल्लेख भी किया तथा दीपावली क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में बताया व रंगोली कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम तथा डी फार्मा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया डायरेक्टर द्वारा रंगोली कार्यक्रम में प्रतिभाग लिए छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया, प्रथम पुरस्कार बी0एस0सी प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार डी0 फार्मा द्वितीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार बी0एस0सी चतुर्थ सेमेस्टर छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर एंजेलिन बिट्टी, फार्मेसी एच0ओ डी0 विकास चतुर्वेदी, रागिनी श्रीवास्तव, दिव्यांशी बॉस, अवनीश पांडे, विनय पांडे, रूपम मसीह तथा समस्त छात्र/छात्राएं और स्टाफगण उपस्थित रहे।

## गैगेस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बाँदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछितों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.11.2023 को थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर के धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र भूरा उर्फ भोला प्रसाद निवासी नरौली थाना पैलानी जनपद बांदा को मुखबिर की सूचना पर भूरागढ़ केन नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र भूरा उर्फ भोला प्रसाद निवासी नरौली थाना पैलानी है।


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली
और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ संगम मिश्रा
चेयरमैन
सेंट्रल अकादमी ग्रुप्स ऑफ़ स्कूल्स, भारत
वरिष्ठ बीजेपी नेता, इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली
और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ वीके सिंह
वरिष्ठ बीजेपी नेता
जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली
और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कायस्थ पाठशाला चुनाव 2023 - अध्यक्ष पद प्रत्याशी
डा. सुशील कुमार सिन्हा
आपके सहयोग एवं आशीर्वाद
का आकांक्षी
डॉ सुशील सिन्हा
निदेशक द्वारिका अस्पताल
बीजेपी नेता
प्रत्याशी अध्यक्ष पद हेतु : कायस्थ पाठशाला


सभी देश व प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली
और भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ पंकज त्रिपाठी
वरिष्ठ समाजसेवी
बीजेपी नेता इलाहाबाद लोकसभा प्रयागराज